ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 11:54 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 जून 2025
वर्ष 6, अंक 66, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत 12

बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा की अध्यक्ष 14

# अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20% आरक्षण

## पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा कोटा

- आयु में तीन वर्ष की छूट के साथ सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी समेत सभी वर्गों पर लागू
- अग्निवीरों को इतने आरक्षण की व्यवस्था देने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि इस निर्णय से न केवल पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिले, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल मिले। कैबिनेट में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन को रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। गौरतलब है कि, अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे।

इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। खास बात यह कि जहां केंद्र सरकार और हरियाणा और ओडिशा जैसे कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर बड़ा उदाहरण पेश किया है।

इस निर्णय की जानकारी लोकभवन में पत्रकारों से साझा करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी।



**पासिंग आउट परेड :** 197 अग्निवीर जवानों ने 31 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। मंगलवार को वाराणसी के गोरखा ट्रेनिंग सेंटर में सभी ने कर्तव्य पालन की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में जवानों के कदमताल से ट्रेनिंग कैंपस गूंज उठा।

### योगी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण
- पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति
- तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को स्वीकृति
- दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति का लाभ प्रदान करने को मंजूरी
- नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत
- एक जिला-एक उत्पाद योजना की नई नीति 2.0 को मंजूरी मिली
- शहरों में हरियाली को बढ़ावा देने को अर्बन ग्रीन नीति पर मुहर

### अपने घर को बना सकेंगे पर्यटकों के लिए स्टे होम, योजना स्वीकृत

**लखनऊ।** अगर आपका वन रूम सेट फ्लैट या मकान खाली पड़ा है तो इसे आप पर्यटकों के लिए स्टे होम बनाकर मुनाफा कमा सकते हैं। राज्य सरकार ने कैबिनेट से मंगलवार को जिस नीति को हरी झंडी दिखाई है उसके तहत अब धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 750 रुपये तक जबकि शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कैबिनेट में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दी गई। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। पर्यटक लगातार 7 दिन तक यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल कराना होगा। अनुमति डीएम और एसपी-एसएसपी की अगुवाई वाली कमेटी देगी।

## पाकिस्तान ने आठ घंटे में ही टेक दिए थे घुटने

पुणे, एजेंसी



- सीडीएस चौहान बोले-नुकसान नहीं बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। कहा कि पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा था लेकिन भारत उसे आठ घंटे में ही घुटने पर ला दिया।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में संबोधन में जनरल चौहान ने यह बात स्वीकार करने के लिए हो रही अपनी आलोचना को खारिज किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में भारत ने बड़ी संख्या में लड़ाकू जेट विमान खो दिए। उन्होंने कहा कि जब मुझसे हमारी क्षति के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। सीडीएस ने कहा कि युद्ध में यदि नुकसान भी होता है, तो आपको अपना मनोबल बनाए रखना होता है। कहा कि नुकसान नहीं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं।

जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जाए। संघर्ष विराम पर कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटे तक जवाबी कार्रवाई करने की योजना बनाई थी, जो आठ घंटे में ही धराशायी हो गई। भारत के हमलों के चलते पाकिस्तानी पक्ष ने बातचीत की इच्छा जताई। चौहान ने कहा कि 10 मई की रात करीब एक बजे पाकिस्तान ने 48 घंटे में भारत को शिकस्त देने का लक्ष्य बनाया और हमले किए।

## एक नजर

### संसद के विशेष सत्र की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिन्दूर या आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की कोई संभावना नहीं है, अलबत्ता अगले माह शुरू होने वाले मानसून सत्र में इन दोनों विषयों पर किसी स्वरूप में चर्चा हो सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार संसद का मानसून सत्र, आगामी आठ या 10 जुलाई से शुरू हो कर अगस्त मध्य तक चलने की संभावना है। मानसून सत्र में करीब एक माह का समय रह गया है। इसलिए ऑपरेशन सिन्दूर हो या आपातकाल के 50 वर्ष, अलग से सत्र बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### आतंकियों से संबंध रखने में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया। तीनों जेल में बंद हैं।

### ओडिशा में विस्फोटकों के गोदामों पर छापा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुलिस ने मंगलवार को तीन जिलों में विस्फोटकों के गोदामों पर छापेमारी कर विस्फोटक अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने सुंदरगढ़ जिले में माओवादियों द्वारा लूटी गई 2.5 टन से अधिक विस्फोटक बरामद किया था।

## छह लड़कियां यमुना में डूबीं, 4 की मौत

- मंगलवार को आगरा जिले के थाना सिकंदरा क्षेत्र में हुआ हादसा
- मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन, दो की हालत गंभीर

आगरा, एजेंसी

### रास्ता खराब होने से नहीं पहुंच सकी एंबुलेंस

सूचना पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एडीशनल पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन दो लड़कियों को बचाया गया, उन्हें प्रभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गांव का रास्ता ठीक न होने के कारण एंबुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। लोगों को निजी बाइक से ही लड़कियों को अस्पताल ले जाना पड़ा।

आगरा जिले में मंगलवार की सुबह हुए एक बड़े हादसे में यमुना नदी में नहाने गईं छह लड़कियां डूब गईं। इनमें से दो लड़कियों को बचा लिया गया जबकि चार अन्य की डूबने से मौत हो गई।

यह हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम नगला नाथू में हुआ। मृत लड़कियों की आयु नौ से 18 साल के बीच बताई गई है। सभी एक ही परिवार के भाइयों की संतानें थीं। मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन थी। स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें नदी से निकाला। बचाई गई दो लड़कियों की हालत गंभीर है, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे से पूरा गांव शोकाकुल है।

बताया गया है कि थाना सिकंदरा के गांव नगला नाथू की 7-8 लड़कियां सुबह 10 बजे के करीब यमुना नदी में नहाने पहुंच गईं। यह गांव नदी से बमुश्किल आठ सौ मीटर दूर है। लड़कियों ने नदी किनारे मोबाइल फोन से रीलें भी बनाई। नदी में नहाने के दौरान लड़कियां गहरे पानी में डूबने लगीं, उनका शोर सुनकर थोड़ी दूर स्थित खेतों मे काम कर रहे किसान नदी की ओर दौड़ पड़े। गांव के ही कुछ गोताखोरों ने लड़कियों को बचाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, तब तक चार की सांसें थम चुकी थीं। मृत लड़कियां एक ही परिवार के भाइयों की बेटियां थीं और आपस में चचेरी बहनें थीं।

## मोदी करेंगे छह को कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का लोकार्पण

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं।

## अमरोहा में पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष के बेटे ने गोली मार की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से मारी गोली, दिल्ली में सीए की पढ़ाई कर रहा था अश्वनी

**अमृत विचार :** बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त वह घर पर अकेला था। बसपा नेता अपनी पत्नी व बेटी के साथ मेरठ दवाई लेने गए थे। पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना कर रिवाल्वर के अलावा अश्वनी का लैपटॉप और मोबाइल सील कर शव को पोस्टमार्टम कि लिए भेजा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी प्रथम निवासी बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम अवतार सिंह वर्तमान में मुरादाबाद मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी हैं। उनकी बेटी शिवानी और बेटा अश्वनी दिल्ली में रहकर पढ़ाई करते थे। सीए कर रहे अश्वनी का इस साल फाइनल था। फिलहाल दोनों भाई- बहन घर आए थे। राम अवतार और उनकी पत्नी किरन लता सोमवार दोपहर बेटी शिवानी के साथ दवाई लेने मेरठ गए थे। अश्वनी घर पर अकेला था। रात करीब 10:30 बजे वे लौटे तो गेट भीतर से बंद था। दूसरी चाबी से गेट खोलकर सभी घर की दूसरी मंजिल पर चले गए।



अश्वनी (फाइल)

शिवानी प्रथम तल पर बने कमरे में पहुंची तो अश्वनी का खून से लथपथ शव देख चीख पड़ी। उसके पास राम अवतार की लाइसेंसी रिवाल्वर पड़ी थी। दाईं कनपटी से सटाकर मारी गई गोली सिर के पार हो गई थी। बेटी की चीखें सुनकर राम अवतार और किरन लता भी नीचे आ गए। सूचना मिलते ही सीओ सिटी शक्ति सिंह, इंस्पेक्टर पंकज तोमर मौके पर पहुंचे। एएसपी एके भदौरिया ने भी मुआयना किया।

## लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित

सरकार ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित किए, जिसमें स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों में कुल सीट में से एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, भोटी और पुरगी भाषा को लद्दाख में आधिकारिक भाषा बनाया गया है। इस कदम का उद्देश्य स्थानीय हितों की रक्षा करना है। सरकार द्वारा जारी की गई कई अधिसूचनाओं के अनुसार, नौकरियों तथा स्वायत्त परिषद में आरक्षण, अधिवास और भाषाओं से संबंधित नीतियों में किए गए बदलाव मंगलवार से प्रभावी हो जाएंगे। नए नियमों के तहत, जो लोग केंद्र शासित प्रदेश में 15 साल की अवधि तक निवास कर चुके हैं या सात साल तक अध्ययन कर चुके हैं और यहां के किसी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं, वे किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकरण के तहत नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए लद्दाख के मूल निवासी होंगे। केंद्र के अधिकारियों, अखिल भारतीय सेवा, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वैधानिक निकायों के अधिकारियों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अधिकारियों, जो 10 वर्षों तक लद्दाख में सेवा कर चुके हैं, उनके बच्चे भी अधिवास के लिए पात्र हैं।

## सशस्त्र बल कर्मियों की गोपनीयता बनाए रखें

- मीडिया कवरेज पर रक्षा मंत्रालय ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों की गतिविधियों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है।

मीडिया की भागीदारी जनता को सूचित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की बेहतर समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के संदर्भ में, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी लोगों की नज़रों में आए हैं। बयान में कहा गया कि मंत्रालय के ध्यान में आया है कि पेशेवर कवरेज अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जीवन तक पहुंच गया है।

### आईपीएल का फाइनल



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-2025 टी-20 फाइनल क्रिकेट मैच से पहले समापन समारोह के दौरान प्रस्तुति देते गायक शंकर महादेवन, सिद्धार्थ महादेवन, शिवम महादेवन और अन्य लोग। • एजेंसी

## सरकार ने नियुक्त किए 12 अपर महाधिवक्ता

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट में करेंगे सरकार के मामलों की पैरवी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए 12 अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

इस आशय की सूचना विशेष सचिव लोकेश नागर ने प्रदेश के महाधिवक्ता के साथ-साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक और लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक को भेजी है। इलाहाबाद के लिए सात जबकि लखनऊ पीठ के लिए कुल पांच अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किए गए अधिवक्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्तागण अमित सक्सेना व अनूप त्रिवेदी के साथ अधिवक्तागण दुर्गाविजय सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह व कार्तिकेय सरन शामिल हैं। जबकि लखनऊ के लिए अधिवकतागण अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल व सूर्यमणि सिंह रैकवार को बतौर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

## अनुष्ठान का श्रीगणेश, देव प्रतिमाओं का किया गया शुद्धिकरण

### राम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन विधि-विधान से हुआ पूजन, प्रथम तल की तस्वीरें आईं सामने

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण में प्रथम तल पर राम दरबार समेत परकोटा के छह देव स्थलों पर मंगलवार को अनुष्ठान शुरू हुआ। मुख्य विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने सभी देव पीठ स्थलों पर सुबह 6:30 से विधि-विधान पूर्वक पूजन शुरू किया, जो पांच जून को सुबह 11 बजे तक होगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार पर मुख्य यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने वैदिक आचार्यों के साथ पूजन कराया। अलग-अलग देवालायों में गर्भगृह को वैदिक आचार्यों ने पवित्र जल समर्पित कर मूर्तियों का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान प्रारंभ किया। पहले दिन यज्ञशाला में 51 वैदिक आचार्य के द्वारा वेदी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व 1975 मंत्रोच्चारण से यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन से पूजन किया जा रहा है। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा, फिर मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू होगी।



ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को जारी की गई राममंदिर के प्रथम तल की तस्वीर।

### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बोले-प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। दर्शन करने को ही आएं।

### अनुष्ठान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना रहा वर्जित

राम मंदिर परिसर में आयोजित द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कर्मकांड आचार्य से लेकर इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों तक को मोबाइल व अन्य किसी भी प्रकार का समान ले जाना वर्जित किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे अनुष्ठान पर निगरानी रखी जा रही है।

## शहर में आज



☞ मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मिनी आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 9 :00 बजे

☞ गुरहट्टी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक दिन में 12 :00 बजे




## एक नजर

### मुरादाबाद एक्सप्रेस बने नमो फिट इंडिया के ब्रांड एंबेसडर



मुरादाबाद, अमृत विचार : पीतल नगरी के प्रसिद्ध अल्ट्रा मैराथन धावक और मुरादाबाद एक्सप्रेस के नाम से मशहूर जैनुल आबेदीन को नमो फिट इंडिया क्लब ने फिट इंडिया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैराथन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके ज़ैनुल आदेबीन को इस अवसर पर फिट इंडिया किट भेंट की गई। यह आयोजन एसडीएम सदर राम मोहन मीना व गोल्ड जिम के सहयोग से किया गया। ज़ैनुल आबेदीन अपनी तेज गति और अद्भुत सहनशक्ति के लिए पहचाने जाते हैं। अब वह अपने अनुभव और मार्गदर्शन से लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करेंगे। नमो फिट इंडिया क्लब और फिट इंडिया मिशन के तहत ज़ैनुल की यह भागीदारी युवाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में ज़ैनुल के नेतृत्व में फिटनेस से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान गोल्ड जिम की ओर से पंकज सचदेवा, मैनेजर सुरेंद्र सिंह समेत शामिल रहे।

### इंटरनेशल पावरलिफ्टिंग में सुनीता को दूसरा स्थान

मुरादाबाद, अमृत विचार : नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इंटरनेशनल हेल्थ स्पोर्ट्स एवं फिटनेस फेस्टिवल के तत्वाधान में आयोजित इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग लीग में महानगर की सुनीता पांडेय ने दूसरा स्थान पाया। इससे पहले भी सुनीता पांडे ने कई राज्यों में गोल्ड सिल्वर मेडल जीते हैं। फिर एक बार उन्होंने पीतल नगरी का नाम रोशन किया। सुनीता पांडेय का कहना है कि उम्र की सीमाओं को लांघकर अपने शहर प्रदेश और देश का नाम ऊंचाइयों पर ले जाना चाहती हैं। उन महिलाओं के लिए प्रेरणा बनना चाहती है जो महिलाएं अपनी प्रतिभा को घर की चार दीवारों में समेट के रह जाती है।

## ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर मंदिरों और घरों में हुई संकट मोचन हनुमान की पूजा

# सुन लो मेरी पुकार पवनसुत विनती बारंबार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर में पहुंचे भक्तों ने की सुबह की पूजा, आरती में हुए शामिल

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को मंदिरों व घरों में संकट मोचन हनुमान जी की पूजा अर्चना कर घर परिवार के लिए मंगलकामना की गई। रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर, हरथला स्थित हनुमान मंदिर व सिविल लाइंस स्थित मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। उन्होंने पूजा अर्चना कर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती में शामिल हुए।

ज्येष्ठ महीने के चौथे बड़े मंगलवार को मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए खूब भीड़ जुटी। मनोकामना मंदिर में सुबह से लेकर दोपहर तक व फिर शाम को भक्तों की लंबी कतार लगी रही। हरथला मंदिर में भी शाम को लंबी कतार में लगकर भक्तों ने हनुमान जी को चोला चढ़ाया। नारियल, बूंदी के लड्डू चढ़ाया। सिंदूर का लेप लगाकर आरती की। पुजारी ने सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। वहीं कई संगठनों की ओर से मंदिर भी आरती कर प्रसाद चढ़ाया गया। भंडारे में प्रसाद का वितरण राहगीरों को किया गया।



बड़े मंगल पर बुध बाजार में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।



हनुमान चालीसा पढ़ते पुजारी परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

### सभी भक्तों के संकट दूर करते हैं संकटमोचक हनुमान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा ज्येष्ठ माह के चौथा बडा मंगल पर श्री रामगंगा गोशाला कानून गोयन और श्री काली माता मंदिर देहरी गांव , हिन्दू संस्कार केन्द्र पर व लाइनपार स्थिति प्राचीन दुर्गा माता मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व हनुमान जी की आरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी आदि ने पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। कहा कि संकटमोचन हनुमान सभी भक्तों के संकट दूर करते हैं। इस दौरान पंडित विनीत शर्मा, नवल किशोर अवस्थी, राजू, महेंद्र, राघव दास, अनुज राजपूत, दिनेश कुमार सैनी, हरिओम मौजूद रहे।

## डॉ. सुनील दत्त होंगे जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार** मुरादाबाद के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील दत्त प्रजापति को बनाया गया है। वह इससे पहले वह कन्नौज के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्य कर रहे थे। हालांकि उन्होंने अभी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कंसल की 31 मई को सेवा पूरी हो गई थी। उनके खाली चल रहे पद पर वर्तमान में डॉ मनोज शर्मा कार्यवाहक सीवीओ का चार्ज दिया गया है।

# अतिक्रमण पर चली नगर निगम की जेसीबी

## गुरहट्टी से कोतवाली रोड, गंज बाजार, अमरोहा गेट आदि क्षेत्रों में चला अभियान, पुलिस बल मौजूद रहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सड़कों की पटरियों व सार्वजनिक नाले पर से हटाया गया अतिक्रमण
- मंगल का अवैध बाजार भी निगम की टीम ने नहीं लगने दिया सामान जब्त किया

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को महानगर में रोस्टर के अनुरुप गुरहट्टी चौराहे से कोतवाली रोड, गंज बाजार, अमरोहा गेट होते हुए मंडी चौक तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। जेसीबी से सड़क की पटरियों व सार्वजनिक नाले पर किए अतिक्रमण को तोड़ दिया। व्यापारियों के विरोध को दरकिनार करते हुए टीम ने कार्रवाई की।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार व प्रवर्तन दल के प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने अभियान चलाया। गुरहट्टी चौराहे से गंज बाजार तक सार्वजनिक नाले पर दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण पर जैसे ही जेसीबी चली कई दुकानदार इसके विरोध में आ गए। निगम के अधिकारियों ने दो टूक कहा कि कई बार अवसर देने के बाद भी अब निगम कार्रवाई कर रही है। सार्वजनिक नालों पर अतिक्रमण से उनकी सफाई में अड़चन हो रही है। बरसात से पहले हर हाल में नाला सफाई कर जलनिकासी का प्रबंध सुनिश्चित करना है। इसमें अड़चन डालने वालों पर कार्रवाई होगी। टीम ने टाउनहाल क्षेत्र में लगने वाले अवैध मंगल बाजार को भी नहीं लगने दिया। कई फड़ कारोबारी अपनी दुकानें सजा कर बैठे थे टीम ने उनका सामान जब्त कर ठेला भी उठा लिया। वहीं टीम ने अमरोहा गेट चौराहे पर कुंआ पाटकर किए अतिक्रमण को भी जेसीबी से ध्वस्त कराया। चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा करने पर चालान काटकर जुर्माना भी वसूला जाएगा। हिदायत दी कि महानगर के किसी भी क्षेत्र में अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



कोतवाली के सामने अवैध दुकानें हटवाते निगम कर्मी। ● अमृत विचार



दुकान से सामान हटाता दुकानदार।

## नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण कार्यों में लापरवाही देख गुस्साए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बोले- जहां कमियां मिलें उसे तत्काल दुरुस्त कराएं

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने मंगलवार को महानगर के प्रमुख मार्गों, ग्रीन बेल्ट आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कई जगह किए गए कार्यों की रेलिंग टूटने पर नाराजगी जताई। काम के बाद छोड़े गए विध्वंस सामग्री को तत्काल हटाने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त ने ग्रीन बेल्ट में नियमित सफाई कराकर पेड़ पौधों की देखभाल व स्वच्छता अभियान सामग्री को संरक्षित करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी अपर नगर आयुक्त व अन्य नोडल अधिकारी अपने जोन में नियमित भ्रमण कर कार्य की निगरानी करें। जहां कमियां मिलें उसे तत्काल दुरुस्त कराएं। लापरवाही पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार, आशुतोष राय, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, मुख्य अभियंता निर्माण दिनेश चंद्र सचान, पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल। ● अमृत विचार

# जांच में लापरवाही पर बीईओ का एक दिन का वेतन रोकने की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- बीएसए बोले- स्कूल के समय कार्यक्रम करने वाले व उसमे शामिल होने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** बीएसए ने समय से जांच न करने के मामले में बीईओ का एक दिन वेतन रोकने की संस्तुति की है। दिए गए समय के बाद भी बीईओ छजलैट (कांठ) ने शिक्षकों द्वारा विद्यालय के समय से गायब होकर बिना परमिशन लिए कार्यक्रम करने के मामले की जांच नहीं सौंपी थी। जिसके बाद दो रिमाइंडर भी दिए गए थे। हालांकि ठाकुरद्वारा बीआरसी केंद्र के भी इसी तरह के मामले में बीईओ ने जांच आख्या शुक्रवार को बीएसए कार्यालय में जमा कराई है।

छजलैट ब्लॉक के हकीमपुर कंपोजिट विद्यालय के अध्यापक कपिल सिरोही ने विद्यालय में पढ़ाई के समय में बिना छुट्टी लिए और बिना परमिशन लिए एक निजी शादी हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें कई स्कूलों के अध्यापक भी बिना बताए शामिल हुए थे। जिसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी छजलैट विकास कुमार को सौंपी गई। जांच को सात दिन का समय दिया गया था। समय से रिपोर्ट न देने के मामले में बीईओ छजलैट ने कई बार रिमाइंडर देने के बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं दी। जिसे लेकर बीएसए ने उनका एक दिन वेतन रोकने की संस्तुति की है। 12 अप्रैल को बीआरसी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में कई विद्यालय के अध्यापक बिना जानकारी दिए और बिना अनुमति लिए कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जिससे बच्चों की पढ़ाई में अवरोध प्रकट होने और शिक्षा विभाग की नियमावली के अनुसार अनुशासनहीनता करने के दोनों मामलों की मुख्यमंत्री से कुढा मीरपुर के अनुदेशक राहुल वर्मा ने 2 मई को शिकायत की थी। जिसके बाद 5 मई को दोनों मामले में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश सिंह ने जांच सौंपते हुए सात दिन में रिपोर्ट मांगी थी। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा मोहित कुमार ने दी गई जांच रिपोर्ट में अनुशासनहीनता करने वाले शिक्षकों द्वारा कई बार रिमाइंडर देने के बाद भी स्पष्टीकरण नहीं देने की बात कही है। बीएसए ने बताया कि विद्यालय के समय गैरहाजिर रहने वाले अध्यापकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### सीडीओ ने डीपीआरओ से मांगा शिकायतों का लेखा- जोखा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने अब पंचायत राज विभाग का लेखा जोखा मांगा है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से बिना एफेडेविट की आने वाली शिकायतों के निस्तारण की रिपोर्ट के साथ ग्राम प्रधानों और सचिवों के खिलाफ 2016 से अब तक लंबित ऑडिट के मामले निस्तारित न होने की वजह पूछी है। सीडीओ ने डीपीआरओ को पत्र लिखकर विभाग पंचायत राज से जुड़ी समस्या और शिकायतों को लेखा जोखा मांगा है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायतों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण कर शिकायतकर्ता को उसकी शिकायत का निस्तारण क्या हुआ उसे जरूर बताएं।

## पूर्व रोटरी गवर्नर दिनेश बने प्री-लीड चेन्नई कॉन्फ्रेंस के सह-अध्यक्ष

**मुरादाबाद , अमृत विचार:** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3100 के पूर्व गवर्नर दिनेश कुमार शर्मा को तमिलनाडु के चेन्नई शहर में आगामी 22 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाली प्री-लीड 2025 रोटरी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की संचालन समिति में सह-अध्यक्ष (सीओ चेयर मैन ) नियुक्त किया गया है। इसमें में भारत सहित विभिन्न देशों से 7000 से अधिक रोटेरियन भाग लेंगे।



दिनेश कुमार शर्मा।

सम्मेलन का उद्देश्य रोटरी इंटरनेशनल की भावी दिशा, सेवा क्षेत्रों में नवाचार, और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका पर विचार करना है। यह आयोजन भारत में होने वाले प्रमुख रोटरी सम्मेलनों में से एक है। आगामी गवर्नर डॉ काव्य सौरभ रस्तोगी के बताया कि यह टीम की उभरती हुई साख का प्रतीक है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट 3100 के पूर्व गवर्नर सीए दीपक बाबू, संजीव रस्तोगी, बीएस. माथुर समेत कई रोटेरियन ने बधाई दी।

# क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रुक्मणि चैलेंजर्स व दुर्गा डैजलर्स ने दर्ज की जीत



जीत के बाद अतिथियों के साथ दुर्गा डैजलर्स की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मिनी आईपीएल सीजन-2 मैन ऑफ द मैच रहे कैफ व कृष्णा

**अमृत विचार:** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान में चल रहे मिनी आईपीएल सीजन-2 में मंगलवार को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। रुक्मणि चैलेंजर्स व दुर्गा डैजलर्स ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

मंगलवार को पहला मैच टीएनएम टाइटंस गाजियाबाद और रुक्मणि चैलेंजर्स के बीच हुआ। जिसमें टॉस जीतकर टाइटंस की टीम 27 ओवर में 117 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अक्षू ने 42 गेंदों में 36 और अदनान ने 28 गेंदों में 19 रन बनाए। रुक्मणि के कैफ ने 4 व मो. अरीब ने 3 विकेट लिए। रुक्मणि ने 20.3 ओवर में ही 117 रन बना लिए। अरीब कमाल ने 74 गेंदों में 59 और कैफ ने 44 गेंदों में 43 रन बनाकर टीम को शानदार जीत दिलाई। टीएनएम के कबीर ने एकमात्र विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच कैफ व गेम चेंजर अरीब कमाल बने।

दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुर्गा डैजलर्स ने जेपीसीए सनराइजर्स देहरादून के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम ने 30 ओवर में 3 विकेट पर 262 रनों का स्कोर खड़ा किया। कृष्णा ने 45 गेंदों में 66 रन और शिवम ने 34 गेंदों में 56 रन की तेज पारी खेली। देहरादून के सभ्य को 2 और अर्श को 1 विकेट मिला। जवाब में जेपीसीए सनराइजर्स देहरादून की टीम सिर्फ 24 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। साकेत ने 26 गेंदों में 29 रन और सिद्धार्थ ने 12 गेंदों में 22 रन बनाए। दुर्गा के लिए अनिकेत और यथार्थ ने 2-2 विकेट लेकर जीत सुनिश्चित की। मैन ऑफ द मैच कृष्णा और गेम चेंजर शिवम बने। इस दौरान मॉडर्न पब्लिक स्कूल के निदेशक सऊद आलम, प्रधानाचार्य शकील, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दिकी, मिर्जा दानिश आलम समेत अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## तापमान कम फिर भी गर्मी से राहत नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अधिकतम तापमान में कमी के बाद भी उमस बरकरार रही। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा। लोग दिन में धूप में बाहर निकले तो बेचैन रहे। बिजली की आवाजाही से लोगों की परेशानी और बढ़ी।

मंगलवार को तापमान में कमी के बाद भी गर्मी व उमस बरकरार रही। न्यूनतम 24 और अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दोपहर में धूप तेज होने से जरूरी काम से बाहर निकले इससे बचने की जतन करते रहे। राहत के लिए पेड़ों की छांव का सहारा लिया। वहीं गर्मी में प्यास बुझाने व एनर्जी के लिए लोगों ने ठंडे पानी के अलावा नींबू पानी, बेल व गन्ने का रस का सेवन किया। इनके ठेले पर लोगों की भीड़ रही।

उपलब्धि | धर्मशाला में आयोजित प्रशासनिक परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से हुई नियुक्ति

# नीरज विनोद खन्ना बने हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के नए अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में मंगलवार को हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद की प्रशासनिक परिषद (काउंसिल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन) की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान परिषद के उपाध्यक्ष व युवा उद्यमी समाज के प्रमुख संरक्षक डॉ. नीरज विनोद खन्ना को सर्वसम्मति से एचपीसीएच के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।

डॉ. नीरज विनोद खन्ना की इस नियुक्ति को भारतीय हस्तशिल्प उद्योग के लिए प्रेरणास्पद और दूरदर्शी निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। वे न केवल हस्तशिल्प निर्यात के क्षेत्र में कई वर्षों का अनुभव रखते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने तथा भारतीय कला एवं शिल्प को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए भी समर्पित हैं। इस दौरान परिषद के सदस्यों, हस्तशिल्प निर्यातकों और इस क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रतिनिधियों ने डॉ. नीरज खन्ना को बधाई दीं। सभी ने आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में एचपीसीएच नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा।

ईपीसीएच के नए अध्यक्ष के रूप में डॉ. नीरज विनोद खन्ना की नियुक्ति से भारतीय हस्तशिल्प उद्योग में नए जोश और उम्मीद की लहर दौड़ गई है। इस बैठक में ईपीसीएच के मुख्य मार्गदर्शक एवं अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण एवं यातायात परिषद (आईईएमएल) के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, वर्तमान अध्यक्ष दिलीप, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार मल्होत्रा, रवि पासी, ओपी प्रहलादका, क्षेत्रीय संरक्षक नजमुल इस्लाम, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोएशिन के अध्यक्ष व प्रशासनिक परिषद के सदस्य नवेदुर्रहमान, महासचिव अवधेश अग्रवाल, प्रशासनिक परिषद के सदस्य सलमान आज़म, प्रिन्स मलिक, राजेश जैन, कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा तथा अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक राजेश रावत समेत सभी अधिकारियों और प्रशासनिक परिषद के सदस्य शामिल रहे।



ईपीसीएच का चेयरमैन बनने पर डॉ. नीरज खन्ना को बधाई देते निर्यातक।



भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा और निर्यातकों के हितों की सुरक्षा एवं प्रोत्साहन के लिए नई योजनाओं को कार्यान्वित करूंगा।

– **डॉ. नीरज विनोद खन्ना**, अध्यक्ष ईपीसीएच



डॉ. नीरज खन्ना ने जिस तरह से हैडीक्राफ्ट्स निर्यात को आगे बढ़ाया है, वह अपने आप में एक मिसाल है। उनकी कड़ी मेहनत और लगन के की वजह से यह संभव हो पाया है। उनका ईपीसीएच का अध्यक्ष बनना पीतल नगरी के निर्यातकों के लिए गर्व की बात है।

**नवेद खान**, निर्यातक



ईपीसीएच का अध्यक्ष बनने पर डॉ. नीरज खन्ना को मुबाकरबाद। उनके अध्यक्ष बनने से निर्यातकों काफी उत्साह है। हमें उम्मीद है कि नीरज खन्ना पीतल नगरी के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। युवा पीढ़ी प्रोत्साहित होगी तो और शानदार काम होंगे। युवाओं को काफी आशाएं हैं।

–**आकांक्षा**, निर्यातक

## राजेंद्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान से सम्मानित होंगे रामदत्त द्विवेदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 12 जून को आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा सम्मान

**अमृत विचार:** मुरादाबाद मंडल के साहित्य के प्रसार और संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से वयोवृद्ध हिन्दी साहित्यकार रामदत्त द्विवेदी को राजेंद्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।



रामदत्त द्विवेदी।

यह जानकारी संस्थान के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने दी। बताया कि यह सम्मान दिवंगत साहित्यकारों की जयंती/ पुण्यतिथि पर आयोजित सम्मान समारोह की श्रृंखला में 12 जून को आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज मिलन विहार में शाम 4:00 बजे साहित्यकार स्मृतिशेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग की जयंती पर आयोजित सम्मान समारोह व संगोष्ठी में प्रदान की जाएगी। योगेन्द्र वर्मा व्योम के संयोजन व जितेंद्र कुमार जौली के सह संयोजन में आयोजित होने वाले इस समारोह में स्मृतिशेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। उनके गीतों की प्रस्तुति होगी। इसके पहले संस्था स्मृतिशेष रामलाल अनजाना, स्मृतिशेष डॉ मक्खन मुरादाबादी, स्मृतिशेष पंडित सुरेन्द्र मोहन मिश्र और स्मृतिशेष पंडित मदन मोहन व्यास की स्मृति में आयोजन कर चुकी है। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकारों ओंकार सिंह ओंकार , त्यागी अशोका कृष्णम, सुरेश चंद्र शर्मा, रामावतार रस्तोगी को सम्मानित किया जा चुका है।

## आज का मौसम

हल्के बादल रहेंगे, कहीं मध्यम बारिश तो कहीं बौछार पड़ सकती है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| $35.0^{0}$ | $24.0^{0}$ |
| सूर्योदय 05 :17 | सूर्यास्त 07 :10 |

## एक नजर

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र से छात्रवृत्ति हासिल करने का मामला फिर तूल पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 2014 में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर ली गई छात्रवृत्ति के मामले ने दोबारा तूल पकड़ लिया है। हालांकि समाज कल्याण विभाग ने 2024-25 में छात्रा से ब्याज समेत धनराशि 2024 में जमा करा ली थी। अब शिकायतकर्ता महिला के विभाग पहुंचकर छात्रा पर कार्रवाई करने की मांग करने पर मामला फिर गरमा गया है। 2014 से लेकर 2017 तक एलएलबी की पढ़ाई करने वाली प्रियंका रानी ने अनुसूचित जाति के पवन कुमार गौतम से शादी की है। जिसके आधार पर प्रियंका रानी ने अपना भी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवा लिया था। जिसके आधार पर प्रियंका ने आवेदन किया और उसे 38 हजार 302 रुपए की छात्रवृत्ति दी गई। वर्ष 2023-24 में इस बात को लेकर प्रियंका रानी व समीक्षा अग्रवाल के झगड़े में समीक्षा ने प्रियंका के खिलाफ थाना सिविल लाइन में फर्जीवाड़ा कर छात्रवृत्ति लेने की तहरीर दी थी। छात्रा से 38 हजार 307 रुपये की छात्रवृत्ति के साथ उस पर ब्याज 56 हजार 319 रुपए मिलाकर कुल 94 हजार 626 रुपये की धनराशि जमा करा ली थी। समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि विभाग द्वारा छात्रवृत्ति की वसूली कर ली गई है।

### जूडो की इंटरनेशनल खिलाड़ी ने मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराए बयान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जूडो की इंटरनेशनल खिलाड़ी के मंगलवार को पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए। बयान दर्ज कराने के बाद खिलाड़ी देहरादून अपने घर लौट गई है। अब पुलिस कोच सतीश शर्मा को नोटिस भेजकर जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाएगी। उधर, जूडो फेडरेशन आफ इंडिया की तरफ नियुक्त जांच टीम किसी भी दिन आ सकती है। देहरादून निवासी जूडो की इंटरनेशनल खिलाड़ी के साथ छेड़छाड़ करने वाले मुरादाबाद के जूडो कोच व उत्तराखंड के जूडो एसोसिएशन के सेक्रेटरी सतीश शर्मा की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है। उधर खिलाड़ी के अनुसार उत्तराखंड के जूडो एसोसिएशन ने भी मामले का संज्ञान ले लिया है।

### कल पार्क में पौधरोपण करेगी गंगा समिति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजन के संबंध में मंगलवार को जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने डीएफओ सूरज कुमार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि 5 जून को कार्यशाला आयोजित होगी। डीएफओ को बताया कि 5 जून को लवकुश पार्क दीनदयाल नगर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### कलश यात्रा निकाली गई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजन नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम बहापुर मे मंगलवार को 9 दिवसीय भगवान श्री रामकथा प्रारंभ होने से पूर्व महिलाओं ने पांच गांव में ढोल नगाड़ों के साथ नंगे पैर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम के उद्घोष से क्षेत्र का माहौलभक्ति मय हो गया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार व स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी कीं गाइडलाइन, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की तैयारी

# कोविड संक्रमण को देखते हुए जिला अस्पताल में बढ़ी सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला अस्पताल की ओपीडी में लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में 10 और सीएचसी पर पांच-पांच बेड आरक्षित करने के निर्देश

**अमृत विचारः** देश के कई हिस्सों में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार व स्वास्थ्य मंत्रालय ने सतर्क रहने की गाइडलाइंस जारी की है। इसके बाद स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। जिला अस्पताल में सतर्कता बरती जा रही है। चिकित्सकों को मरीजों को कोविड से संबंधित सावधानियों की जानकारी देने के लिए निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी ने दिया है। कोविड के लक्षण दिखने वाले मरीजों की जांच कराने के बाद ही इलाज करने के लिए कहा है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि यह माइल्ड वायरस है। इसके लक्षणों में खांसी, जुकाम, बुखार और निमोनिया शामिल हैं। अस्पताल में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिला व महिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट मौजूद हैं। इनका नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का उपयोग करने की सलाह दी गई है। जिला अस्पताल में 10 बेड और सीएचसी में पांच-पांच बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा ऑक्सीजन सपोर्ट से लेकर वेंटिलेटर व अन्य उपकरणों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि शासन के निर्देश पर ऑक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर व अन्य उपकरण चेक किए, सभी दुरुस्त हैं। अस्पतालों व स्टोर में सभी सभी दवाएं उपलब्ध हैं। सीएचसी, पीएचसी व एडीशनल पीएचसी को मिलाकर 444 बेड हैं। कोरोना के इस वायरस का प्रसार अधिक हो सकता है, लेकिन अभी तक घातकता अधिक सामने नहीं आई है। देश में कहीं से भी मृत्यु के कोई मामले सामने आ रहे हैं तो उनमें ज्यादातर क्रानिक बीमारियां वजह निकल रही हैं।

#### आंकड़ों पर एक नजर

- नौ सीएचसी में 270 बेड की उपलब्धता
- 30 अतिरिक्त पीएचसी पर चार-चार बेड की उपलब्धता
- : 27 नगरीय पीएचसी पर दो-दो बेड की उपलब्धता है

#### यह बरतें सावधानियां

- सार्वजनिक स्थानों पर खासकर भीड़ वाले क्षेत्रों में मास्क जरूर पहनें।
- हाथों की स्वच्छता के लिए हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोएं या हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें।
- बुखार, खांसी या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें या अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में पहुंचकर इलाज कराएं

#### ऑक्सीजन की व्यवस्था



कोरोना के मरीजों को सबसे ज्यादा ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ती है। दूसरी और तीसरी लहर में ऑक्सीजन सिलेंडर की किल्लत रही थी। ऐसे में कई कोरोना मरीजों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिली। हालांकि, जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगा है। इस प्लांट से प्रति मिनट एक हजार लीटर ऑक्सीजन सप्लाई होती है।

### छत से गिरा पाइप बच्चे के सिर में लगा, मौत

**मुरादाबाद , अमृत विचारः** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंदरों के उछलकूद से छत पर गिरा पाइप नीचे खेल रहे बच्चे के सिर पर जा गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

थाना कटघर क्तक्षे के गांव देवापुर निवासी जयप्रकाश सैनी जिला पंचायत सदस्य है। इसके चचेरे भाई लाखन सिंह का टेंट का काम हैं। टेंट में लगने वाले लोहे के पाइप छत पर रखे हुए है। बताया गया कि मंगलवार की दोपहर लाखन सिंह का दो वर्षीय बेटा आरभ आंगन में खेल रहा था। तभी बंदर छत पर आ गए और उछलकूद करने लगे। बंदरों के उछलकूद से टेंट का पाइप गिर गया। पाइप आरभ के सिर पर आकर गिरा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन मासूम को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लेकर आए। जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

### चिकित्सक पर लगाया लापरवाही में एनेस्थीसिया की ओवरडोज देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराते सीओ कटघर अशीष प्रताप सिंह।

- डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई को लेकर दी तहरीर



मृतक राम रतन सिंह।

**अमृत विचारः** गलशहीद थाना क्षेत्र के प्रिंस रोड स्थित एक निजी अस्पताल में एक व्यक्ति को रविवार को एक्सीडेंट के बाद भर्ती कराया गया था। उनका पैर फ्रैक्चर हो गया था। सोमवार रात घायल की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। मृतक के बेटे ने डॉक्टर के खिलाफ गलशहीद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव भूजपुर मान निवासी राम रतन सिंह (48) दो दिन पहले मूंढापांडे में अज्ञात वाहन से हादसे का शिकार हो गए थे। रविवार को परिजनों ने उन्हें गलशहीद थाना क्षेत्र के प्रिंस रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उनका पैर फ्रैक्चर हो गया था। सोमवार की देर रात 8 बजे स्टाफ उन्हें ऑपरेशन थिएटर में ले गया। वहां हड्डी रोग विशेषज्ञ को उनके पैर का ऑपरेशन करना था। परिजन ऑपरेशन थिएटर के बाहर खड़े इंतजार कर रहे थे। काफी देर बीत जाने के बाद भी कोई हलचल न देख मृतक के बेटे भूपेंद्र सिंह और चचेरे भाई किशन पाल ने ऑपरेशन थिएटर में जाकर देखा तो राम रतन सिंह की मौत हो चुकी थी।

इस बीच डॉक्टर व स्टाफ भाग निकले। परिजनों ने डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगा अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना के बाद क्षेत्राधिकारी कटघर अशीष प्रताप सिंह, गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी और कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराया। घटना के बाद अस्पताल के बाहर भीड़ इकट्ठा हो गई थी।

हंगामा कर रहे परिजनों ने मांग थी कि अस्पताल को सील कर लापरवाह डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए। परिजनों ने राम रतन सिंह की मौत का कारण नशे(एनेस्थीसिया) का ओवर डोज देना बताया है। जिसके बाद मृतक के बेटे भूपेंद्र सिंह ने आरोपी चिकित्सक व उसके स्टाफ के खिलाफ तहरीर दी। गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मृतक भूप सिंह के घर आज पहुंचेगा सपा का प्रतिनिधि मंडल

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने मुरादाबाद के लाइनपार की कॉलोनी मझोला लाइनपार निवासी भूप किशोर सैनी उर्फ पप्पू की दबंग व्यक्तियों द्वारा हत्या के शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल को उनके घर पहुंचने का निर्देश दिया है। सपा का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को भूप सिंह के घर पहुंचेगा।

प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जारी पत्र में प्रतिनिधिमंडल में सपा के मुरादाबाद जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, सांसद देवेश शाक्य ,सांसद नीरज मौर्या, विधायक राम अवतार सैनी, प्रदेश सचिव, समाजवादी पार्टी उ.प्र. जयपाल सिंह सैनी ,पूर्व विधायक यूसुफ अंसारी, विशेष आमंत्रित सदस्य, समाजवादी पार्टी, उ.प्र. बच्ची सिंह सैनी, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, विधान सभा अध्यक्ष, मुरादाबाद नगर कमरूजमा सैफी,लाखन सिंह सैनी, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी वेद प्रकाश सैनी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

# किशोर को शादी में देख बाल गृह के फादर ने बुलाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बाल गृह से भागे दो किशोर में से एक मिला, दूसरे की तलाश

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोरा की मुस्तकम के बाल गृह से भागे दो किशोर में से एक मंगलवार को मिल गया। उसे पुलिस ने कांठ से पकड़ लिया है। किशोर भागकर अपने चाचा के घर पहुंचा था, लेकिन चाचा ने घर से निकाल दिया। बराबर में चल रहे एक शादी कार्यक्रम में जैसे ही वह खाना खाने के लिए घुसा तो बाल गृह के फादर ने देख लिया। पुलिस को बुलाकर उसे हिरासत में कराया। उधर, दूसरे किशोर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। वह बिलारी की ओर भागा है।

बीते दिनों एनजीओ के सचिव जयशंकर शर्मा कीर्ति शिक्षण संस्थान में लावारिस बच्चों को रखते हैं। इस बाल गृह में दिल्ली के मंगोलपुरी सुलतानपुरी निवासी 12 साल का बच्चा 18 मई को लाया गया था। वहीं अमरोहा जिले के हसनपुर निवासी 12 वर्षीय किशोर 24 अप्रैल से रह रहा था। दो दिन पूर्व सुबह सात बजे यह दोनों छत के गेट पर लगा ताला तोड़कर लगे कटीले तारों को पार करके बराबर में निर्माणधीन मकान से होते हुए भाग गए थे। पुलिस ने सचिव जयशंकर के शिकायती पत्र पर केयर टेकर रविंद्र, हाउस फादर कौशल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उधर, मामले की गंभीरता को लेते हुए दोनों की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगा दी गई। अमरोहा जिले का किशोर भागकर कांठ में अपने चाचा के घर पहुंच गया, लेकिन चाचा ने उसे घर से निकाल दिया। उधर, किशोर बराबर में चल रहे शादी कार्यक्रम में मंगलवार को खाने खाने घुस गया। वहां बाल गृह के हाउस फादर कौशल मौजूद थे। उन्होंने किशोर को देख 112 पुलिस बुला ली। पुलिस ने किशोर को हिरासत में लिया । किशोर ने बताया कि दूसरा बिलारी में अपने रिश्तेदारी में चला गया है, लेकिन उसे भी यह नहीं पता कि रिश्तेदारी बिलारी में कहां पर है। पुलिस ने किशोर को किशोर न्यायालय में पेश किया है। अब पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। थाना सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि जल्द ही दूसरे किशोर को भी तलाश लिया जाएगा।

# 6 को यूपी पुलिस को मिलेंगे 34 नए डीएसपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बुधवार को पुलिस अकादमी में कराई जाएगी फुल ड्रेस रिहर्सल

**अमृत विचारः** यूपी पुलिस को 6 जून को 34 नए डीएसपी मिल जाएंगे। डॉ. भीमराव आंबेकडर पुलिस अकादमी में एक साल 15 दिन के कठिन प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को इनकी पासिंग आउट परेड होगी। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी संभावना है। उनके न आने पर डीजी ट्रेनिंग तिलोत्पमा वर्मा दीक्षांत परेड की सलामी लेंगी।

सिविल लाइंस स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी आगामी शुक्रवार को डीएसपी की पासिंग आउट परेड कराने जा रही है। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित हुए अभ्यर्थियों में से 36 को ट्रेनिंग के लिए अकादमी भेजा गया था। इनमें से दो अभ्यर्थी किसी कारण से बाद में ट्रेनिंग शुरू किए थे। शेष 34 डीएसपी 12 माह 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा कर लिए हैं। इसमें 9 महिला और 18 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। इन्हें आतंरिक और बाह्य विषयों को बारीकी से पढ़ाया गया। परीक्षा कराने के बाद गौरव उपाध्याय को सर्वांग सर्वोत्तम चुना गया है। जबकि आकांक्षा गौतम इनडोर और अवनीश कुमार सिंह आउट डोर टॉपर बने हैं। शुक्रवार को सुबह 8:40 बजे से होने वाली पासिंग आउट परेड में सम्मानित किया जाएगा। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि तैयारियां शुरू कर दी गईं।

### एसएसपी से निर्माण कार्य रुकवाने की शिकायत

**छजलैट, अमृत विचारः** एक व्यक्ति द्वारा अपना पैतृक आवास तोड़कर पुनः निर्माण करने पर गांव के ही एक व्यक्ति ने पुलिस से सांठ-गांठ कर मकान का निर्माण कार्य रुकवा दिया। शिकायत करने पर एसएसपी ने जांच के आदेश स्थानीय पुलिस को दिए हैं।

क्षेत्र के छजलैट निवासी सिराजुद्दीन पुत्र मुस्ताक अहमद का पैतृक मकान 80 वर्ष पुराना है। जिसे तोड़कर पुनः निर्माण करने पर गांव के इमरान अली ने हस्तक्षेप कर पुलिस द्वारा न्यायालय के स्थगनादेश के बिना ही निर्माण कार्य रुकवा दिया है। मकान मालिक मुस्ताक अहमद ने एसएसपी मुरादाबाद को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसे धमकाया जा रहा है कि नया मकान निर्माण नहीं करें और पुराने द्वार को भी बंद कर ले।

# संगठन सृजन अभियान को मजबूत करने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



महानगर कार्यालय पर मासिक बैठक में पहुंचे प्रभारी विजय शर्मा व मोहम्मद तारीक।

- कांग्रेस महानगर कार्यालय पर मासिक बैठक में पहुंचे प्रभारी विजय शर्मा व मोहम्मद तारीक

**अमृत विचारः** महानगर कांग्रेस पार्टी की मासिक बैठक मंगलवार को चौमुखापुल स्थित कार्यालय पर हुई। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ने की। बैठक में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आगामी रणनीति और कार्यशैली पर विचार विमर्श किया गया।

कोऑर्डिनेटर प्रभारी विजय शर्मा और प्रकोष्ठ/फ्रंटल प्रभारी मोहम्मद तारिक ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व का लक्ष्य प्रत्येक गांव और नगर में बूथ स्तर तक सक्रिय नेताओं की एक मजबूत टीम तैयार करना है। महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम उर्फ बंटी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। पार्टी एकजुट होकर जनता की समस्याओं के लिए संघर्ष करेगी और भ्रष्टाचार व महंगाई के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाएगी। कहा कि संगठन को नेताओं से ऊपर प्राथमिकता दी जाएगी और घर-घर जाकर कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर फहीम मिर्जा, अशोक कपूर, नज़ाकत ठेकेदार, पार्षद मोअज्जम़ अली, जुनैद, परवेज इस्लाम, नदीम उद्दीन कातिब, कमर सलीम, मुशाहिद चौधरी, सद्दाम हुसैन, एडवोकेट फहीम, इफ्तेखार मोहम्मद, हाजी वसीम, रेहान अहमद, अफसर अंसारी, अनुराग शर्मा, मुर्सलीन खान, गोसिया साबिर, प्रमोद कौशिक, सोनी सैफी, सलमान मंसूरी, शरीफ घोसी, मोहम्मद रफी, जगदीश सिंह सरदार, बन्ने पहलवान, जहीम चौधरी, सीमा सहगल, हितेश भटनागर, दानिश कुरैशी, ज़ाकिर पहलवान, राजीव कुमार शर्मा, जावेद अंसारी, मोहम्मद शादान, अदनान मलिक, सुहैल परवेज, मौलाना शकील, नाज़िम अली, रईसुल कलाम, हाजी जुबैर अंसारी, अमान खान, महफूज उर्फ राजा, कृपाल सिंह, मोहम्मद यूनुस समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

# योग से रहते हैं संतुलित



गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में योगाभ्यास करतीं छात्राएं व शिक्षिकाएं।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गोकुल दास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में किया आयोजन

**अमृत विचारः** गोकुल दास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम के अंतर्गत क्रीड़ा विभाग द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इसकी शुरुआत प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा ने किया।

उन्होंने कहा कि योग का निश्चित लक्ष्य स्वयं को संतुलित करना है। दूसरों को भी मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ करना है। बताया कि जीवन के छह जरूरी तत्व खाना, पीना, सोना, सांस लेना, सोचना तथा बैठने के तरीके को बदलकर हम खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के तरीके अपना सकते हैं। उन्होंने छह प्रकार के योग के बारे में भी बताया। वक्ताओं ने भद्रासन, हलासन, पश्चिमोत्तानासन, मकरासन आदि किया। संयोजन व संचालन क्रीडा विभाग की प्रभारी शिवानी गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रो. अंजना दास, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो. किरण साहू, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. किरण त्रिपाठी, प्रो. अनुराधा सिंह, प्रो. सुदेश, प्रो. करुणा आनंद, प्रो. प्रवीन सैनी, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. शैफाली अग्रवाल और डॉ. सविता अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

**सुगम यात्रा की तैयारी** | तीन मेलों में अब तक 52 लोग पहले पायदान पर पहुंचे , चालकों का कराया परीक्षण

# एक कक्ष में सिमटा भर्ती मेला 14 ने पार किया पहला चरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** रोडवेज परिक्षेत्र स्तर पर दो दिवसीय चालक भर्ती मेले के पहले दिन मंगलवार को सिर्फ 17 लोगों ने आवेदन किया। जिसमें 14 ने परिचालक की परीक्षा पास कर ली। परिक्षेत्र में 300 पदों पर भर्ती के सापेक्ष तीन बार लगे मेले में मात्र 52 लोगों ने चालक भर्ती की पहली परीक्षा पास की है। अब इन्हें दिल्ली शाहदरा बाद लोनी रोडवेज वर्कशॉप में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। सभी डिपो स्तर पर कमेटी बनाकर हर बुधवार को चालकों का परीक्षण कराया जा रहा है। जिसमें कम चालक विभिन्न डिपो से पहुंचे जिससे इस बार भर्ती मेला एक कक्ष में सिमट कर रह गया।

दो दिवसीय चालक भर्ती मेले के पहले दिन सिर्फ 17 लोगों ने चालक पद के लिए आवेदन किया। जिसमें दो के दस्तावेज अधूरे थे। 15 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र का सत्यापन कर प्रथम चालक परीक्षण लिया गया। जिसमें 14 ने फर्स्ट ड्राइविंग टेस्ट पास किया। निगम की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था में मुरादाबाद परिक्षेत्र के सभी डिपो पर प्रत्येक बुधवार को चालक पद के लिए परीक्षण लेने के लिए 17 मई को निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद डिपो पर लिए परीक्षण में पीतल नगरी से 7, मुरादाबाद डिपो 22, अमरोहा डिपो से 5, बिजनौर डिपो से 3 और रामपुर डिपो से 1 चालक ने प्रथम चालक परीक्षण पास किया है। अब तक कुल 52 लोगों आवेदन के चालक भर्ती का पहले पायदान पर पैर रखा है। क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि प्रथम चालक परीक्षा पास करने के बाद सभी को दिल्ली शाहदरा बाद लोनी रोडवेज वर्कशॉप में दूसरा परीक्षण पास करना होगा।

**300 पदों के लिए नहीं मिल रहे चालक :** परिक्षेत्र के रोडवेज डिपो पर चालकों की कमी पूरा करने के लिए भर्ती की प्रक्रिया के बाद भी चालक नहीं मिल रहे हैं। मंगलवार को चालकों के 300 पदों की भर्ती के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्यालय पर तीसरी बार भर्ती मेला लगा। जिसमें होर्डिंग लगाकर प्रचार प्रसार किया गया था। लेकिन कार्यालय परिसर में बने एक कक्ष में कार्यालय सहायक प्रथम के काउंटर पर ही भर्ती प्रक्रिया चली। इससे पहले लगे भर्ती मेले में टेंट और कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी।

#### वैष्णो देवी-गुवाहाटी समर स्पेशल के संचालन में विस्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन में विस्तार करने का निर्णय लिया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी स्पेशल ट्रेन और इसके रिवर्स रूट पर चलने वाली गाड़ी के फेरों में बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 04606 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से गुवाहाटी स्पेशल ट्रेन का संचालन 30 मई तक प्रस्तावित था, जिसे अब बढ़ाकर 6 जून से 11 जुलाई तक कर दिया गया है। इस अवधि में यह ट्रेन हर शुक्रवार को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से चलेगी। कुल 6 अतिरिक्त फेरे संचालित किए जाएंगे। वहीं ट्रेन संख्या 04605 गुवाहाटी से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल ट्रेन का संचालन 2 जून 2025 तक प्रस्तावित था, जिसे बढ़ाकर 9 जून से 14 जुलाई तक किया गया है। यह ट्रेन हर सोमवार को गुवाहाटी से रवाना होगी और कुल 6 फेरे और जोड़े जाएंगे। रेलवे द्वारा यह सुविधा यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दी गई है ताकि दूरदराज़ की यात्रा में सुविधा हो सके। मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद, बरेली और शाहजहांपुर स्टेशनों पर नियमित ठहराव रहेगा।

# चाइनीज मांझा बना जानलेवा, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रामपुर रोड पर बाइक सवारों के गले व चेहरा घायल
- प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम हो रही बिक्री



घायल अमित।

**अमृत विचारः** प्रतिबंध के बावजूद महानगर में जानलेवा चाइनीज मांझा खुलेआम बिक रहा है, जिससे जनमानस असुरक्षित है। ताजा मामला रामपुर रोड का है, जहां चाइनीज मांझे की चपेट में आकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

करूला जयंतीपुर निवासी मोहम्मद वामिस और बुद्धि विहार बैंक कॉलोनी निवासी अमित मंगलवार को बाइकों से रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास से गुजर रहे थे, तभी अचानक हवा में लटकता चाइनीज मांझा उनके गले और चेहरे से टकरा गया। मांझे की धार इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसमें अमित का चेहरा और हाथ बुरी तरह घायल हो गया। घायलों के साथ मौजूद मजहर अली ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रतिबंध के बावजूद यह जानलेवा धागा महानगर में धड़ल्ले से बेचा और इस्तेमाल किया जा रहा है। हम लोग बाइक से जा रहे थे, अचानक चाइनीज मांझा गले में आकर फंस गया। गनीमत है कि हमने समय रहते बाइक रोकी, वरना हादसा और भी बड़ा हो सकता था। मजहर अली ने बताया कि घायल वामिस और अमित को तुरंत ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया गया।

## एक नजर

### नगर मेला कमेटी के संयोजक का निधन

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के झंडा चौक निवासी समाजसेवी नरेंद्र चंचल( 40 ) का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर राजनेता व व्यापारी शोक संवेदना देने पहुंचे। नरेंद्र नगर मेला कमेटी के संयोजक के अलावा उद्योग व्यापार मंडल में संगठन मंत्री और औघड़ बेड़े के महंत भी थे। वह नगर में निकलने वाली महाकाली शोभायात्रा में काली के अखाड़े का नेतृत्व करते थे। परिवार में उनके बड़े भाई धर्मेंद्र ठाकुर के अलावा उनके दो बेटे हैं। शोक संवेदना देने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन संजय राणा, पवन प्रताप सिंह, धर्मेंद्र गांधी, केपी सिंह राणा, सभासद आमिल सिद्दीकी, जरीफ अहमद, दुष्यंत चौहान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



नरेंद्र।( फाइल फोटो)

### लाइनों में मरम्मत के चलते 5 जून को गुल रहेगी बिजली

**कुंदरकी, अमृत विचार :** एस डी ओ अनिल कुमार ने बताया कि जलालपुर खास 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति 5 जून 2025 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी बताया कि आर डी एस एस योजना के अंतर्गत 33 केवीए की जर्जर लाइनों के तार खंबे एवं लंबे स्पैनों में अतिरिक्त पोल लगाए जाने के करण विद्युत उपकेंद्र जलालपुर के समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी कहा गया है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पूर्व ही क्षेत्रीय लोग अपने जरूरी काम कर लें ताकि समय रहते परेशानी से बचा जा सके।

### प्रेरणा दिवस में सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**डिलारी, अमृत विचार :** मंगलवार को ब्लॉक डिलारी के सभागार में एक बैठक का आयोजन क्या गया। जिसमें क्षेत्र की समूह की महिलाएं मौजूद रही। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी डिलारी त्रिलोक चंद ने की। कार्यक्रम का संचालन एडीओ आईएसबी आलोक वर्मा ने किया। व्यवस्था प्रिंस शर्मा ने की। प्रेरणा दिवस में माह के प्रथम मंगलवार को राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह की सखियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में रिवाल्विंग फंड, सीआईएफ फंड, सीसीएल समूह गठन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# गन्ना सर्वे का किसानों ने किया विरोध, मिल कर्मी से नोकझोंक

## त्रिवेणी चीनी मिल के सुपरवाइजर की मशीन छीन गांव से भगाया

संवाददाता,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** त्रिवेणी चीनी मिल द्वारा किसानों के खेतों में खडी गन्ने की फसल का सर्वे किया जा रहा है । इसी के तहत मंगलवार को त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल के सुपरवाइजर टीम के साथ गांव कुआं खेड़ा खालसा पहुंचे तो किसानों ने गन्ना सर्वे का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया ।

कुआं खेड़ा खालसा के किसानों ने मिल अधिकारियों पर आरोप लगाया कि मिल द्वारा केवल उन्हीं गन्ने की वैरायटी का सर्वे कराया जा रहा है जो मिल द्वारा निर्धारित की गई हैं, जैसे कि 14201, 15023, 118 और 98014। किसानों का कहना है कि गन्ने की फसल में लाल सड़न से परेशान होने के बाद उच्च स्तरीय वैरायटी बीज बाहर से लाकर बोया है लेकिन सुपरवाइजर बाहर से लाए गए बीज वाले खेतों का सर्वे नहीं कर रहे हैं । इसी बात को लेकर किसानों ने सर्वे का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया जिसे मिल के सुपरवाइजर और ग्रामीणों में नोकझोंक भी हुई। आरोप है कि ग्रामीणों ने सर्वेयर की मशीन भी छीन ली। खेत में खड़े गन्ने का सर्वे न होने और मिल द्वारा निर्धारित की गई गन्ने की वैरायटी से नुकसान हो रहा है। किसानों ने मांग की है कि मिल द्वारा सभी गन्ने की वैरायटी का सर्वे कराया जाए, न कि केवल निर्धारित वैरायटी का। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान किसान उपेन्द्र सिह, रोहिताश सिह, नव नीत चौहान, प्रतुल कुमार . हरि ओम सिह, सत्तेवृत सिंह, भूरे, धीरज, रोहित आदि ने विरोध कर प्रदर्शन किया ।



चीनी मिल द्वारा गन्ना सर्वे के विरोध में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

## शादी में जीजा साले को मारपीट कर किया घायल

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में शादी समारोह में हुए विवाद में जीजा-साले को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

जनपद अमरोहा के काली लेख क्षेत्र से थाना कांठ के ग्राम सहदौली में सोमवार को बारात आई थी। लड़के पक्ष में आपस में झगड़ा होने पर दूल्हे के जीजा राकेश कुमार ग्राम सुल्तानपुर, इंतेजाम अली खां व उनके साले कमल सिंह पुत्र राम प्रसाद को ग्राम काली लेख निवासी योगेंद्र सनी, राजीव एवं मीरा सराय की मढैय्या निवासी दीपांशु ने मारपीट कर लाठी डंडों से घायल कर दिया। सनी ने तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी दी। घायलों को लेकर स्वजन थाना कांठ पहुंचे और थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेज दिया है।

# अध्यक्ष पद की दौड़ में प्रदीप व प्रमोद शर्मा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन कांठ 2025- 26 हेतु ऐल्डर कमेटी के समक्ष पहले दिन अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव आदि विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

वर्ष 2025- 2026 के तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव निष्पक्ष कराने के लिए एल्डर कमेटी में अध्यक्ष पद हेतु महावीर सिंह, महासचिव शहजाद रफी कोषाध्यक्ष संजीव कुमार बिश्नोई को सर्वसम्मति से चुना गया था। ऐल्डर कमेटी की देखरेख में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद हेतु प्रदीप कुमार व प्रमोद कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु शीशराम सिंह व हरपाल सिंह,महासचिव पद हेतु दीपक कुमार विश्नोई व सुनील कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु चरन सिंह व जीशान आलम,सहसचिव प्रशासनिक पद हेतु लक्ष्मण सिंह, सहसचिव पुस्तकालय हेतु राहुल चौधरी, सहसचिव प्रकाशन हेतु सलमान खान, कोषाध्यक्ष पद हेतु करतार सिंह व भू प्रकाश सिंह एडवोकेट द्वारा अपने नामांकन कराए। सदस्य कार्य कार्यकारिणी हेतु इमरान खान त्यागी द्वारा नामांकन पत्र खरीदा गया है। बुधवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। चुनाव समिति ने बताया कि 5 जून को नामांकन पत्रों की जांच व आपत्ति, 6 जून को नामांकन पत्रों की नाम वापसी, 12 को चुनाव के बाद मतगणना के उपरांत परिणाम घोषित किए जाएंगे।



नामांकन पत्र जमा करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- कांठ में पहले दिन कई अधिवक्ताओं ने जमा किए नामांकन पत्र
- 12 जून को चुनाव, मतगणना के बाद घोषित किए जाएंगे परिणाम

## गोसेवा गतिविधि की टीम ने की गोसेवा

**कांठ, अमृत विचार :** गोसेवा गतिविधि की टीम ने गो आश्रय स्थल रायपुर खुर्द पहुंचकर गोसेवा की व बीमार गोवंश का उपचार कराया। टीम लगातार क्षेत्र की गोशालाओं में जाकर सेवा व गोवंश को चारा उपलब्ध कराती रहती है। इसी क्रम में मंगलवार को विकास शर्मा जिला संयोजक ने टीम के साथ गो आश्रय स्थल रायपुर खुर्द की गोशाला में जाकर गोसेवा की। बीमार गोवंशों का उपचार कराया। 10 क्विंटल 50 किलो चारा उपलब्ध कराया गया। विकास शर्मा ने बताया कि गोशाला में वर्तमान में 240 से ज्यादा निराश्रित पशु संरक्षित हैं। बताया कि प्रधानों द्वारा हरा चारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ईद से पहले गोवंशों को गोशाला में संरक्षित करने की मांग की। इस मौके पर विशाल भैया, बिट्टू बिश्नोई, पंकज कुमार, मुकेश आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख पति ने समस्याओं से मुख्यमंत्री को कराया अवगत



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रामदरबार देते ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा ब्लॉक क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी व डिलारी ब्लॉक प्रतिनिधि पंकज शर्मा टीम के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। क्षेत्र व ब्लॉक की विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। जनता द्वारा किए जा रहे ब्लॉक प्रमुख का चुनाव के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

डॉ. वीर सिंह सैनी ने ब्लॉक प्रमुखों की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की। ब्लॉक प्रमुखों के अधिकार बढाए जाने, पुलिस प्रशासन को लेकर भी वार्ता की। उन्होंने मुख्यमंत्री को ब्लॉक की विभिन्न समस्याओं जैसे बिजली के तारों का जाल, किसानों के लिए 20 घंटे बिना कटौती के विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने सहित अन्य क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि मुख्यमंत्री से समस्याओं को दूर करने व विकास कराने का आश्वासन मिला है।ब्लॉक प्रमुख के साथ ब्लॉक प्रमुख भगतपुर ठाकुर संतोष कुमार, ब्लॉक डिलारी के ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान बहेड़ी ब्रह्मड पंकज शर्मा मौजूद रहे।

## हादसों की वजह बने पोल हटाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के तिकोनिया पार्क स्थित निगरानी केंद्र के पास रोड पर सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल टूट कर गिर जाने से हादसों की वजह बन रहे हैं।

मोड़ होने के चलते वाहन चालकों को टूटा पोल दूर से नजर नहीं आते और हादसा हो जाता है। वही मुंशी इकराम कुरैशी व संभ्रांत लोगों ने पोल हटाने के लिए कई बार बिजली विभाग को शिकायत दी गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इन पोल पर बिजली के तार भी नहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी मनमर्जी करते है। लोग समस्या के बारे में अवगत कराने के लिए जाते हैं तो दफ्तर में अधिकारी नहीं मिलते। ऐसे में ग्रामीण काफी परेशान हो चुके है।



तिकोनिया पार्क के पास टूटा पोल

# नालियों में न बहे पशुओं का खून

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत में स्थित पुलिस चौकी पर मंगलवार को बकरीद को लेकर नगर के गणमान्य लोगों के साथ शांति सीमित की बैठक की गई। जिसमें सीओ सिविल लाइंस ने लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी खुले में कुर्बानी नहीं करेगा न ही कुर्बानी का खून नलियों में बहना चाहिए। कुर्बानी के जानवर की खाल या ओज सड़कों पर न डाले। नगर में किसी भी तरह की गंदगी न फैलाए। त्योहार को शांति और भाईचारे के साथ मनाए।

सीओ सिविल लाइन ने अगवानपुर नगर अध्यक्ष गुलरेज़ खान से कहा कि नगर पंचायत की ओर से साफ सफाई का खास ध्यान रखें। नगर अध्यक्ष ने आश्वासन दिया। इंस्पेक्टर मनीष सक्सैना ने कहा कि जो कुर्बानी के स्थान रजिस्टर में दर्ज हैं वही कुर्बानी करें। इसपर लोगों ने कहा कि स्थान बहुत कम लिखे हुए हैं। इंस्पेक्टर ने कहा कि रजिस्टर और एलआईयू रिकॉर्ड में जो दर्ज है वही कुर्बानी होनी चाहिए। अगर कोई ओर स्थान कुर्बानी का है तो उसे बकरा ईद बाद रजिस्टर में दर्ज करा लें। वहीं बैठक के दौरान कुछ लोगों ने नगर के बाईपास निवासी महिला पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति पर गलत आरोप लगाकर उसे फंसाकर रुपये ऐंठती है। इसपर इंस्पेक्टर ने कहा कि कोई केस दर्ज होता हैं तो उसकी जांच करने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। अन्यथा किसी निर्दोष के खिलाफ़ कोई कार्रवाई नहीं होगी। इस दौरान भाजपा ज़िला सहसंयोजक अंशुल गुप्ता, भाजपा नेता अभिनव गुप्ता, कल्लन हाजी, शाहिद हुसैन, फैजी नक़वी, सभासद जुनैद आलम, शाहिद नेता, वकील कुरैशी, सरताज अली, बब्बू ठेकेदार, आदि लोग मौजूद रहे।



पुलिस चौकी पर बैठक के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- अगवानपुर पुलिस चौकी पर बकरीद को लेकर हुई शांति सीमित की बैठक

## शिकायत करने पर पुलिस व सट्टेबाज कर रहे युवक का उत्पीड़न

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के एक युवक ने ठाकुरद्वारा नगर में चल रहे सट्टे की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। इसके बावजूद सट्टे का कारोबार तो बंद नहीं हुआ लेकिन शिकायतकर्ता को पुलिस तो कभी सट्टे का कारोबार करने वाले युवक को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धमकाया जा रहा है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है।

नगर के मोहल्ला बंजारन वार्ड 12 निवासी मोहित उर्फ मोदी पुत्र अकील अहमद ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि एक दरोगा उस पर दबाव बनाने के लिए घर पहुंच कर परिजनों को धमकाते हैं। कभी उसे झूठे मुकदमें में जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। उक्त दरोगा द्वारा फोन पर धमकाने की रिकॉर्डिंग उसके पास सुरक्षित है। बताया कि पुलिस के संरक्षण में चल रहे सट्टे के कारोबार की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद भी कारोबार चल रहा है।

# बैलगाड़ी व बाइक बचाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बैल गाड़ी व बाइक बचाने को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भेजकर दो लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। थाना कांठ के ग्राम आवी हफीजपुर पुर निवासी शंकर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह मंगलवार की सुबह 5:30 बजे अपनी बैलगाड़ी लेकर खेत पर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही अशोक कुमार, उसका भाई ब्रह्मपाल सिंह बाइक से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में बैलगाड़ी और बाइक बचाने को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद हुई मारपीट में शंकर सिंह के चोट आई है। दूसरे पक्ष के अशोक कुमार के भी चोट लगी है। थाना पुलिस ने घायल शंकर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया और तहरीर के आधार पर अशोक कुमार ब्रह्मपाल दोनों भाइयों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# गोशाला के रास्ते पर पिचिंग लगाने की मांग

- गांव ईलर में ढेला नदी के किनारे बनी गोशाला में है 300 पशु

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव ईलर में ढेला नदी के किनारे गोशाला के रास्ते पर पिचिंग लगाने की मांग की है। आबादी से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी पर ढेला नदी के किनारे गोशाला है जिसमें अधिकतम 300 से अधिक गोवंशीय पशु हैं। जिनकी देख रेख 6 केयरटेकर करते हैं।

गोशाला जाने के लिए ढेला नदी के किनारे कच्चा रास्ता है जिसके तट पर पत्थर की पिचिंग लगाने की मांग की गई है पिछले वर्ष ढेला नदी में बाढ़ आने से कच्चा रास्ता टूट गया था। गोशाला तक पहुंच रही बिजली के खंभे उखड़कर नदी में बह गए थे। जिससे विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई। कई गोवंश पानी के तेज-बहाव के साथ बह गए थे।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डिलारी त्रिलोक चंद से बातचीत की गई उन्होंने बताया कि पिचिंग बनाने के लिए उच्च अधिकारियों का अवगत करा दिया गया है।



ढेला नदी के किनारे गोशाला का कच्चा रास्ता। ● अमृत विचार

### नदी में बाढ़ आने पर न टूटे रास्ता

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवाबजान ने उच्च अधिकारियों को शिकार की पत्र देकर बताया कि बरसात का मौसम करीब है। गोशाला के रास्ते को दुरुस्त करने के लिए पिचिंग लगाई जाए . जिससे ढेला नदी में बाढ़ आने पर रास्ता ना टूटे। कच्चा रास्ता टूटने से गोशाला के अलावा आबादी में भी पानी घुस जाता है जिससे काफी नुकसान हो जाता है। आबादी और गोशाला को बाढ़ से बचाने के लिए ढेला नदी के किनारे तट पर पत्थर की पिचिंग लगाई जाए।

## सार-संक्षेप

### शाहजी मुहम्मद शेर मियां का 122 वां कुल शरीफ मनाया



**कुंदरकी,अमृत विचार :** नगर की मस्जिदे आला हजरत में मंगलवार को मुहिब्बाने सुखन नेटवर्क की जानिब से हजरत शेर मुहम्मद शाहजी मियां का 122 वां कुल शरीफ मनाया गया। कुल शरीफ के मौके पर शोअरा हजरात ने कलाम पेश किए। डॉ नाजिम कुंदरकी ने कहा हो गया है करम शाहजी आपका, मिल गया हमको गम शाहजी आपका, इकरार इमरतपुरी ने कहा मुसीबत में अगर कोई सदा शाहजी को देता है खुदा के फ़ज्ल से शाहजी मियां उसको बचाते हैं। औलामा अहले सुन्नत ने कहा कि खतीबे अहले सुन्नत मोलाना आसिफ रज़ा सुब्हानी ने बताया कि शाहजी मुहम्मद शेर मियां हर मौसम में पांचों वक्त की नमाज ताजे वुजू से पढ़ते थे। आख़िर में फातिहा ख्वानी के बाद देश व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर अरमान रज़ा क़ादरी, अब्दुल वकील अहमद, मास्टर क़मर अली, रज़वी गुलाम, नबी अत्तारी, खलील खां आदि मौजूद रहे।

### बुलेट व 2 लाख के लिए विवाहिता को निकाला

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जरगांव गांव निवासी रूबी ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 4 साल पहले उसकी शादी संभल जिले के तहसील चंदौसी के गांव राम नगला निवासी चंद्रभान के साथ हुई थी। बताया कि शादी में उसकी विधवा मां सरोज देवी और भाई ने स्प्लेंडर और 7 लाख रुपये खर्च किए थे ।आरोप लगाया कि विदाई के समय ही दहेज को देख ससुराली खुश नहीं हुए। वह स्प्लेंडर की जगह बुलेट और नगद दो लाख की मांग करने लगे। रिश्तेदारों ने उन्हें समझा बुझा कर शांत कर दिया लेकिन मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप लगाया कि चार माह पूर्व पति चंद्रभान, जेठ राम अवतार, मुकेश, सीमा, राजकुमारी ने मारपीट की और गला दबाने की कोशिश की। शोर शराबे पर लोग इकट्ठा हो गए। जिसकी वजह से उसकी जान बच पाई। तब से वह मायके में थी। आरोप लगाया कि 1 जून को उसका पति मायके पहुंचे और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर पति समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### नगर में सफाई के नाम पर की जा रही औपचारिकता

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत की आय तो हर साल बढ़ रही है। क्षेत्र में जनसंख्या के अनुसार सफाई कर्मचारी नहीं बढ़ाए गए हैं। गली मोहल्ले में सफाई के नाम पर केवल औपचारिक का निभाई जा रही है। कांठ नगर के रामलीला मंदिर के पीछे स्थित मोहल्ला महमदपुर वार्ड नंबर 02 में नाली और गली की सफाई लोग खुद करते हैं। सफाई कर्मी पर्व-त्यौहार के मौके पर ही आते है। गलियों में बह रहे नाली के पानी और जगह- जगह लगे गंदगी के अंबार से गलियां बजबजा रही हैं। वार्ड नंबर 2 के निवासी ने बताया कि नगर में स्वच्छता का दावा खोखला साबित हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के चलते नगर में चारों ओर गंदगी देखने को मिलती है। पानी निकासी के लिए नाली बनाई गई है लेकिन बारिश में पानी की निकासी नाली से न होकर गलियों की सड़कों से से होकर जाता है। बारिश में संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। वार्ड वासियों का कहना है कि सफाई कार्य नहीं होने के कारण सफाई कार्य हमें स्वयं करनी पड़ता है। वार्ड 2 के गौरव कुमार, कविता, आंचल, रवि कुमार, पूनम, बबीता, कोमल, विनोद , टीकाराम, पप्पू, आदेश ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर सफाई करवाने की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं अपने पुत्र फैजी के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ वह अपने कृत्यों लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। रानी पत्नी परवेज खां निवासी घैर बाज खां पम्प वाली गली थाना-गंज, जिला रामपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SADIQ SHAMSHI से बदलकर MOHD SADIQ SHAMSI रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए । MOHD SADIQ SHAMSI S/O MOHD MAROOF R/O BHATTI STREET मुरादाबाद ।

**सूचना**

मैंने अपना नाम शिवी गर्ग से बदलकर शिवी अग्रवाल पत्नी अतिन अग्रवाल निवासी वार्ड 22, फतेहुल्लागंज, ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रख लिया है। भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सपाइयों ने निकाली साइकिल जागरुकता रैली



बिलारी में साइकिल चलाते सपाई। ● अमृत विचार

**बिलारी ,अमृत विचार:** सपा विधायक हाजी मो. फहीम इरफान के कैंप कार्यालय से मंगलवार को विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल जागरुकता रैली सपा विधायक के प्रतिनिधि मोहम्मद हस्सान उर्फ फैजी के नेतृत्व में निकाली गई। रैली विधायक कार्यालय से शुरू होकर शाहबाद रोड होते हुए आंबेडकर पार्क बिलारी होते हुए वापिस एमआई हाउस कार्यालय पर समाप्त हुई। प्रतिनिधि मो हस्सान उर्फ फैजी ने कहा कि साइकिल दिवस मनाने के पीछे कई उद्देश्य व लाभ है। यह पर्यावरण के लिए फायदेमंद है तो सेहत के लिए भी लाभकारी है। साइकिलिंग का उपयोग करने से शरीर फिट रहता है, मांसपेशियां मजबूत होती है। इस दौरान सभी ने साइकिल चलाकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभासद आमिल सिद्दीकी, सभासद जरीफ अंसारी, बसर मलिक, एपी यादव, शिशुपाल यादव , विश्वजीत सिंह यादव, मुकुल यादव, फैसल इरफान आदि मौजूद रहे।

### शोपीस बने शीतल प्याऊ, ठीक कराने की मांग

**डिलारी, अमृत विचार :** इन दिनों गर्मी चरम पर है। लोग ठंडे पानी की आवश्यकता महसूस करते हैं। जब वह पानी की तलाश में प्याऊ की ओर बढ़ते हैं तो वह खराब मिलते हैं। क्षेत्र में विधायक निधि से बने शीतल प्याऊ शोपीस बनकर रह गए हैं। मंगलवार को अमृत विचार टीम ने ग्राम पंचायत मनकुवा मकसूदपुर में जांच की तो शीतल जल प्याऊ के खोखे पर सिर्फ माननीय की तस्वीर दिखी लेकिन पानी नहीं। नौशाद, रिफाकत, अमजद अली, महफूज, मेवाराम, दौलत सिंह, संतराम, डालचंद आदि ने बताया कि सपा विधायक ने क्षेत्र के चौराहों पर लोगों को गुमराह करने के लिए सिर्फ खोखे बनाकर तैयार कर दिए हैं। लगाने के बाद जनप्रतिनिधि ने कोई सुध नहीं ली। लोगों ने जनप्रतिनिधियों से मांग उठाई है कि भीषण गर्मी को देखते हुए इन्हें ठीक कराया जाए।

## जेवरात व नगदी लेकर किशोरी लापता, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक किशोरी घर से जेवरात व नगदी लेकर गायब हो गई। मां ने कुंदरकी निवासी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कटघर क्षेत्र के पीतलबस्ती चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी बीते शनिवार दोपहर 3 बजे घर से बिना बताए गायब हो गई। आरोप लगाया कि कुंदरकी के गांव हुसैनपुर चिरावली निवासी रोहित जाटव उसे बहलाफुसला कर अगवा करके ले गया है। आरोप लगाया कि जाते समय किशोरी घर से 10 हजार रुपये की नगदी और लगभग एक लाख रुपये के जेवर भी ले गई है। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बहलाफुसला कर अगवा करने रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# विधायक ने सुनीं समस्याएं



नागरिकों की समस्याएं सुनते सपा विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी कार्यालय कांठ में मंगलवार को सपा विधायक कमाल अख्तर ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को फोन करके निस्तारण करने की अपील की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जन प्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना उनका दायित्व है।

भाजपा ने विकास के नाम पर देशवासियों को ठगा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में ही विकास कार्य संभव हैं।

इस दौरान पूर्व सांसद यशवीर सिंह, जावेद अख्तर, राशिद सैफी, अरशद फुरक़ान खा, जय देव प्रजापति, अमजद अली, डा. दानिश, पिंटू विश्नोई, भूरा खा, उम्मेद चौधरी, दानिश चौधरी,श्यामी जाटव, रामवीर जाटव, डा. मतीन, इल्यास,संदीप गुज्जर, गुड्डू चौधरी, शकील अहमद, आरिफ मलिक मौजूद रहे।

## एक नजर



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र देते सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले सांसद नदवी

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उनके कार्यालय पर मुलाकात की। नदवी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को जिले के लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में पत्र देकर अवगत कराया। जिले के लोगों में कैंसर व काला पीलिया जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। जिनके महंगे इलाज में परिवार वालों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है। वह लोग अपने बच्चों को सही शिक्षा नहीं दिला पाते। जिसका समाधान कराया जाना आवश्यक है जिससे स्वास्थ्य से संबंधित मूल समस्या दूर हो सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य समस्या का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। यह जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा ने दी।

### प्रशिक्षण के लिए 15 तक करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के तहत जनपद को सामान्य वर्ग के 25 तथा अनुसूचित जाति वर्ग के 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सभी प्रशिक्षणार्थियों को जरी जरदोजी ट्रेड में प्रशिक्षण दिये जाने के लिए चयन किया जाना है। चयन के बाद मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड नजीबाबाद बिजनौर द्वारा तहसील, ब्लाक, जनपद स्तर पर प्रशिक्षणार्थियों के समूह में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिसके लिए 11 जून तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत का मूल निवासी हो आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो। ऑनलाइन आवेदन पत्रों से प्रशिक्षणार्थियों का चयन स्कोर कार्ड के आधार पर किया जाएगा।

### 78,000 टन है जिले में गेहूं खरीद का लक्ष्य, जिले में 133 केंद्रों पर खरीदा जा रहा

# लक्ष्य के सापेक्ष महज 40 प्रतिशत ही हुई गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अब तक गेहूं खरीद मात्र 40 प्रतिशत तक ही हुई है। 2 जून तक लक्ष्य के सापेक्ष 40 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है। जबकि शासन से 78000 टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है। जिले में 8 एजेंसियों के 133 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद हो रही है। गेहूं का सरकारी भाव 2425 रुपये प्रति क्विंटल है।

गेहूं खरीद के लिए जिले में 8 एजेंसियों ने 133 क्रय केंद्र बनाए थे, लेकिन गेहूं खरीद में तेजी नहीं आई। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए प्रशासन की ओर से 4 एजेंसियों को नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन गेहूं खरीद में तेजी नहीं आई। 15 जून तक गेहूं खरीद होगी। जबकि किसानों ने अधिकांश गेहूं निजी मंडियों में बेच दिया है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को अपना आधार और खसरा खतौनी आदि लेकर जाना पड़ती है। तमाम झंझटों से बचते हुए किसान ने अपना गेहूं आढ़तियों के हाथों बेच दिया और किसानों को उनके माल का दाम तुरंत मिल गया। गेहूं खरीद के लिए 13 दिन शेष हैं। ऐसे में 60 प्रतिशत गेहूं खरीद हो पाना आसान नहीं है। खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि जिले में 40 प्रतिशत गेहूं की खरीद हुई है, 15 जून तक खरीद होगी। जिन एजेंसियों द्वारा गेहूं खरीद कम हुई है, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं।

| एजेंसी | क्रय केंद्र | लक्ष्य (टन) | लक्ष्य के सापेक्ष खरीद |
|---|---|---|---|
| खाद्य विभाग | 12 | 9000 | 83 .28 प्रतिशत |
| पीसीएफ | 48 | 28000 | 17 .82 प्रतिशत |
| पीसीयू | 27 | 16000 | 34 .61 प्रतिशत |
| यूपीएसए | 15 | 9000 | 31 .69 |
| नैफेड | 11 | 6500 | 87 .14 |
| एनसीसी | 05 | 3000 | 26 .23 |
| मंडी समिति | 03 | 1800 | 115 .86 |
| भारतीय खाद्य निगम | 08 | 4700 | 33 .95 |
| योग | 133 | 78000 | 39 .75 |

# 8 दुकानों और मकान पर लगाए लाल निशान

### थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में राम रहीम पुल के नीचे बनी हैं दुकानें और मकान



दुकान स्वामी से बात करते ईओ और सिविल लाइन इंस्पेक्टर।



दुकान के बाहर निशान लगाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को नगर पालिका और राजस्व विभाग की टीम ने राम रहीम पुल के नीचे बनी 8 दुकानें और एक मकान पर लाल निशान लगा दिए हैं। साथ ही सभी को 2 दिन के भीतर जगह को खाली करने का समय दिया हैं, खाली नहीं करने पर ध्वस्तीकरण करने की कार्रवाई की जाएगी। जिससे दुकानदारों और मकान स्वामियों में हड़कंप मच गया है।

मौजूदा समय में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चल रहा है। शहर में अब तक 100 से ज्यादा दुकानों को गिराया जा चुका है। अब मंगलवार को अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, लेखपाल सतपाल टीटू के संग टीम थाना सिविल लाइंस पहुंची। टीम को देख स्थानीय लोग घबरा गए। टीम को देखकर इंस्पेक्टर संजीव कुमार भी मौके पर आ गए। इसके बाद टीम ने लाल निशान लगाने शुरू किये। जिसका लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। टीम ने लोगों को समझाना शुरू कर दिया। मौके पर काफी देर तक अफरातफरी मच गयी। कुछ देर बाद सम्पति लिपिक अफजल समीर ने निशान लगाने शुरू कर दिए। इस दौरान मुख्य खाद एवं सफाई निरीक्षक डॉ. अविनाश कुमार, नितिन कुमार, राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

#### पूरे जिले में चल रहा अतिक्रमण विरोधी अभियान

मौजूदा समय में पूरे जिले में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिससे दुकानदार काफी परेशान चल रहे है। कुछ दिनों पहले सिविल लाइन में हाइवे किनारे बने शोरूमों पर लाल निशान लगाए थे। जिसके बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया था। उसके बाद सभी दुकानदार विधायक से मिले थे। उनको नहीं तोड़े जाने का आश्वासन मिला था। पालिका ने सिविल लाइन थाने के सामने निशान लगा दिए। इसके अलावा मिलक में भी दुकानदार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

### 6 माह में 5451 संदिग्ध टीबी रोगी खोजे

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 6 माह के भीतर 5451 संदिग्ध टीबी रोगी खोजे गए। 7 दिसंबर 2024 को 100 दिवसीय अभियान को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर 300 दिवसीय अभियान के रूप में विस्तारित करके जनपद में टीबी रोगियों को चिह्नित करने की मुहिम चलाई जा रही है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि जिले में टीबी रोगियों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग करने के लिए जनपद स्तर पर टीबी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभिनव पहल के माध्यम से नियमित तौर पर टीबी रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार की स्थिति के बारे में जानकारी ली जा रही है, इसके साथ-साथ जन प्रतिनिधि, अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं में से 1225 निः क्षय मित्र बनाए गए हैं। 5123 टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली भी वितरित की गई है। पोषण पोटली एवं पूर्ण इलाज से जनपद में अब तक 4032 टीबी रोगी इलाज प्राप्त करके स्वस्थ हो चुके हैं। जनपद में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में विगत 2 वर्षों से प्रथम स्थान पर है।



कालेज में मंगलवार को समर कैंप में बोलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# स्वस्थ रहने के लिए मोमोज चाउमीन व समोसे से रहें दूर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को विद्यालय में समर कैंप में जिला अस्पताल के डॉ. वसीम ने छात्राओं को बताया कि स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक भोजन करना चाहिए। जिसमें आयरन, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, मिनरल्स सब कुछ हो। मोमो, चाउमीन, समोसा, बर्गर, पिज्जा से दूर रहना चाहिए।

प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने कहा कि सभी छात्राओं को प्रतिदिन 3 बार पौष्टिक आहार लेना चाहिए। अपने भोजन में उन्हें दाल, चावल, हरी सब्जियां और फलों को भी शामिल करना चाहिए और जंक फूड से बचना चाहिए। उसके पश्चात शमीम खान, रेनू देवी और तबस्सुम द्वारा छात्राओं को स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुमारी तबस्सुम, नाजिया, खतीजा, अफीफा, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, राशिद खान, राधा और राधा रानी, नितिन कुमार उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिक विधि से खेती करें किसान : औलख

**रामपुर, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह ने बताया कि मंगलवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का आयोजन ग्राम-बहपुरा, नईमगंज, आगापुर व विकास खंड सैदनगर के सींगनखेड़ा, लालपुर, खौद तथा विकास खंड बिलासपुर के ग्राम-पिपलिया गोपाल, मानपुरओझा, भटपुरातरन समेत 9 गांवों में हुआ।

ग्राम मानपुरओझा में ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि किसान रसायन मुक्त खेती करें। उन्नत प्रजातियों के बीजों की बोआई करने और फसलों का बीमा कराने की सलाह दी। बरेली के शार्दुल विक्रम लाल, डॉ. सीएस राघव, डॉ.आरएल सागर एवं डॉ. नरेन्द्र सिंह गंगवार, डॉ. अनुज बंसल, डॉ. आशीष कुमार ने किसानों को आधुनिक तकनीक, खरीफ में बोई जाने वाली धान की उन्नत प्रजातियों, धान की नर्सरी डालने की विधि, सहफसली प्राकृतिक खेती, बीज शोधन की जानकारी दी।

# आंधी से तारों पर गिरीं टहनियां, बिजली गुल

- मौसम वैज्ञानिक निर्धारित समय से पहले ही मानसून आने का जता रहे है अनुमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम के तेवर तल्ख हैं, पूरे दिन लोग उमस से पसीना-पसीना होते रहे। हालांकि शाम को आंधी आने से गर्मी से कुछ राहत मिली लेकिन, आंधी के कारण पेड़ों की टहनियां टूटकर बिजली के तारों पर गिर गईं। जिस कारण कुछ देर को बिजली ठप हो गई। गर्मी के मौसम में बच्चों ने तालाबों और नदियों में डुबकी लगाकर खूब मस्ती की।

सुबह से आसमान में बादल मंडराते रहे कुछ देर को बादलों की ओट से सूरज ने मुंह चमकाया। उमस के कारण लोग पसीने से तर-बतर रहे। शाम को धूल भरी आंधी चलने से पेड़ों टहनियां टूटकर बिजली की लाइनों पर गिर गईं। आनन-फानन में विद्युत कर्मियों ने लाइनों पर गिरी टहनियों को हटाया और विद्युतापूर्ति सुचारु की। तपती गर्मी में बच्चों ने तालाबों और नदियों में डुबकी लगाकर राहत महसूस की। मौसम वैज्ञानिक निर्धारित समय से पूर्व मानसून की दस्तक देने का अनुमान जता रहे हैं। 15 जून से पूर्व ही मानसून लोगों को गर्मी से कुछ राहत दिला सकता है।



धूल भरी आंधी के बीच गुजरते राहगीर। ● अमृत विचार

> आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा, अधिकतम तापमान 36 से 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 से 26 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। वायु वेग 8 से 15 किमी. प्रतिघंटा की गति से रह सकता है।
>
> – **डॉ. उदय प्रताप शाही,** मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

**कार्यक्रम** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में मंगलवार को हुई संगोष्ठी

# मानसिक स्थिरता के लिए योग उपयोगी : डॉ. गिरि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कॉलेज में योग करते छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक एवं प्राचार्य।

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में मंगलवार को एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग के अंतर्गत आधुनिक तकनीक और योग से जुड़ाव विषय पर संगोष्ठी हुई। कालेज प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि ने कहा कि आज के तेज रफ्तार और तकनीक-प्रधान जीवन में शांति, संतुलन और मानसिक स्थिरता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में योग केवल एक पारंपरिक अभ्यास नहीं, बल्कि समग्र जीवनशैली बनकर उभर रहा है जो आधुनिक जीवन की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है। तकनीक, जिसे अक्सर तनाव और व्यस्तता का कारण माना जाता है, वही अब योग को दुनिया भर में पहुंचाने का माध्यम भी बन रही है। योग और ध्यान मन को शांत करने और फोकस बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। डेस्क जॉब, कम शारीरिक गतिविधि और खराब पोस्चर के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं पीठ दर्द, मोटापा, थकान के समाधान में योग अत्यंत सहायक है। नियमित योगाभ्यास समय प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और ऊर्जा स्तर को बेहतर बनाकर संतुलित जीवन जीने में मदद करता है। योग को अपनाकर हम न केवल शरीर और मन को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि तकनीक का सकारात्मक उपयोग भी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस दौरान डॉ. कैलाश चंद्र, डॉ. चितरंजन सिंह, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. अनुपम मित्र, डॉ. पवन कुमार, डॉ. बालमुकुंद वर्मा, डॉ. मनीषा रानी, राजेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ सहायक वीरेंद्र कुमार, जाफर हुसैन, वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

#### ट्रेनर ने कराए योगासन

**रामपुर, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय जिला परिषद में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल की तैयारी को लेकर मास्टर योग ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना द्वारा जनपद के योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम ने बताया कि 10, 11 और 12 जून को 3 दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम होगा। रोशन बाग पार्क लोहिया पार्क आंबेडकर पार्क, गुरु गोविंद सिंह पार्क एवं किला मैदान में 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रेम कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, उमेश चंद्रा, राजीव कुमार, सोनू चौहान, अंशु सक्सेना, भूपराम मौजूद रहे।

# हजरत इब्राहीम के एक ख्वाब ने खोली थी कुर्बानी की राह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- इस्लामी कैलेंडर के 12वें महीने की 10 तारीख को मनाते हैं ईद उल अजहा

**अमृत विचार :** उलमाओं के अनुसार हजरत इब्राहीम ने 3 दिन ख्वाब में अपने बेटे हजरत इस्माइल को मिना के मैदान में अपने बेटे हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में जिबाह करते हुए देखा था। ख्वाब के बाद वो बेटे इस्माइल को कुर्बानी के लिए ले गए, लेकिन बेटे की जगह दुंबा पेश कर दिया। इसके बाद जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया।



मौलाना अली।

मौलाना अली मोहम्मद नकवी बताते हैं कि इस्लामी कैलेंडर के 12वें महीने की 10 तारीख को मुसलमान मक्का ए मुकर्रमा में हज के लिए जाते हैं और कुर्बानी करते हैं। इसके अलावा सारी दुनिया में मुसलमान सुन्नते इब्राहीमी को अदा करते हैं जोकि हजरत इस्माइल की तासीस है। कहा कि जानवर की कुर्बानी के साथ-साथ इंसान को अपनी अना को भी कुर्बान कर देना चाहिए। एक दूसरे के लिए ज्यादा से ज्यादा हमदर्दी प्यार और मोहब्बत सिले रहमी के लिए बढ़ना चाहिए। ईद उल अजहा के दिन सबसे पहले गुस्ल करें। इसके बाद नमाज ए ईद उल अजहा अदा करें और उसके बाद फिर कुर्बानी पेश करें। कुर्बानी का गोश्त जितना ज्यादा हो सके उन लोगों तक पहुंचाएं। मौलाना ने बताया कि ईद उल अजहा पर पेश की गई कुर्बानी के गोश्त को नियाज नज्र में इस्तेमाल किया जा सकता है। कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सों में तकसीम कर लें।

## सार-संक्षेप

### पूर्व जिपं सदस्य की पुण्यतिथि पर बांटा शरबत



**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू सैनी की पुण्यतिथि पर मुरसैना में उनके पुत्र अजय सैनी ने गर्मी में लोगों को शरबत पिलाकर गला तर कराया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मोहित सैनी, अजीम नगर इंस्पेक्टर करम सिंह, चौकी इंचार्ज मुरसैना रजनीश, प्रेम सिंह सैनी, डॉ.अनिल, अर्जुन, ऊषा सैनी, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य ऋषि मुकेश, दुर्गेश भाई, सूरज, जगदीश, अभिषेक, कीर्ति सैनी, प्रेमवती, चित्रांश, हिमानी आदि मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री ने राहगीरों को बांटा शरबत



**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना की ओर से ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगलवार को जलसेवा शिविर का आयोजन किया। बड़े मंगलवार पर कृष्णा विहार कॉलोनी स्थित शाहबाद रोड पर आयोजित जलसेवा शिविर का उद्घाटन पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ राहगीरों को जल वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच राहगीरों और भक्तों को शीतल जल व शरबत वितरित कर उन्हें राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर अमर सक्सेना, सतेंद्र सक्सेना, डॉ. अनिल सक्सेना, दिनेश कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### भंडारे में डीएम-एसपी ने किया प्रसाद ग्रहण



**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र हाईवे किनारे स्थित भंडारे में पहुंचे। यह भंडारा सहकारिता विभाग की ओर से ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर किया गया था। भंडारे में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रसाद ग्रहण किया।

### 17वें वार्षिक उत्सव पर आज होगा भंडारा

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को महाकाली सेवा समिति दशम घाट कोसी मंदिर का 17वां वार्षिक उत्सव 4 जून बुधवार को मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 9 हवन व दोपहर 12 से विशाल भंडारा क्या आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर कमेटी के पदाधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर दी है।

### दो गांवों में राजस्व की भूमि को कब्जामुक्त कराया

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राजस्व विभाग द्वारा क्षेत्र के दो गांवों में राजस्व की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। साथ ही अधिकारियों ने कब्जेदारों को दोबारा कब्जा किए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। क्षेत्र के गांव मनिहारखेड़ा एवं भटपुरा चक्रपान के ग्रामीणों ने पूर्व में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर राजस्व विभाग की भूमि को कब्जामुक्त करने की मांग की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी अरुण कुमार ने लेखपालों की टीम गठित कर भूमि को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए थे। जिसके चलते मंगलवार को टीम ने दोनों गांवों में पुलिस बल के साथ पहुंचकर भूमि की पैमाइश की। इसके पश्चात भूमि को कब्जामुक्त कराया। टीम में लेखपाल दीपक जैन राजस्व कर्मचारी शामिल रहे।

### सड़क का निर्माण कराने की उठाई मांग



**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने माटखेड़ा मार्ग पर फ्लाईओवर के समीप सड़क का निर्माण कराने की मांग की। मंगलवार को व्यापारी संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल के नेतृत्व में व्यापारी तहसील भवन पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम अरुण कुमार से मुलाकात कर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि माटखेड़ा मार्ग पर फ्लाईओवर के पास सड़क जर्जर है। यह सड़क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आती है। व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम से सड़क का निर्माण कराने की मांग की। इससे पहले व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार शिवकुमार वर्मा को सम्मानित किया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष सुदर्शन मदान, क्रय-विक्रय समिति के सभापति जोगपाल सिंह, राजीव अग्रवाल, हाफिज ताहिर, दुष्यंत अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### बच्चों को नशे से बचाने के लिए जागरूक किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन थाना एचटीयू द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्र में रोडवेज बस अड्डा, आंबेडकर पार्क आदि स्थानों पर मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें चाइल्ड ट्रैफिकिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बच्चों में नशे की लत एवं बाल विवाह आदि के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किया। हेल्पलाइन लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

### धर्मकांटे से नकदी समेत 80 हजार का सामान चोरी

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर चुना मणि गांव स्थित प्रधान धर्मकांटे में चोरों ने सोमवार रात कूमल लगाकर नकदी समेत 80 हजार के माल पर हाथ साफ कर दिया। भाजपा नेता ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों पर कार्रवाई करने की मांग की है। मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर त्रिवेणी शुगर मिल से आगे गांव चुना मणि पर प्रधान धर्म कांटे के नाम से एक धर्म कांटा है। धर्म कांटा भाजपा नेता योगेंद्र चौहान निवासी मुबाने का है जो वर्तमान में मुबाना गांव की प्रधान गीता देवी के पति हैं। भाजपा नेता योगेंद्र चौहान का आरोप है कि सोमवार रात चोरों ने धर्म कांटे पर कूमल लगाकर दो बैटरे, इनवर्टर, एलइडी टीवी और 20 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी का सुबह पता चला। सूचना पाकर पुलिस ने भी मौका मुआयना किया है। भाजपा नेता ने पुलिस को तहरीर दी है। चौकी इंचार्ज प्रशांत कुमार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

# अलग-अलग हादसों में 4 लोगों की मौत

## बाइक सवार छात्रों को पिकअप ने मारी टक्कर, डाक पार्सल वाहन से टकराया डंपर

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

**अमृत विचार :** कॉलेज में एडमिशन कराकर लौट रहे बाइक सवार छात्र को पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी मिलने के बाद मां अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव करैथी निवासी लाल सिंह के 20 वर्षीय बेटा अरविंद ने इस वर्ष इंटर पास किया है। वह अपने दोस्त अबू रेहान के साथ बाइक से बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने राम रतन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज गया था। वहां से वापस आते समय तालिकाबाद गांव के निकट पीछे से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों लोग सड़क पर गिर गए। उसके बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। बाद में एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां अरविंद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अबू रेहान की हालत गंभीर होने पर उसको अस्पताल में भर्ती कराया। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक 3 भाइयों में सबसे छोटा है। उसका बड़ा भाई पुलिस में तैनात है।



बेटे की मौत के बाद रोती मां व अन्य परिजन। ● अमृत विचार

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया दिव्यांग, मौत



**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार रात हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक दिव्यांग की मौत हो गई। जिला मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे के गांव हसनगंज बेलवाली का मझरा निवासी सुखबीर यादव (25) सोमवार को साली की शादी में शामिल होने शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव नानकार आया था। परिजनों के अनुसार रात करीब 1 बजे वह छत पर शौच करने गया था। छत के ऊपर से 11000 की लाइन जा रही थी, जो कि अंधेरे में नहीं दिखी। इसी दौरान यह हादसा हो गया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

### जौनपुर के कैंटर चालक की हादसे में मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार रात डंपर और कैंटर की टक्कर हो गई। जिसमें जौनपुर निवासी कैंटर चालक देव आनंद दुबे की मौत हो गई। जौनपुर के थाना महाराजगंज के सैनपुर खुर्द निवासी देव आनंद दुबे 28 वर्ष कैंटर चालक था। कुछ दिनों पहले अहमदाबाद से डाक पार्सल गाड़ी लेकर रुद्रपुर के लिए रवाना हुआ था। सोमवार रात 12 बजे डंपर ने देव आनंद के वाहन में टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद डंपर चालक मौका पाकर फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद पुलिस भी आ गई। चालक को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा जहां चालक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी। रामपुर जिला अस्पताल आ गए। शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद घर के लिए लेकर रवाना हो गए।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



चिरंजी लाल का फोटो।

**मिलक, अमृत विचार :** दो बाइकों की टकराने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मंगलवार को नेशनल हाईवे स्थित धमौरा और राधा रमन पेट्रोल पंप के बीच में हुआ। बताया जाता है कि क्षेत्र के ग्राम बबुरा निवासी 30 वर्षीय चिरंजी लाल बाइक से अपने रिश्तेदारी में गांव रामनगर दावत खाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान दूसरी दिशा से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर जा गिरे। जहां पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

## एक नजर

### घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है कि 17 मई को उसका पति और रिश्तेदार शादी में गए हुए थे। महिला घर पर अकेली थी। तभी आरोपी युवक ओमप्रकाश मौका पाकर घर में घुस गया। उसके बाद महिला से छेड़खानी कर दी। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। युवक महिला को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। महिला ने युवक के खिलाफ तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किशोरी को बरामद कराने की गुहार लगाई

**रामपुर, अमृत विचार :** केमरी थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने एसपी को प्रार्थना दिया है। इसमें कहा कि गांव का ही रहने वाला व्यक्ति उसकी बेटी का अपहरण करके ले गया। इस मामले में आरोपी ग्रामीण पर मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने किशोरी और आरोपी को बरामद नहीं किया है। पीड़ित ने एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की।

### आज बंद रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** एसडीओ सिविल लाइन सचिन रस्तोगी ने बताया कि 33 व 11 केवी विद्युत उपकेंद्र पनवड़िया पर 4 जून को केवल बदला जाएगा। इस कारण 10 बजे से 2 बजे तक विद्युत उपकेंद्र पनवड़िया से संबंधित समस्त 11 केवी फीडर से पोषित संबंधित क्षेत्र थाना टीन, बरेली रोड, मौलवी साहब की मजार, मंडिया नादर बाग, तीतर वाली पाखड़, मस्जिद जहीरुद्दीन, गुजर टोला, कांशीराम कॉलोनी, घेर रहमत खां एवं स्वतंत्र फीडर रामपुर डिस्टलरी, गवर्नमेंट प्रेस, फेयर एक्सपोर्ट आदि की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा में कई लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा निवासी इकरार अली पुत्र अबरार अली ने पुलिस को बताया कि गांव के मुकीम पुत्र राशिद, मुस्तकीम पुत्र राशिद, सलीम पुत्र राशिद, सदाकत पुत्र नजाकत, कादीर पुत्र खुर्शीद व नाजिम पुत्र भोला एक राय होकर दिन में उसके घर में घुस आए। जिनके हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार थे। आरोपियों ने इकरार के पिता अबरार अली को मारापीटा। आरिस बचाने आया तब उसके भी मारापीटा तथा इसके बाद खुर्शीद की छत पर चढ़कर ईंट पत्थर फेंके। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से सामान लेने जा रहे व्यक्ति को पीटा

**टांडा, अमृत विचार :** चार लोगों ने व्यक्ति को रास्ते में मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम सेंटखेड़ा मझरा गूजरवाला निवासी नईम ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर से टांडा के लिए कुछ सामान लेने जा रहा था। तभी उसको अकेला देखकर करीमपुर के असगर पुत्र अफसर अली, बाबू पुत्र अशरफ व बरकत पुत्र अख्तर निवासी ग्राम करीमपुर ने प्रार्थी को पकड़ लिया और बिना किसी के पीटा। आरोपी बाबू ने तमंचे की बट नईम के सिर में मार दी, जिससे खून निकलने लगा और अशरफ ने उसके हाथ में चाकू मार दिया। इसके बाद सभी आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शारीरिक स्वास्थ्य एवं आर्थिक लाभ के लिए चलाएं साइकिल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विश्व साइकिल दिवस पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिले में साइकलिंग का आयोजन हुआ। जिसमें खेलो इंडिया के खिलाड़ी एवं अन्य खेलों के खिलाड़ी व जिले के नागरिकों ने हिस्सा लिया।

साइकलिंग का आयोजन वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने झंडी दिखाकर आंबेडकर पार्क से रवाना किया। साइकलिंग का कार्यक्रम अंबेडकर पार्क से होते हुए रोडवेज तिराहे से, पहाड़ी गेट होते हुए शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में समाप्त हुई। जैन इंटर कॉलेज से शिक्षक तुषार, मनोज, खेलो इंडिया प्रशिक्षक मोहम्मद फहीम पूर्व सीआरपीएफ कमांडेंट आईए खान कार्यालय के वरिष्ठ दयाल राम आदि लोगों ने हिस्सा लिया। वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने शारीरिक स्वास्थ्य एवं आर्थिक लाभ तथा प्रदूषण को बचाने के लिए साइकिलिंग चलाने को महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर रामपुर को फिट रखने के लिए रामपुर से प्रदूषण को कम करने के लिए प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार द्वारा जनपद वासियों से प्रतिदिन साइकिलिंग के लिए आह्वान किया।



साइकलिंग में हिस्सा लेते छात्र-छात्राएं।

## स्वार और टांडा में बाईपास के प्रस्तावों को शासन से मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तहसील स्वार और तहसील टांडा में बाइपास के निर्माण को शासन स्तर से हरी झंडी मिल गई है। तहसील स्वार में 81.50 करोड़ रुपये और तहसील टांडा में 71 करोड़ रुपये से बाईपास का निर्माण होंगे।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा दोनों बाइपास के लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने बताया कि दोनों बाईपास के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी कृष्ण वीर सिंह ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के 19 प्रस्तावों को मंजूर किया है, जिसमें दो प्रस्ताव रामपुर के भी शामिल हैं। जिम कॉर्बेट पार्क व नैनीताल पर्यटन स्थल को जाने वाले पर्यटकों द्वारा टांडा, मसवासी एवं स्वार आबादी क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है, जिसके कारण इन मार्गों पर यातायात अत्यधिक है। मार्गों की चौड़ाई कम होने से जाम की समस्या भी बनी रहती है। बाइपास के निर्माण से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा लोगों को आवागमन के दौरान बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी।

### जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों की मांग हुई पूरी

स्वार विधायक शफीक अहमद अंसारी, मिलक-शाहबाद विधायक राजबाला ने जाम को देखते हुए स्वार और टांडा में बाईपास की मांग की थी। पीडब्ल्यूडी की इस कार्ययोजना पर डीएम ने जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा के बाद सहमति जताई थी। इसके बाद योजना का एस्टीमेट और प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जनप्रतिनिधियों ने बाईपास मंजूरी पर खुशी जताई है, साथ जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह का आभार व्यक्त किया है। लोगों ने भी जिला प्रशासन का धन्यवाद किया है।

- 152.5 करोड़ रुपये से स्वार और टांडा में बनेंगे बाईपास



"दोनों बाईपास के निर्माण से जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी, तो वहीं उत्तराखंड जाने वाले पर्यटकों का भी लाभ होगा। बाईपास के निर्माण के बाद उत्तराखंड राज्य से कनेक्टिविटी शानदार होगी तो रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। रामपुर में विकास कार्यों को लेकर आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। **- जोगिंदर सिंह, जिलाधिकारी**

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में युवक पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** युवक और युवतियों के फोटो पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विष्णु विहार निवासी विशाल आर्य ने बताया कि वह और उनकी साथी मुस्कान, रानी, नाजरीन और अनम खान सेराजेम थेरेपी सेंटर में जॉब करते हैं। हम सभी ने थैरेपी करते हुए फोटो ली थी। उस फोटो को मुस्कान ने स्टेटस पर लगा लिया था। उसके बाद फोटो का स्क्रीन शाट लेकर किसी व्यक्ति ने वीडियो बना ली। हम लोगों को बदनाम करने के लिए आपत्तिजनक संदेश दिया। वीडियो को इस्लामिक लाइफ रामपुर, करीमुल्हक, इंजमाम उल हक, आयान नवाब, अलग-अलग आईडी पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## कुर्बानी के बाद सफाई का रखें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पालिका चेयरमैन सना मामून ने बकरीद को लेकर नगर में पेयजल व्यवस्था, सफाई व पथ प्रकाश व्यवस्था को लेकर बैठक की। उन्होंने सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों से कहा कि 7 जून को बकरीद पर तीनों दिन कुर्बानी के अवशेषों को एचडीपीई बैग में भरकर नमक डालकर पालिका के डम्पिंग ग्राउंड में गड्ढे में दबा दें।

मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था कराएं। स्टोर कीपर को निर्देश दिए कि फॉगिंग, एंटी लार्वा के छिड़काव के लिए नियमानुसार ब्लीचिंग पाउडर, कीटनाशक दवाई एवं चूना की व्यवस्था कराएं। तीन दिनों तक सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक निरन्तर पेय जलापूर्ति रहे। जिसके लिए पालिका के सभी नलकूपों का निरीक्षण करें। यदि किसी नलकूप पर को कोई कमी पाई जाती है उसे तत्काल सही कराएं। ओवर हैड टैंकों का निरीक्षण कर जनरेटरों की जांच करें। प्रभारी पथ प्रकाश निरीक्षक को नगर का निरीक्षण कर पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।



स्वार कोतवाली में बैठक में बोलते सीओ अतुल कुमार पांडे। ● अमृत विचार

### खुले में न होने दें कुर्बानी : सीओ

**स्वार, अमृत विचार :** ईद उल अजहा के मद्देनजर चौकीदारों की बैठक में सीओ ने कहा कि खुले में कुर्बानी न होने दें। मंगलवार को कोतवाली में क्षेत्र के चौकीदारों की बैठक हुई। जिसमें सीओ अतुल कुमार पांडे ने कहा कि चौकीदार असामाजिक तत्व समेत अपराधी प्रवृत्ति एवं अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के साथ ही हर घटना पर निगाह रखें। सीओ ने खुले में कुर्बानी एवं माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार मलिक, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार, चौकीदार हनीफ, अजय पाल, जसीम, अमरजीत सिंह, राशिद, नन्हें, राहत अली, नासिर, शेरसिंह, शिवचरण, मुन्ना, रामगोपाल, सद्दीक आदि मौजूद रहें।

### बिजली के लटकते तारों से हादसे की आशंका

**स्वार, अमृत विचार :** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के जर्जर तारों से हादसे की आशंका है। विधायक शफीक अहमद अंसारी ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा है।

मंगलवार को स्वार-टांडा के विधायक शफीक अहमद अंसारी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। जिसमें कहा कि नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तार जर्जर हालत में है। सार्वजनिक, स्कूल, धार्मिक स्थानों एवं घनी आबादी के ऊपर से हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है। ट्रांसफार्मरों की क्षमता कम होने के कारण उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। ओवरलोड के चलते रसूलपुर फीडर बंद हो जाता है। सब्जी मंडी के निकट नया ट्रांसफार्मर रखा जाए। हाथा चौराहे पर लगे खंभों को हटवाया जाए। रामपुर, बाजपुर और मुरादाबाद मार्ग के किनारे लगे खंभों को पीछे कराएं।

## मेलबर्न क्लब ने 7 विकेट से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/टांडा

**अमृत विचार :** जफर इकबाल मोहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मेलबर्न क्रिकेट क्लब व स्टार क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने 7 विकेट से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया।

नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में स्टार क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्टार क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में मात्र 87 रन सभी खिलाड़ी आउट होने के बाद बनाए। जिसमें बल्लेबाज हिमांशु पंचाल ने 22 सर्वाधिक रन, फैजल ने 20 रन, राशिद ने 12 रन, वसीम ने 9 रन, अजहरुद्दीन ने 8 रन बनाए और दूसरे बल्लेबाज टिक नहीं सके। 88 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेलबर्न क्लब ने 11.4 ओवर में 89 रन बनाए, टीम के 3 खिलाड़ी आउट हुए। बल्लेबाज मोहम्मद अलकमा अमान ने नाबाद 43 रन, गुड्डू प्रिंस ने 19 रन, गौरव डागर ने 8 रन और शहजाद ने 4 रन बनाए। मेलबर्न क्लब ने 7 विकेट से मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मेलबॉर्न क्लब के गौरव डागर को श्रेष्ठ गेंदबाजी के लिए नगरपालिका के वार्ड-10 कर सभासद पुत्र एहतराम अली द्वारा दिया। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे। स्कोरर नदीम गोरे, ऑनलाइन स्कोरर, मौलाना जुनैद और आकिब गुल रहे। अंपायरिंग अब्दुल और राहत अली ने की। यूट्यूब पर लाइव प्रसारण नाजिम अली ने किया। टूर्नामेंट कमेटी संयोजक हाजी सरफराज, अध्यक्ष हाजी जुल्फिकार, हाजी मुबीन, अलकमा अमान, गुड्डू रहमान, शादाब कुरैशी, इफ्तिखार शेखू, सगीर माया, निजाम फरीदी, हाजी फुरकान, मोहम्मद इरफान, नूरुल हुदा, मुनीर बादशाह, अमीर अहमद, शहजाद अली रहे।





विजयी टीम को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**बिलासपुर, अमृत विचार :** जाफराबाद निवासी अफसाना बी के अनुसार 7 नवंबर 2023 को उसका विवाह मोहम्मद दानिश के साथ किया था। ससुराल वाले दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित करने लगे।

महिला ने बताया कि तीन दिसंबर 2024 को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। बाद में महिला ने मायके पहुंचकर स्वजन को आप बीती बताई। इसके पश्चात महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मोहम्मद दानिश, साबरा बेगम, अब्दुल गनी, मोहम्मद रविश, फरहा नाज निवासीगण गांव मंगल पड़ाव हल्द्वानी उत्तराखंड के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



बीएसए कल्पना देवी को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

## समस्याओं के समाधान को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर के नेतृत्व में मंगलवार को शिक्षक एकत्र होकर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां समस्याओं को लेकर बीएसए कल्पना देवी को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें कहा है कि प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी अध्यापक जिनकी एक ही पद पर 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण हो चुकी है। चयन वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए। शिक्षकों की कई वर्षों से लंबित पदोन्नति शीघ्र पूर्ण की जाए। गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षक-शिक्षिकाओं को मुक्त रखा जाए। इस अवसर पर हरीश बाबू, जगदीश सरन, प्रेमचंद, चमन सिंह गौतम, ज्ञान प्रकाश गौतम, वीर सिंह, धर्मवीर सिंह, धन सिंह, लाखन सिंह, जबर सिंह, लाल भारती, रमेश पाल सिंह राजेश कुमार, विनोद कुमार मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



### एएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने मंगलवार को परेड की सलामी ली। उसके बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट चेक कर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, बैरिक, पुलिस म्यूजियम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, गैस कार्यालय, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आगामी आरटीसी की तैयारियों आदि का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर की सफाई को चेक कर निर्देश दिए।

### प्रदेश में यूपी 112 में रामपुर को मिला प्रथम स्थान

**रामपुर, अमृत विचार :** परियोजना यूपी 112 की बेहतर सेवाओं में जिले को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मई 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यूपी 112 जनपद पुलिस ने बेहतर सेवाओं के कारण प्रदेश में मई 2025 डैशबोर्ड की रैंकिंग में 97 .36 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूपी 112 के रैंकिंग सिस्टम में पीआरवी का रिस्पांस टाइम, इवेंट क्लोजर सिस्टम एवं विजिलेंस जांच रिपोर्ट के अंकों के आधार पर जनपद की रैंकिंग तय की जाती है। परियोजना यूपी-112 में सितंबर माह 2024 से जनपद रामपुर प्रथम स्थान पर रहा है। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### हिंदू संगठनों ने बकरीद को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग है कि ईद उल अजहा पर गोवंश की हत्या न हो। पूर्व विभाग संयोजक बजरंग दल विक्की पंडित, जिला धर्म प्रसार प्रमुख विहिप सुमित शर्मा, जयदीप यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रणविजय सिंह, सहप्रमुख प्रचार विभाग परागमणि वशिष्ठ, खंड संयोजक राहुल व अमित ने मंगलवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जिले के सभी थानाध्यक्षों को आदेश करने की मांग की है कि गो हत्या नहीं की जाए। इस बारे में गांव के प्रधानों को भी सूचित किया जाए कि उनके गांव या आसपास गो हत्या होने पर उन्हें भी दोषी माना जाएगा।

### टीम ने अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने और खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते बाजार नसरुल्ला खां स्थित अनीश बिरयानी सेन्टर पर बीते कुछ दिनों से अनियमितताओं की शिकायतों के दृष्टिगत दुकान के मालिक अकील पुत्र अनीस से बिरयानी का 1 नमूना लिया। मिस्टनगंज स्थित शंकर डेयरी से मालिक तरुण कुमार पुत्र हरीश कुमार से दूध का 1 नमूना लिया। खाद्य पदार्थों के कुल 2 नमूने संग्रहित करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव,अशोक कुमार, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

### सीआरपीएफ के रिटायर्ड जवान और चालक को पीटा

**मिलक, अमृत विचार :** पंजाब के जिला मलेर के थाना अमरगढ़ के ग्राम भेंडीकला निवासी भीम सिंह का कहना है कि वह सीआरपीएफ का रिटायर्ड है। वह 14 अप्रैल 2025 को चालक राजेंद्र सिंह के साथ कार से बरेली जा रहे थे। जैसे ही रामपुर-बरेली मार्ग पर खालसा ढाबे के पास पहुंचे, तो अचानक दूसरी कार ने टक्कर मार दी। उसके बाद दूसरी कार का चालक मुकेश, रवि, प्रदीप व उसके आठ-10 दोस्तों ने हमारी कार को रोक लिया। उसके बाद युवकों ने कहा कि तुम्हारी कार में गाय है जोकि काटने के लिए लेकर जा रहे हो। उसके बाद पुलिस आ गई। दोनों को थाने ले गई। रिटायर्ड जवान का कहना है कि आरोपियों ने खुद को गो रक्षा दल का बताया। जिसके बाद पुलिस ने जवान के चालक को थाने में बंद कर दिया। उसके बाद एसपी से शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर मिलक पुलिस ने आरोपी मुकेश पटेल, रवि शर्मा, प्रदीप सागर, 8-10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



### बकरीद पर मिले निर्बाध पेयजल, विद्युत आपूर्ति : बाबर

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खान ने कहा कि पूरे जनपद में ईद उल अजहा लोगों को पेयजल, विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से दी जाए। शहर नगर पालिका द्वारा मस्जिदों के बाहर चूना डलवाया जाए। मंगलवार को मोहल्ला घेर मियां खां में ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक हुई। इस अवसर पर खान शोएब यूनुस, असलम खान, बाबू खान सदर, जुनैद कुरैशी, बाबू अली खान, इकबाल खान, अर्शी खा और फैजान खान रहे।

### बकरीद पर गोवंश की रक्षा का लिया संकल्प

**मसवासी, अमृत विचार :** मंगलवार को बिजारखाता के शिव मंदिर में बैठक हुई। बैठक में बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अर्जुन गुप्ता ने कहा कि दूसरे धर्म के त्योहार पर गोवंश को न मारा जाए। गोमाता की रक्षा के लिए कार्य के लिए संगठन की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में गो रक्षा प्रमुख रवि पुजारी, अरुण कश्यप, हरिशंकर मौर्य, संजय कश्यप, आकाश मौर्य, सुभाष मौर्य, अमन मौर्य, बीरू दिवाकर, अमित, धर्मेंद्र मौर्य, अजय, निकित, राज, अनिकेत, रवि, जयप्रकाश, सोनू, जितेंद्र, सौरभ, धर्मेंद्र, कुमार रविंद्र मौर्य, शिवम राज, सतेंद्र, विनीत, रवि, आदि मौजूद रहे।

### चेयरमैन के पति ने ईदगाह का निरीक्षण किया

**शाहबाद, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष पति व सपा नेता वसीम खां ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। ईदगाह पहुंचकर कर कर्मचारियों को सफाई के निर्देश दिए। मंगलवार को नगर पंचायत चेयरमैन के पति ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ नगर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर पंचायत कर्मियों से कहा कि ईद को लेकर नगर पंचायत की ओर से ईदगाह सहित पूरे कस्बे में विशेष सफाई अभियान जारी रखा जाए। साथ ही ईद के मौके पर कस्बे वासियों को पेयजल आपूर्ति में भी कोई परेशानी न होने पाए। इस अवसर पर इमाम जमा मस्जिद मुफ्ती सलमान, नसीहत अली रहे।

### भाईचारे के साथ मनाएं बकरीद : सीओ

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली शाहाबाद के गांव चकरपुर कदीम में क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने कहा ईद उल अजहा पर नई परम्परा नहीं डालेंगे। वहीं, प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने कहा कि कुर्बानी के जो जानवर हैं, उन्हीं की कुर्बानी करें। किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। बैठक में जलीश, फरीद मालिक, लियाकत धोबी,सलीम मुंशी ,गुलाम रसूल , नियामत रसूल, नौसे मास्टर, इदरीस अहमद, भूरा सलमानी, निसार अहमद, शफीक रहे।

### मानसिक अभ्यास से होता है दिमाग का विकास : डॉ. नीलिमा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** योगविद्या में मानसिक अभ्यास करने से इंद्रियों और दिमाग में तेजी के साथ विकास होता है। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को शिक्षकों और छात्र-छात्राओं द्वारा योगाभ्यास किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नीलिमा सिंह ने ध्यान क्रिया के बारे में कहा कि योग से इंद्रियों का विकास होता है। डॉ. शिव ओम शर्मा , प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने बताया कि ध्यान तनाव को कम करता है और मन को शांत करता है। महाविद्यालय की प्रध्यापिका डॉ. नीलम मौर्य ने बताया कि ध्यान कर्म के बन्धन से मुक्त करता है। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कार्यालय के कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पशु से टकराकर बाइक सवार घायल, पशु की मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** धनारी के गांव सुनवर सराय निवासी ब्रह्मवारी धनारी से बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह पाटकपुर से नाथा मार्ग की ओर पहुंचे तभी कूबरी गांव के पास अचानक पशु सड़क पर आ गया बाइक की पशु से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पशु की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार ब्रह्मवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस 108 ने घायल ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने ग्रामीण की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया।

### सफाई कर्मचारी संघ करेगा 51 पौधों का रोपण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर ने बताया कि 51 पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्हें गोद लेकर परवरिश भी की जाएगी। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अधिशासी अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान कैलाश चंद्र, राजू अंजान, मिलन वाल्मीकि, मदन लाल, सुभाष, सुरेश, विशाल वाल्मीकि, अनिल, मनोज भारती, विनोद कुमार, पंकज कुमार, शीला सागर, सुमन भारती आदि मौजूद रहे।

# चन्दौसी चौराहा से चौधरी सराय तक हटेगा अतिक्रमण

## सड़क चौड़ीकरण के लिए बीचों बीच से दोनों तरफ फीता डालकर देखा गया अतिक्रमण, दुकानदारों में बढ़ी बेचैनी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- चन्दौसी चौराहा चौड़ीकरण के लिए तोड़ी जा चुकीं दो दर्जन से ज्यादा दुकानें
- नाले से आगे सामान न रखने या बाइकें खड़ी न करने की दी गई सख्त हिदायत

**अमृत विचार :** चन्दौसी चौराहा चौड़ीकरण के लिए दो दर्जन से ज्यादा दुकानों को तोड़ने के बाद अब प्रशासन ने चंदौसी चौराहा से चौधरी सराय तक अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण की कवायद शुरु की है। प्रशासन ने मंगलवार को सड़क की नापजोख कराई। सड़क के बीचों बीच से दोनों तरफ फीता डालकर देखा कि कितना हिस्सा अतिक्रमण की जद में आ रहा है। पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग की टीम ने दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की हिदायत भी दी। कहा गया कि पीडब्ल्यूडी के मानचित्र से अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट होगी।

प्रशासन ने चन्दौसी चौराहा चौड़ीकरण के लिए, अतिक्रमण के रूप में दो दर्जन से ज्यादा दुकानों को चिन्हित किया था जिनका अधिकांश हिस्सा तोड़ा जा चुका है। अब चन्दौसी चौराहा से चौधरी सराय तक लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाकर सड़क को चौड़ा करने की भी तैयारी है।


संभल में मुख्य मार्ग पर फीता डालकर नाप कराते अधिकारी। • अमृत विचार

### सड़क पर सामान न रखें दुकानदार

सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण की बात भी सामने आई। कई दुकानों के आगे बाइकें बेतरतीब खड़ी थीं और सामान रखा था। अधिकारियों ने दुकानदारों को हिदायत दी कि किसी भी हाल में अतिक्रमण न किया जाए। सामान या बाइकें नाले से पीछे ही रखें। वहीं लोग इस बात का अनुमान लगाने में जुटे रहे कि कितना हिस्सा अतिक्रमण की जद में आ रहा है और उस पर कब से कार्रवाई शुरू होनी है।

मंगलवार को दोपहर के वक्त तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, जेई विनियमित क्षेत्र सचिन सिंह राजस्व विभाग की टीम के साथ पहुंचे। सड़क के बीचों बीच से फीता डालकर दोनों तरफ नापजोख की गई। देखा गया कि सड़क के बीचों बीच से दोनों तरफ कितना हिस्सा अतिक्रमण में आ रहा है। जेई सचिन सिंह ने बताया कि अभी चन्दौसी चौराहा से जनता पेट्रोल पंप तक नापजोख कराई गई है। अतिक्रमण कितना है यह पीडब्ल्यूडी का मानचित्र देखकर पता चलेगा। इसे लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग ही तय करना सुनिश्चित करेगा।

### संवर जायेगी शहर की सूरत

प्रशासन की कवायद अंजाम तक पहुंची तो दो चौराहों व मुख्य मार्ग ही नहीं बल्कि पूरे संभल शहर की सूरत संवर जायेगी। अतिक्रमण हटाने के बाद अब चन्दौसी चौराहा काफी चौड़ा नजर आने लगा है। इस चौराहे पर जल्द ही सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगाने की तैयारी है। इसके अलावा चन्दौसी चौराहा से चौधरी सराय तक अतिक्रमण हटाकर रास्ता चौड़ा करने के पीछे मंशा यह है कि इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव रहता है। मुरादाबाद, बदायूं आदि शहरों से दिल्ली, बुलंदशहर जाने वाले वाहन इसी रास्ते से होकर जाते हैं।


अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों से बात करते तहसीलदार धीरेंद्र सिंह।

# आंधी-बारिश बनी आफत, पेड़ और होर्डिंग गिरे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- रेलवे फाटक के पास पेड़ गिरने से यातायात हो गया बाधित
- बदायूं रोड पर गिरा होर्डिंग,2 से 3 घंटे बाद सामान्य हो सका यातायात

**अमृत विचार:** तेज बारिश के साथ आई आंधी आफत बन गई। कई स्थानों पर पेड़, होर्डिंग गिरने से रास्ता जाम हो गया जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। 2 से 3 घंटे की मशक्कत के बाद रास्ते से होर्डिंग व पेड़ हटने से आवागमन सामान्य हो सका।

मंगलवार की दोपहर 3 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली। तेज हवाओं के चलने से बदायूं चुंगी स्थित रेलवे फाटक के पास विशालकाय पेड़ गिर गया। गनीमत यह रही कि उस समय पेड़ की चपेट में कोई नहीं आया। वरना बड़ी घटना हो सकती थी। पेड़ गिरने से यातायात पूरी तरह बंद हो गया। पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ भी मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने पेड़ हटाने का कार्य आरंभ कर दिया। लोगों ने दोपहिया वाहन कब्रिस्तान स्थित रेलवे लाइन के पास से निकालने शुरू कर दिए। 2 घंटे से अधिक समय बाद पेड़ की टहनियां हटाने के बाद यातायात सामान्य हो सका। बता दे कि फाटक 36 बी पर ओवरब्रिज के चलते मुरादाबाद व बदायूं की ओर जाने वाले वाहन फाटक 35 बी से गुजर रहे है। ऐसे में पेड़ गिरने से लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा बदायूं रोड पर गांव पथरा के पास हाइवे के ऊपर लग रहा बड़ा होर्डिंग नीचे आ गिरा। होर्डिंग गिरने से बदायूं रोड का यातायात पूरी तरह बंद हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगना शुरू हो गई। बारिश व आंधी बंद होने के बाद जेसीबी मंगाकर होर्डिंग को हटाया। करीब 2 घंटे बाद यातायात सामान्य हो सका। इसके अलावा बदायूं रोड पर गांव तारापुर के पास पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। कोतवाली के पास व सीता रोड पर भी पेड़ गिर गया। एक सब्जी विक्रेता बाल-बाल बचा। इसके अलावा कई स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचनाएं हैं।


रेल फाटक के पास गिरा विशालकाय पेड़। • अमृत विचार

### पेड़ गिरने से विद्युत लाइन टूटी, आपूर्ति ठप

आंधी व बारिश से कई स्थानों पर पेड़ व होर्डिंग गिरने से यातायात बाधित हो गया। वहीं बदायूं चुंगी से गुजर रही विद्युत लाइन पर पेड़ की शाखा गिरने से हाईटेंशन लाइन टूट गई। जिससे शहर की विद्युत आपूर्ति चौपट हो गई। बारिश रुकने के बाद विद्युत कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। देर शाम हाईटेंशन लाइन को सही करने का कार्य चल रहा है।


रेलवे लाइन से निकलते वाहन सवार।

## सांसद के मकान निर्माण मामले में अब 12 को होगी सुनवाई

**संभल, अमृत विचार :** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा बिना नक्शे के मकान निर्माण मामले में अब एसडीएम नियत प्राधिकारी डॉ.वंदना मिश्रा ने सुनवाई के लिए 12 जून की तिथि नियत की है।

वहीं सांसद की ओर से वकील ने आर्किटेक्ट से नक्शा बनवाकर प्रस्तुत किया और कहा कि विनियमित क्षेत्र से नक्शा जारी किया जाए, जो जुर्माना लगेगा वह जमा कर दिया जाएगा। इस मामले में एसडीएम ने सुनवाई के लिए 12 जून की तिथि नियत की है। बताते चलें कि मोहल्ला दीपा सराय में बिना नक्शे निर्माण के मामले में सांसद को तीन नोटिस जारी किए जा चुके हैं और 500 रुपये का जुर्माना भी लग चुका है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा की मौत, भतीजा घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के राजथल-नवादा के बीच हादसा
- सोमवार रात की घटना, अज्ञात कार चालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के राजथल-नवादा के बीच कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चाचा की मौत हो गई जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। चालक कार छोड़कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट अज्ञात कार चालक के विरुद्ध दर्ज कराई गई है।


मृतक जितेंद्र।

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ निवासी जितेंद्र 25 पुत्र रमेश सोमवार की रात 9 बजे रिश्ते के भतीजे सुरेंद्र पुत्र जय सिंह के साथ किसी कार्य से चन्दौसी आ रहा था। बाइक सवार राजथल-नवादा के बीच पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र व सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस दोनों को लेकर सीएचसी पहुंची जहां चिकित्सक ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

जबकि सुरेंद्र की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर दोनों के परिजन सीएचसी पहुंच गए। घटना के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार कब्जे में ली है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## डीएम ने तीन अफसरों का रोका वेतन

**बहजोई,अमृत विचार:** डीएम ने आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा की। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा के चिकित्सा अधीक्षक,सीडीपीओ रजपुरा व पंवासा की लापरवाही सामने आई। डीएम ने इनके मई माह के वेतन पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है।

डीएम ने 15 दिन पूर्व सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए थे। लेकिन दो सप्ताह बीतने के बावजूद किसी भी अधिकारी की ओर से जवाब नहीं दिया गया। सीएचसी रजपुरा के चिकित्सा अधीक्षक पर स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और कार्य न करने के आरोप थे। वहीं दोनों सीडीपीओ पर कुपोषण उन्मूलन, पोषण ट्रैकर अपडेशन और फील्ड विजिट में घोर लापरवाही मिली थी। स्पष्टीकरण न देने के बाद डीएम ने तीनों का मई महीने का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है। स्पष्टीकरण न देने पर विभागीय कार्रवाई करने की डीएम ने चेतावनी दी है।

# साइकिल चला दिया स्वस्थ रहने का संदेश

विश्व साइकिल दिवस

- विश्व साइकिल दिवस पर मैराथन में डीएम भी हुए शामिल

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** विश्व साइकिल दिवस पर बहजोई एथलेटिक्स व बीएमबीएल जैन कॉलेज के तत्वावधान में साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने नागरिकों के संग साइकिल चलाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

मंगलवार सुबह चंदौसी रोड स्थित बस स्टैंड से साइकिल मैराथन का आरंभ डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने किया। डीएम खुद भी साइकिल पर सवार होकर निकले। उन्होंने नियमित साइकलिंग से स्वस्थ रहने का संदेश दिया।कहा कि साइकिल से प्रदूषण नहीं होता और शरीर भी मजबूत रहता है। बीएमबीएल जैन कॉलेज के सभागार में प्रतिभागियों ने ''''स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण'''' जैसे नारों से जागरूकता का संदेश दिया। डॉ. पवन जैन, संभव जैन, साइकिल मैन जयप्रकाश गुप्ता, एकांश गुप्ता, सुमित वार्ष्णेय, अनुराग वार्ष्णेय, नीरज वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, मंजू दिलेर, विनीत यादव, राजू यादव, राजीव वार्ष्णेय, नकुल प्रताप सिंह, चैतन्य सिंह, शालिनी गुप्ता आदि मौजूद रहे।


लोगों के साथ साइकिल चलाते डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया। • अमृत विचार

### पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक गौशाला में लगाएं 50 पौधे

डीएम ने विश्व पर्यावरण दिवस व गंगा दशहरा कार्यक्रमकी तैयारियों की समीक्षा की। प्रत्येक गौशाला में 50 पौधे रोपित किए जाने की बात कही। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी वंदना ने तैयारियों को लेकर डीएम को जानकारी दी। डीएम ने कहा कि जनपद में मीठा सहजन के पौधे को प्राथमिकता के आधार पर लगवाएं। सरकारी भवनों , विद्यालयों एवं गौशाला ,मार्गों के किनारे तथा सरकारी उपवनों में भी सहजन लगाया जाए। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस व गंगा दशहरा मेला पर राजघाट पर होने वाले कार्यक्रम में सहजन एवं नीम पर बच्चों द्वारा नाटिका प्रस्तुत की जाए। डीडीओ राम आशीष, डिप्टी कलेक्टर शुभि गुप्ता, जिला अर्थ व संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने को सक्रिय रहें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

- डीआईजी ने पुलिस लाइन व थाने का किया निरीक्षण,अधिकारियों को दिये निर्देश
- डीआईजी ने थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारियों के साथ की अपराध की समीक्षा

**अमृत विचार:** डीआईजी ने पुलिस लाइन व धनारी थाने का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारी की बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सक्रिय रहने की बात कही।

डीआईजी मुनिराज जी जनपद दौरे के दूसरे दिन रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे। परेड में लगे पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चेक किया। परेड के बाद एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों के रखरखाव रजिस्टर का अवलोकन किया। पुलिस कर्मियों के लिए संचालित भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता चेक की। अपराध गोष्ठी में थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारियों को डीआईजी नेअपराध की रोकथाम कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तत्पर रहने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी अनुकृति शर्मा, सीओ संभल आलोक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### धनारी थाने का किया निरीक्षण

**संभल।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी ने थाना धनारी का निरीक्षण किया। कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना, भोजनालय व शस्त्र आदि का निरीक्षण किया गया ।साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। वहीं थाना पर आगन्तुकों के लिये उचित व्यवस्था एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये । बाल कक्ष के नवनिर्मित भवन तथा विवेचना कक्ष के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया । पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई,अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) राजेश कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे ।


आरक्षी प्रशिक्षण स्थल का जायजा लेते डीआईजी मुनिराज जी।

### रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण

डीआईजी मुनिराज जी रिक्रूट आरक्षी के प्रशिक्षण स्थल ईश्वरदास टेक्निकल इंस्टिट्यूट बहजोई पहुंचे। रिक्रूट आरक्षी के व्यवस्थापन तथा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए।

# मायके से लापता विवाहिता की जंगल में मिली लाश

संवाददाता, गुन्नौर

- हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस
- मायके में ही दो-ढाई महीने से रहती थी विवाहिता

**अमृत विचार:** मायके से लापता विवाहिता की लाश चौथे दिन जंगल में पेड़ से रस्सी से लटकी मिली । पुलिस ने मौका मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठे किए हैं।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मैढ़ोली निवासी झाऊ सिंह की पुत्री ज्योति (21 वर्ष) की शादी करीब एक साल पहले रजपुरा क्षेत्र में अंकित के साथ हुई थी। ज्योति दो-ढाई महीने से अपने मायके मैढ़ोली में ही रह रही थी। शनिवार को वह घर से गायब हो गई तो रविवार को थाना जुनावई में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कोतवाली गुन्नौर और थाना जुनावई के बॉर्डर पर गांव सैंजना मुस्लिम के जंगल में ज्योति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ के नीचे बैठे जैसी हालत में मिला। उसके गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान मौके पर पहुंचे। जुनावई पुलिस को भी बुला लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, सीओ दीपक तिवारी ने भी मौका मुआयना किया। संदिग्ध परिस्थितियों मौत होने के मद्देनजर फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं । ज्योति की मौत आत्महत्या है या उसकी हत्या की गई है, पुलिस जांच में जुटी है।

## सार संक्षेप

### शिविर में बच्चों ने सीखीं योग समेत कई गतिविधियां



**संभल, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा संभल कल्कि द्वारा छोटा आर्य समाज में चल रहे बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन अनुप्रिया अग्रवाल और पारुल रस्तोगी ने बच्चों को स्प्रे पेंटिंग सिखाई। कविता रस्तोगी ने बेसिक क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया। मौली ने डांस सिखाया तो कोमल ने मेहंदी लगाना सिखाया। मुदिता गुप्ता ने बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन आदि योगाभ्यास कराए। प्राची गुप्ता ने शिविर की उपयोगिता बताई। नीरा गर्ग ने सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।

### नियमित योग करने से स्वस्थ रहता है शरीर



**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज में छात्र छात्राओं को सूर्य नमस्कार, व्यायाम, आसन, प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया।डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा बीमारियों से निजात मिलती है। डॉ. अजय कुमार ने कहा कि योग का उद्देश्य व्यक्ति में विवेक, जागरूकता, आत्म-नियमन और उच्च चेतना विकसित करना है। डॉ. नेमपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा में योग का महत्व बहुत अधिक है। योग छात्रों को तनाव और चिंता से निपटने, एकाग्रता और ध्यान बढ़ाने, जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है।

### शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे



**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद नव उदय शाखा की ओर से पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन गोविंद बल्लभ पंत जूनियर हाईस्कूल में किया जा रहा है। मंगलवार को पराग बंसल द्वारा बच्चों को योग प्रशिक्षण दिया गया। सुनीता शर्मा द्वारा बच्चों को नृत्य के कई टिप्स सिखाए गए। कल्पना गुप्ता ने बालिका को ढोलक का प्रशिक्षण दिया। विकास गोयल, अतुल शंकर चौधरी, शहनाज, पूजा रानी, नितिन गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अनिल अधिवक्ता संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत



**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिलाध्यक्ष कुंवर सिंह यादव की संस्तुति पर अंबेपुरम कालोनी मौलागढ़ निवासी अनिल कुमार को अधिवक्ता संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष की संस्तुति पर ही घटलेश्वर गेट निवासी उमेश सैनी को जिला सचिव मनोनीत किया गया है। दोनों पदाधिकारियों से संगठन हित में कार्य करने की बात कही गई है।

### 6 ई रिक्शे किए सीज और 90 हजार का जुर्माना लगाया

**संभल, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत मंगलवार को एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन डॉ .पीके सरोज, पीटीओ योगेंद्र यादव ने चेकिंग की। 5 अपंजीकृत और 1 पंजीकृत ई रिक्शा पर कार्रवाई करते हुए सीज कराया और 90 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 2 निजी वाहनों और यातायात नियमों के उल्लंघन में 6 वाहनों का चालान किया। एआरटीओ ने वाहन चालकों से अपील की कि बिना रजिस्ट्रेशन के ई रिक्शा का संचालन न करें।

### पुलिस जांच में फर्जी निकली बैंक मित्र से लूट की घटना

**संभल, अमृत विचार :** बैंक मित्र से लूट की घटना पुलिस की जांच में झूठी निकली। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछौली निवासी शिवम मिनी बैंक मित्र है। वह सोमवार को सुबह बाइक से निकला तो फत्तेहपुर व मोहम्मदपुर टांडा के बीच एक युवक ने लिफ्ट मांगी। शिवम ने बताया गया कि उससे चार लोगों ने मारपीट कर 2 .40 लाख रुपये लूट लिए। पुलिस ने मामले की जांच की तो डॉक्टर ने बताया कि शिवम को नशा कराने या मारपीट करने का कोई साक्ष्य नहीं मिला। पुलिस ने शिवम से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि बिटकॉइन ट्रेडिंग में 1 लाख 10 हजार रुपये और विग डेडी में 1 लाख 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ था। सोमवार को उसे ग्राहकों को 2 .40 लाख की देनदारी चुकता करनी थी। इसलिए फर्जी लूट का नाटक किया।

### महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**चन्दौसी, अमृत विचार :** महानंदनपुर स्थित श्री शनि 1008 महाराज मंदिर में मंगलवार से 9 दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आशीष रामानुज दास ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश यात्रा शुरु कराई। जिसमें 51 महिलाएं पीले वस्त्र धारण सिर पर कलश लेकर चल रही है। कलश यात्रा में मुख्य रूप से सुनीता मिश्रा, भूमिका मिश्रा, तुलसी देवी, राजकुमारी, पवन कुमार सिंह, सीमा रानी, सुनील चौहान, रेखा देवी, निशू चौहान, संगीता देवी, दलपत सिंह, रेखा देवी, रामगोपाल, अंजू देवी, संजय चौहान, नीलम देवी, इंद्रपाल शर्मा, सोमवती शर्मा आदि मौजूद रहीं।

### होटल के बाहर अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



**संभल, अमृत विचार :** चंदौसी चौराहा के पास चाय के होटल के बाहर मंगलवार को नगर पालिका परिषद का बुलडोजर चला। बुलडोजर ने अतिक्रमण की जद में आए निर्माण और स्लैब आदि का तोड़ा। काफी देर तक अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई चली। ईओ नगर पालिका डॉ .मणिभूषण तिवारी ने बताया कि वहां बढ़ाकर निर्माण किया गया था। उस निर्माण और अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया गया।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है, जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है, जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# महत्व और चुनौतियां

देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। मानसून भारत की कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मानसून वार्षिक वर्षा में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। मानसून के कारण देश में जल संसाधनों का पुनर्भरण होता है, जिससे जल विद्युत उत्पादन और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। परंतु मानसून राहत के साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश से कैसे हालात पैदा होंगे, इसका सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। दक्षिण-पूर्व मानसून का आगमन मूसलाधार बारिश के साथ हुआ है और अनुमान के मुताबिक ही उसने तबाही मचाई है। मानसून के आगमन से पहले विभिन्न राज्यों में भारी बारिश से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में भी बारिश का दौर जारी है। उत्तर सिक्किम में, लगातार बारिश से सड़कें बाधित होने के साथ ही भूस्खलनों के चलते लगभग सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं। त्रिपुरा में भी सप्ताहांत के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई और लगभग पूरे सप्ताह अत्यधिक वर्षा होने का अनुमान है।

आधिकारिक आकलनों के मुताबिक, बारिश के चलते भू-स्खलन, बाढ़, औचक बाढ़ और बिजली गिरने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में 29 मई तक 30 जानें गईं और 31 मई को 22 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक बस उफनाती तीस्ता नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और बाकी यात्री लापता हैं। खबरें हैं कि आने वाले समय में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अभी तो जून की शुरुआत ही है और मानसून 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर करता है। मानसून के सामान्य से अधिक रहने के अनुमान को देखते हुए आपदाओं की बाढ़ का अनुमान स्वाभाविक माना जाएगा। जब तक बाढ़ और जल प्रबंधन की प्रक्रिया सतत जारी रखने की परंपरा विकसित नहीं होगी, चुनौतियों से पार नहीं पाया जा सकता। जल निकासी प्रणाली में सुधार न होने से बड़े शहरों में बारिश के दौरान जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो जाते हैं। चिंता की बात है कि जलाशयों का रास्ता नहीं मिलने से बारिश का पानी व्यर्थ बह जाता है। मानसून की बारिश को नुकसान के बजाय अधिकाधिक लाभ में बदला जाना चाहिए। इस दिशा में भी दीर्घकालीन नीतियों बनाने की जरूरत है। दरअसल देश को मजबूत मानसून प्रबंधन तंत्र की जरूरत है।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं।

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है। बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृहमंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो, लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदूवादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदूवादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबरा गई। अंततः हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया।

दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में ज़बरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलनकारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की, कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता।

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिलीजुली साझा सरकार भले ही है, लेकिन ये जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं।

अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस लेकर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर, उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है।

एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनॉरिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। मजे की बात यह है कि नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उन पर गहरा असर पड़ा है। तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं, इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है, लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे, लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है।

प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निस्संदेह उनकी भी छवि भारत विरोधी ही रही है, लेकिन इनमें खास यह है कि ये राजनीतिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है। ओली उत्तराखंड के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और काला पानी क्षेत्र को मुद्दा बनाकर भारत के खिलाफ रहते हैं। वहीं प्रचंड इस मुद्दे को दोनों देशों के बीच बातचीत से हल करना वाजिब मानते हैं। वे इसके बदले दार्जिलिंग में जमीन की मांग करते हैं। वे यह जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन कम से कम बातचीत का माहौल तो बनाए रखना चाहते हैं।

प्रचंड नेपाल के लिए चीन के महत्व को नकारते नहीं हैं, लेकिन भारत को दरकिनार कर चीन की गोद में बैठ जाना भी नेपाल के हित में नहीं मानते। बीते कुछ महीनों में भारत के प्रति प्रचंड के नजरिए में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। वे साफ कहते हैं कि भारत के बिना नेपाल अधूरा है। भारत का भी प्रचंड के प्रति नजरिया बदला है। प्रचंड इस बात को लेकर मुत्मइन हैं कि भारत चूंकि स्वयं को लोकतंत्र की जननी कहता है इसलिए नेपाली लोकतंत्र के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा सकता और न ही लोकतंत्र विरोधियों को शह दे सकता है। बेशक भारत के हिंदूवादी संगठन चाहते हैं कि नेपाल हिंदू राष्ट्र फिर बन जाए या राज संस्था की बहाली हो जाए, लेकिन ऐसा भारत भी चाहता हो यह जरूरी नहीं, क्योंकि वह जानता है कि नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र अब राजा लायक नहीं रह गए। हां आज यदि स्वर्गीय वीरेंद्र शाह का कोई वंश बचा होता तो हिन्दू राष्ट्र और राज संस्था दोनों की बहाली आसान होती।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता। प्रचंड यह भलीभांति जानते हैं कि उनके प्रधानमंत्री बनने में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। भारत भी भारत के लिए नेपाल की राजनीति में प्रचंड को जरूरी मान रहा हो, यह जरूरी नहीं, लेकिन नेपाल के राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियां देखते हुए भारत को अपना हित ध्यान में रखते हुए प्रचंड पर दांव लगाने पर सोचना चाहिए।

## प्रसंगवश

# शहरीकरण की बेरहम कहानी

शहरों के फैलते नक्शे में सबसे पहले मिटने वाला स्थान अक्सर तालाब होता है। कभी गांव - कस्बों के मध्य में बने तालाब जीवन का केंद्र हुआ करते थे- पूजा, विवाह, तीज-त्योहार, खेलकूद, पानी भरना, जानवरों को नहलाना सबकुछ इन्हीं के चारों ओर होता था, लेकिन आज वही तालाब कंक्रीट की बस्तियों के नीचे दब रहे हैं। नगरों के शहरी विकास ने पारंपरिक जल-संरचनाओं की अहमियत को भुला दिया है।

भूमाफिया और रियल एस्टेट लॉबी ने इन्हें जमीन के खाली टुकड़े मान लिया है और जब शासन-प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत हो, तो ये तालाब धीरे-धीरे नक्शे से भी गायब हो जाते हैं। पहले पाटे जाते हैं, फिर रेत और मलबे से भरे जाते हैं, और अंततः प्लॉटिंग कर दी जाती है। यही प्लॉट कुछ वर्षों में दुकान, मकान या शॉपिंग मॉल में बदल जाता है। पानी, जो कभी वहां का आधार था, अब वहां से भटककर बस्तियों में घुस आता है। इस अतिक्रमण से भूजल स्तर गिरता है, बारिश का जल ठहरता नहीं और शहर जलजमाव से कराहते हैं। तालाब का मरना केवल एक प्राकृतिक संसाधन का अंत नहीं, एक सांस्कृतिक मृत्यु भी है और विडंबना यह है कि यह मृत्यु हमारी आंखों के सामने, हमारी सहमति से हो रही है। अतिक्रमण की इस कहानी के उदाहरण देशभर में बिखरे पड़े हैं, जिनमें प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय दबाव साफ दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सुंदरवल गांव का मामला सामने आया, जहां सरकारी तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े दुकानें बना दी गईं। स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग मौन रहा।

अयोध्या के मीरापुर मोहल्ले में स्थित एक ऐतिहासिक तालाब लगभग पूरी तरह पाट दिया गया। 90 प्रतिशत हिस्से में अब निर्माण हो चुका है। बिजनौर जिले के नहटौर कस्बे में 120 बीघा तालाब पर वर्षों से अवैध कब्जा था, जिसे प्रशासन ने हाल ही में मुक्त कराया। ये घटनाएं बताती हैं कि अतिक्रमण केवल गरीबों की जरूरत से नहीं, बल्कि पैसे और सिफारिश की ताकत से होता है। कहीं तालाब को स्कूल बनाने के बहाने कब्जाया जाता है, तो कहीं पार्क का नाम देकर दीवार खड़ी कर दी जाती है। फिर वो दीवार साल-दर-साल पक्के निर्माण में बदल जाती है। अफसोस की बात है कि जिन दस्तावेजों में तालाब दर्ज हैं, वहां भी प्रशासनिक रिकॉर्ड को नकार दिया जाता है। इससे यह साबित होता है कि कागज की लड़ाई सिर्फ ईमानदार नागरिक ही हारते हैं, भूमाफिया नहीं। प्रशासन की चुप्पी इस संकट की सबसे खतरनाक परत है। जब शिकायतें दर्ज होती हैं, तो उन्हें 'पुराना मामला' या 'न्यायालय में लंबित' कहकर टाल दिया जाता है। फाइलें महीनों चलती हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो सरकारी रिकॉर्ड से तालाब की पहचान ही मिटा दी जाती है या तो उसे 'खाली भूमि' दर्ज कर दिया जाता है या 'अराजी' घोषित कर दिया जाता है। यही वह प्रशासनिक चाल है, जिससे जमीन का मालिकाना बदल जाता है। स्थानीय नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से तालाब पाटे जाते हैं और जमीन का नक्शा बदल जाता है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश शहरों और कस्बों में आज के तालाब केवल 'कहानी' रह गए हैं। बच्चे पूछते हैं: "तालाब क्या होता है?" और हम तस्वीर दिखाकर बताते हैं। यह एक सांस्कृतिक शून्यता है, जो चुपचाप हमारे चारों ओर पनप रही है। इसलिए प्रश्न अब केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है कि हम क्या खो रहे हैं?



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

अंततः, तालाबों का संरक्षण केवल जल प्रबंधन का सवाल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और भावी पीढ़ियों के अधिकार का सवाल है। यह अतिक्रमण केवल भूमि हथियाने की कहानी नहीं, बल्कि एक सभ्यता के स्मृति-चिन्हों को मिटाने की साज़िश है। अगर हमने अब भी नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में बच्चों को तालाब केवल किताबों में मिलेंगे जैसे आज सिंधु घाटी की सभ्यता मिलती है। हमें यह समझना होगा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, सामाजिक एकता, परंपरा और पर्यावरण का बुनियादी आधार हैं। प्रशासन को सख्त नीति अपनानी होगी, तालाबों का डिजिटल नक्शा तैयार कर सार्वजनिक करना होगा और प्रत्येक अवैध निर्माण पर सज़ा तय करनी होगी। साथ ही हमें शिक्षा, संवाद और सामूहिक प्रयासों के जरिए यह चेतना फैलानी होगी कि "तालाब बचाओ" केवल नारा नहीं, आवश्यकता है। यदि हम सच में एक जीवंत समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें उसके 'जल स्रोत' को नहीं, 'जल चेतना' को पुनर्जीवित करना होगा।

# समुद्री सीमा पर मंडराता प्रदूषण का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है।

लाइबेरियाई कंटेनर जहाज केरल के अलपुजा तट पर थोतापल्ली से कोई 14.6 समुद्री मील दूर समुद्र में डूबने के बाद सारे क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। यह शनिवार 24 मई को एक तरफ झुकना शुरू हुआ और रविवार 25 मई की सुबह लगभग 7.50 बजे पूरी तरह से डूब गया। भारतीय तटरक्षक दल ने तो तत्परता से जहाज पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन समुद्र कैसे बचे, इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जहाज में भरा तेल और भट्टी में जलाने के काम आने वाला तेल तो सागर के जैविक संसार के लिए खतरनाक है ही, उसमें लदे कंटेनर में भरे रासायनिक पदार्थ लंबे समय तक तबाही का कारण बन सकते हैं। इस जहाज में कुल 640 कंटेनर लदे थे। इस लेख को लिखे जाने तक कम-से-कम 54 कंटेनर कोल्लम (43), तिरुवनंतपुरम (9) और अलप्पुझा (2) के समुद्र तटों पर बहकर आए हैं। इसके बावजूद, केरल के तट के पास उच्च समुद्र की लहरों से क्षतिग्रस्त कंटेनरों का मलबा केरल के दक्षिणी समुद्र तटों पर आ सकता है। तिरुवनंतपुरम के तट पर छोटे-छोटे प्लास्टिक और पॉलीथीन के दाने बहकर आए हैं, जो लंबे समय तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का खतरा बन सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि रबर सॉल्यूशन समुद्र के पानी के साथ प्रतिक्रिया कर चुका है, जिसके कारण प्लास्टिक के ये दाने पाए जा रहे हैं। अभी तक इनके सुरक्षित तरीके से निपटाने का कोई स्पष्ट समाधान नहीं है।

राज्य सरकार ने इसे प्रादेशिक स्तर की आपदा घोषित कर स्वयंसेवकों की मदद से समुद्र तट की सफाई शुरू की है। कैल्शियम कार्बाइड वाले पांच कंटेनर, जो एक और प्रदूषण का खतरा हैं, समुद्र के तल पर पड़े हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाना आवश्यक है ताकि वे नुकसान न करें। मुख्य चिंता यह है कि जो चीजें लदी थीं, उनमें से 13 को "खतरनाक कार्गो" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और 12 में कैल्शियम कार्बाइड था। इसके अलावा, जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस तेल भी है। ये कंटेनर कोई तीन किलोमीटर की गति से समुद्र में बह रहे हैं और कहा नहीं जा सकता कि कौन-सा कंटेनर किस दिशा में कहां जाए और क्या-क्या नुकसान करे। केरल सरकार ने भी नुकसान कम करने, इसका आकलन करने की दिशा में कुछ फौरी कदम उठाए हैं। 20 समुद्री मील की दूरी तक मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ सफाई करने के ख्याल से हर 100 मीटर पर वॉलिंटियर लगाए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के अलावा तेल रिसाव की स्थिति पर नजर रखी जा रही। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने समुद्री पर्यावरण पर जहाज दुर्घटना के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। दरअसल मानसून समय से पहले आ गया है और मुख्य चिंता यह है कि यह समय समुद्री जीवों, खासकर मछलियों का प्रजनन काल होता है। ऐसे में तेल और खतरनाक रसायन का रिसाव समुद्री उत्पादकता को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा और गंभीर रिसाव होने पर समुद्री जीवों का दम घुट सकता है, जिससे दूरगामी नुकसान की आशंका है। शुरुआती आकलन यह है कि इस जहाज में लदे कैल्शियम कार्बाइड से भरे कंटेनरों से सबसे भयावह नुकसान की आशंका है। जहाज की ईंधन टंकी में रखे डीजल की बड़ी मात्रा का रिसाव भी समुद्र के लिए घातक है। तेल अगर समुद्र तटों, मैंग्रोव जंगलों और दलदली भूमि पर जमा हो गया, तो यह संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। जहाज में लदा फर्नेस तेल वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल (वीएलएसएफओ) कहलाता है। पेट्रोलियम के इस उत्पाद का उपयोग जहाजों के इंजन में ईंधन के रूप में किया जाता है। इसमें गंधक की मात्रा कम होती है, लेकिन कुप्रभाव डीजल की तरह ही होता है।

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्यपालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इनमें से 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। केन्द्र सरकार भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाजों की उम्र तय करने पर विचार कर रही हैं। जलयान विभाग के महानिदेशक श्याम जगन्नाथन के मुताबिक, जहाज की उम्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत कोई बंधन नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है कि भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाज समुद्री मानदंडों का पालन करें।

## सोशल फोरम

# इतिहास का एक सबक

बांग्लादेश देश बनने के बाद से पाकिस्तान ने 'हजार घाव देकर भारत का खून बहाते रहने' की नीति अपना ली, जिसे वह निरंतर आतंकी हमलों के माध्यम से अंजाम देता रहा है। लिहाजा दोनों के बीच लगातार छद्मयुद्ध जारी है। 22 मई 2025 को पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड को इस दीर्घ सिलसिले की अंतिम कड़ी कहने की तीव्र इच्छा होने के बावजूद, निश्चित रूप से इसे अंतिम कहना कठिन है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इतिहास गवाह है कि विभाजन के बावजूद भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का हल नहीं हुआ। दोनों देशों में रह गए अल्पसंख्यकों का सवाल किसी ने नहीं उठाया। कांग्रेस ही उठा सकती थी, किंतु वह पाकिस्तान प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने के बावजूद अपने इतिहास से, एक राष्ट्र सिद्धांत से बंधी हुई थी। लिहाजा पश्चिमी पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया हो गया। पूर्वी पाकिस्तान में यह काम किस्तों में हुआ। विभाजन के समय, फिर 1950 में, जो नेहरू लियाकत पैक्ट की पृष्ठभूमि बना। फिर बांग्लादेश युद्ध के पूर्व और उसके दौरान। फिर शेख हसीना के तख्तापलट के पहले और उसके बाद। भारत में भी अल्पसंख्यकों की स्थिति सामान्य नहीं है। चीन ने 1963 से ही पाकिस्तान से होकर अरब सागर में ग्वादर तक 3000 किमी लंबा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण की योजना पर काम करना शुरू कर दिया था।

इस गलियारे की काफी दूरी पाकिस्तान अधिकृत (गिलगित-बाल्टिस्तान के) तथा चीन-अधिकृत (शक्सगाम घाटी के) भारतीय भूक्षेत्र से होकर गुजरती है। हमारे दोनों शत्रु नाभिकीय अस्त्रों से संपन्न हैं। दोनों देशों के इस सामरिक और आर्थिक गठजोड़ ने भारत की सुरक्षात्मक स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। देश का विरोधी पक्ष युद्ध विराम के लिए सरकार को लगातार कोस रहा है। सरकार भी, शायद फेससेविंग के तहत, पाकिस्तान को लगातार ललकार रही है। बस भूलकर भी चीन का नाम नहीं लेती। जैसे किसी यूटोपिया में जी रही हो।

-फेसबुक वॉल से

# कोविड संक्रमण से बचने के लिए चमगादड़ों पर अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है।

कोविड-19 विषाणु के संक्रमण से फैली महामारी से छुटकारा मिला ही था कि इस विषाणु के दो नए विभेदों (वेरिएन्ट्स) ने फिर से दुनिया में खतरा पैदा कर दिया है। ये दोनों वेरिएन्ट्स अत्यधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन अधिक खतरनाक नहीं है। भारत में इस समय सार्स कॉव-2 के दो वेरिएन्ट्स एलएफ़. 7और एनबी.1.8.1 सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर इसका तकनीकी सलाहकार समूह (टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप-कोविड-वैक्सीन) नियमित रूप से कोविड-19 वैक्सीन के उक्त वेरिएन्ट्स पर असर का आकलन करना जारी रखता है ताकि वैक्सीन संरचना के अपडेट पर निर्णय लेने में मदद मिल सके।

15 मई 2025 को प्रकाशित नवीनतम अनुशंसा में तकनीकी सलाहकार समूह ने सलाह दी कि कोविड-19 वैक्सीन के लिए जेएन.1 या केपी.2 रेकॉम्बिनेंट/मोनोवैलेंट एंटीजन असरदार बने रहेंगे। मोनोवैलेंट एलपी.8.1 एक उपयुक्त वैकल्पिक वैक्सीन एंटीजन है। भारत में अभी उक्त वेरिएन्ट्स से 4000 से अधिक व्यक्ति प्रभावित हो चुके हैं और कम से कम 32 व्यक्तियों की मौत भी हो चुकी है। स्थिति पर भारत सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च एवं आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल पूरी तरह से नज़र रखे हुए हैं। गत शनिवार 31 मई 2025 को इस बाबत बैठक हो चुकी है। प्रांतीय सरकारों के स्वास्थ्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु की बायोलॉजी, जूनॉटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, विषाणु और संक्रमित व्यक्ति के संबंधों (होस्ट-पैथोजन रिलेशनशिप), विषाणुओं के व्यवहार और इनके रिजर्वायर (चमगादड़) के अलावा इनकी किस्मों के बारे में अध्ययन के अलावा टीका विकसित करने के लिए विषाणुओं की जरूरत और टीका का विकास के बारे में सोचें तो वैज्ञानिकों का सबसे पहला ध्यान चमगादड़ पर ही जाता है। लंबे समय से दुनिया के वैज्ञानिक दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले चमगादड़ों के शरीर में निवास करने और पलने वाले अनेक किस्म के विषाणुओं का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन इन्हें प्रयोगशाला में उत्पन्न करने और टीका विकास में इनका इस्तेमाल करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। मौजूदा समय में जो दर्जनभर टीके दुनिया में माइक्रो-रायिबोन्यूक्लिक (एम-आरएनए) टेक्नोलॉजी और पुराने तरीके से विषाणु को कमज़ोर करके (एटेन्युएटेड एवं किल्ड वायरस) इस्तेमाल से शरीर में एंटीबाडीज विकसित करने के लिए किए गए हैं। उनके लिए विषाणु को संक्रमित मनुष्यों से ही प्राप्त किया गया था। इस प्रकार प्राप्त विषाणुओं के करैक्टरायिज़ेशन और प्रोटीन संरचना को समझ कर टीका विकसित किया गया ताकि वायरल प्रोटीन के विरुद्ध एक इच्छित स्तर तक प्रतिपिंड बना सके।

साइंस पत्रिका के 15 मई सन् 2015 के अंक में प्रकाशित लेख -एक्स्पैन्डेड यूटिलिटी बेल्ट फॉर टैक्लिंग बैट वायरसेस के माध्यम से मालूम हुआ है कि वैज्ञानिकों को चमगादड़ों से प्राप्त ऊतकों में कोरोना वायरस को विकसित करने में सफलता मिली है। इससे टीका विकास में सटीकता आएगी। चमगादड़ों में वायरस की एक बड़ी और विविध श्रृंखला होती है, जिसमें उन वायरस के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जिनकी वजह से मनुष्यों में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस), मध्य-पूर्व देशों में देखे गए श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस) और कोविड-19 महामारी का प्रकोप हुआ था। फिर भी इन वायरस को ले जाने वाले चमगादड़ों में बीमारी के न्यूनतम लक्षण दिखाई देते हैं।

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने रूसेट्टस इजीप्टियाकस चमगादड़ के फेफड़ों और आंत की भीतरी झिल्ली के ऊतकों का इस्तेमाल किया। चमगादड़ की यह किस्म मिस्र देश में होती है और फलों को खाती है। चमगादड़ की यह किस्म अफ्रीका, मध्य-पूर्व के देशों, भूमध्य सागर के निकट के देशों और भारत में भी पाई जाती है, जिसकी छह प्रजातियां हैं। सन् 1810 से इस चमगादड़ पर अध्ययन किए जा रहे हैं और सतत निगरानी भी रखी गई है। ये चमगादड़ ईरानी बकैण, जंगली खजूर, संतरा, केला, लोकाट और गूलर के फल खाते हैं। इनके शिकारी पक्षी जब इन चमगादड़ों को खाते हैं, तो इनके शरीर में भी वायरस और परजीवी प्रवेश करते हैं। संक्रमित पक्षियों से भी मनुष्य में संक्रमण प्रवेश कर सकता है। जानकार हैरानी हो सकती है कि संसार में चमगादड़ों की 1400 किस्मों के शरीर में अब तक 8176 प्रकार के विषाणुओं के बारे में मालूमात दर्ज की गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# गोरखपुर में करंट से युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

संवाददाता हसनपुर


मृतक संजय।

● मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ अलीगढ़ मार्ग किया जाम

**अमृत विचार:** आदमपुर के एक गांव के युवक की गोरखपुर में करंट से झुलसने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा है। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ अलीगढ़ मार्ग जाम कर दिया।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल निवासी 32 वर्षीय संजय पुत्र करन सिंह परिवार के साथ 20 दिन पहले बिजली की लाइन का काम करने के लिए गोरखपुर गया था। वहां रविवार को काम करते समय हाईटेंशन विद्युत लाइन के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। साथियों ने इलाज के लिए नजदीक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान संजय की मौत हो गई। परिवार वाले सोमवार देर रात शव गांव लाए। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मुआवजे की मांग को लेकर दाढ़ियाल चौराहे पर अलीगढ़ मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोला। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

# लोन की जानकारी करने गए दंपती से बैंक मैनेजर ने की अभद्रता

**गजरौला, अमृत विचार:** लोन की जानकारी करने बैंक गए दंपति को मैनेजर अभद्रता करते हुए बाहर निकल दिया। पीड़िता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव अहरौला तेजवन निवासी शिक्षा देवी पत्नी कपिल सिंह ने अपने परिवार का गुजारा करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ई-रिक्शा लेने के लिए शहर की एक बैंक शाखा से एक लाख 60 हजार रुपये के लोन का आवेदन किया था। सोमवार को दंपति लोन की जानकारी लेने के लिए बैंक गए तो बैंक मैनेजर अभद्रता करते हुए सिक्योरिटी गार्ड से बाहर निकला दिया।

## मिठास भरी खबर: विदेशियों को हमेशा लुभाता रहा है अमरोहा के आम का स्वाद

# अच्छी शुरुआत... दुबई से 300 टन आम का मिला आर्डर

प्रबल प्रभाकर, अमरोहा

**अमृत विचार:** इस बार भी अमरोहा के आम निर्यातकों को विदेश से आम के ऑर्डर मिल चुके हैं। हर वर्ष 200 टन आमविदेश भेजा जाता है। इस बार 300 टन के आर्डर पहले ही मिल चुके हैं। कारोबारियों का कहना है कि मैंगो पैक हाउस के शुरू होने से आम कारोबार को और फायदा हुआ है।

विदेशों में आम के दीवानों को अमरोहा का आम काफी पसंद आता है। सरकार ने अमरोहा में मैंगो पैक हाउस खोला जिसका आम व्यापारियों को और लाभ मिल रहा है। जिले में करीब 12 हजार हेक्टेयर भूमि में आम की फसल होती है। यहां से अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, सऊदी, ईरान, इटली समेत जर्मनी, इंग्लैंड तक आम निर्यात किए जाते हैं। जिला मुख्यालय के अलावा तहसील हसनपुर, नौगांवा सादात में आम के बड़े-बड़े बाग है। इनमें दशहरी, चौसा, लंगड़ा, बंबइया, फजरी मशहूर किस्मे हैं। कारोबार के नजरिए से इस बार यहां के आम उत्पादों के लिए भी मिठास भरी खबर है। इस साल अमरोहा के आम की एक बड़ी खेप दुबई जाएगी। सीजन की शुरुआत में ही एक स्थानीय निर्यातक को 300 टन आम का बड़ा ऑर्डर मिला है। सिर्फ दशहरी लंगड़ा व चौसा का निर्यात होना है।


बाग में पेड़ पर लदा आम।


पेटी में आम पैक करते बच्चे।

● मैंगो पैक हाउस शुरू होने से आम कारोबार को मिला और फायदा

### दशहरी, चौसा व लंगड़ा ज्यादा पसंद

यहां पैदा होने वाला दशहरी, चौसा और लंगड़ा सभी की पसंद है। विदेशी मुल्कों में सबसे ज्यादा ऑर्डर भी इन तीन वैरायटी के ही मिलते है। नदीम सिद्दीकी ने बताया किदूसरी किस्म के आम भी विदेशी कारोबारियों के सामने रखे गए लेकिन वे कोई खास अपनी पहचान नहीं छोड़ पाए। जिसके चलते आम उत्पादक भी अपने बागों में इन्हीं किस्मों की पौध लग रहे हैं।

### जुलाई माह से भेजा जाएगा आम

मैंगो संगठन के अध्यक्ष नदीम सिद्दीकी ने बताया कि दुबई से आम के आर्डर मिलने शुरू हो गए हैं। जुलाई माह से आम भेजा जाएगा। इस साल कारोबार बेहतर होने की उम्मीद लगाई जा सकती है। खासकर सऊदी अरब और खाडी देश के लोग अमरोहा के आम की ज्यादा डिमांड करते हैं। इस बार जापान से भी आर्डर मिले हैं। एक्सपोर्टर की माने तो अधिक गर्मी होने के कारण अभी आम को पेड़ों से तोड़ा नहीं जा रहा है। बरसात होने के बाद आम की फसल में और निखार आएगा।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा की बैठक फाजलपुर में आयोजित

**गजरौला, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बैठक का मंगलवार को शहर के फाजलपुर में अरुण सिद्धू के आवास आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों के लिए गंभीर नहीं है। सरकार ने बिजली की दरें बढ़ाई तो संयुक्त मोर्चा आंदोलन करेगा। अरुण सिद्धू ने कहा कि चुनाव आने पर सरकार के द्वारा नई-नई घोषणाएं की जाती हैं। चुनाव के बाद जमीन पर की गई घोषणा नजर नहीं आती।

डूंगर सिंह महाशय, दिनेश कुमार उपाध्याय, रामचंद्र सिंह, चौहान जसवीर सिंह, चौहान प्रभु सिंह चौहान, प्रेमपाल नाथ, जयंत कुमार आदि लोगों को प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया गया। राष्ट्र कोषाध्यक्ष नरेंद्र चौहान, मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू, विजयवीर सिंह, सरदार परमजीत सिंह, कामिल चौधरी, पंचम सिंह, जयंत चौधरी आदि किसान लोग मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ दशहरा... दिल्ली हाईवे पर रहेगा रूट डायवर्ट

## पाकबड़ा चौराहा, संभल चौराहा, जोया चौकी, चौपला चौकी, बृजघाट चौकी पर पुलिस की गई तैनात

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ दशहरा को लेकर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है। बुधवार शाम से रूट डायवर्जन को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

ज्येष्ठ दशहरा पर लाखों श्रद्धालु बृजघाट व तिगरीधाम गंगा में स्नान करेंगे। भीड़ ज्यादा होने का अनुमान लगाते हुए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बुधवार से रूट डायवर्ट किया जाएगा। टीएसआई अनुज मलिक ने बताया कि मुरादाबाद की तरफ पाकबड़ा चौराहा, जोया में संभल चौराहा, जोया चौकी, गजरौला में चौपला चौकी, बृजघाट चौकी के पास पुलिस तैनात की गई है। हसनपुर में संभल चौराहा, मंडी धनौरा में पत्थर कुटी पर भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। तिगरी में अस्थायी पार्किंग भी बनाई गई है। अभी रूट डायवर्ट नहीं किया गया है। भीड़ बढ़ने पर रूट डायवर्ट किया जाएगा।


तिगरी गंगा घाट पर निरीक्षण करतीं डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित आनंद।

**रूट डायवर्जन... दूसरे रास्तों से निकाले जाएंगे वाहन :**

● **शाहजहांपुर** से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शाहजहांपुर के कटरा, जलालपुर, बदायूं, बबराला, नरौरा, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

● **बरेली** से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को आंवला से शाहबाद, बिलारी, चंदौसी, बबराला से डिबाई/नरौरा, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

● **रामपुर** से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शाहबाद से डायवर्ट कर बिलारी, चंदौसी, बबराला, नरौरा होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।

● **मुरादाबाद** से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को वाया संभल, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर, सिकंदराबाद होते हुए गाजियाबाद, दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।

● **मुरादाबाद** से मेरठ की ओर जाने वाले वाहनों को टीएमयू के पास से अगवानपुर बाईपास, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर, बैराज, मीरापुर, मवाना होते हुए मेरठ भेजा जाएगा।

● **चांदपुर** से गजरौला होते हुए दिल्ली जाने वाले वाहनों को बिजनौर के जलीलपुर से डायवर्ट कर गंगा पुल से होते हुए हस्तिनापुर, मवाना, मेरठ, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

● **संभल** से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को बहजोई, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

● **अमरोहा** से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी व हल्के वाहनों को शिवाला कलां, नूरपुर, बिजनौर, मेरठ, मवाना, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

● **गजरौला** चौपला से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को गजरौला, हसनपुर, रहरा, गवां, अनूपशहर से बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।

● **मंडी** धनौरा से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को चांदपुर, बिजनौर, मवाना, मेरठ होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

● **हसनपुर** से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को संभल, बहजोई, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

### डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने किया तिगरी, बृजघाट में व्यवस्थाओं का निरीक्षण

डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार शाम बृजघाट व तिगरीधाम गंगाघाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। मौके पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं के स्नान व पूजन आदि में किसी तरह की परेशान न हो, इसके लिए गंगाघाटों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया। कहा कि गोताखोरों को अलर्ट किया जाए। गहरे पानी में बेरिकेडिंग की जाए ताकि श्रद्धालु वहां स्नान न करें। बाढ़ खंड अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि पर्याप्त नाव की व्यवस्था की जाए। स्वास्थ्य विभाग को अच्छी व्यवस्था व आवश्यक दवाएं आदि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस टीमों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया। एसडीएम चंद्रकांता, सीओ श्वेताभ भास्कर समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गृह क्लेश के चलते ई-रिक्शा चालक ने फंदा लगाया


विलाप करते मृतक संजय के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर


मृतक संजय।

● ई-रिक्शा बेचकर पैसे परिवार में नहीं दिए इसलिए होता था विवाद

**अमृत विचार:** गृह क्लेश के चलते ई-रिक्शा चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मंगलवार की सुबह लोगों ने भूरे शाह की दरगाह पर शीशम के पेड़ पर शव को लटका देखा। शव नगर के मोहल्ला पुरानी घास मंडी निवासी संजय उर्फ कलुवा पुत्र नरेन्द्र दास का था। कुछ ही देर में वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजन भी रोते बिलखते पर पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि संजय ई रिक्शा चलाकर परिवार का पालन करता था। ई-रिक्शा की नीलामी के बाद संजय ने परिवार को पैसे नहीं दिए थे। 10 हजार रुपए किसी को उधार दे दिये थे। इसी बात को लेकर घर में क्लेश चल रहा था। सोमवार को संजय घर से लापता हो गया। परिवार के लोगों ने उसे काफी रात तक तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं लग पाया। रात्रि किसी समय परिवार के लोगों से संजय के मोबाइल पर बात हुई थी। उसने भूरे शाह की दरगाह के समीप होना बताया था। परिजन उसे तलाश करने के लिए वहां पहुंचे भी थे। लेकिन वह नहीं मिला। मंगलवार की सुबह उसका शव लटका मिला। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गंगा एक्सप्रेसवे के मजदूरों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों को करीब चार महीने से मजदूरी नहीं मिल पाई है। मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने प्रदर्शन कर मजदूरी दिलवाये जाने की मांग की है।

हसनपुर के गांव मंगरोला में गंगा एक्सप्रेसवे पर निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें भारी संख्या में मजदूर काम कर रहे हैं। मंगलवार को मजदूर एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। मजदूर गांव हथिया खेड़ा निवासी किशोर ने बताया कि वह करीब चार महीने से मजदूरी कर रहा है। उसके साथ-साथ गांव मंगरोला, मंगरौली, रुस्तमपुर, रुखालू आदि गांवों के मजदूर भी मजदूरी कर रहे हैं। चार महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल पाई है। पैसे मांगने पर कंपनी ने सभी मजदूरों को हटा दिया है। वह पैसे देने में टाल मटोल कर रहे हैं। जिससे मजदूरो के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार को जब ठेकेदार से मजदूरी दिलाने के संबंध में बात की गई तो वह आनाकानी करने लगा। मजदूरों ने प्रदर्शन करते हुए मजदूरी दिलाए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी से शिकायत करने की बात कही। प्रदर्शन करने वालों में चंदकिशोर, गोविंदा, धर्मेंद्र, किशोर, अमित, लालसिंह, अनिल, विजय, बबलू, संजय, रामपाल, अंकित, सुनील, शंकर, बृजेश, कोशिंदर, कौशल, हरिराज, सतीश, शीशपाल, कल्लन, छत्रपाल, अशोक आदि शामिल रहे।


प्रदर्शन करते गंगा एक्सप्रेसवे के काम में लगे मजदूर। ● अमृत विचार

● चार महीने से मजदूरी न मिलने का लगाया आरोप

# तीन युवकों पर मारपीट, छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने गांव निवासी तीन युवकों पर गाली गलौज, मारपीट एवं छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे अपने खेतों सेलौट रही थी। तभी गांव निवासी तीन युवक उसे मार्ग पर मिले और उसके साथ गाली गलौज एवं मारपीट करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। इस दौरान किशोरी के कपड़े भी फट गए। किसी तरीके से किशोरी वहां से अपनी जान बचाकर भागी और अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। जिसके बाद परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी तीनों युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# ट्रैक्टर ट्राली पुल से सूखी नदी में गिरी, युवती की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** भात के कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे ग्रामीणों की ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल से नीचे सूखी नदी में जा गिरी। युवती की मौत हो गई। जबकि आठ से अधिक लोग घायल हो गए।

गजरौला क्षेत्र के गांव चक कुदैना से सोमवार को एक परिवार के लोग रहरा के मलकपुर गांव में भात भरने गए थे। रात में वे ट्रैक्टर-ट्रॉली से लौट रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों से भरी हुई थी। ट्रैक्टर ट्राली रहरा थाना इलाके में गांव भावली के नजदीक स्थित बगद नदी पर बने पुल से अनियंत्रित होकर सूखी नदी में जा गिरी। हादसे में राम सिंह उर्फ मस्ता की 20 वर्षीय बेटी माया की मौत हो गई। जबकि संतोष, अर्चना, दया, प्रीति समेत करीब आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने रहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि हादसे में एक युवती की मौत हुई है। बाकी घायलों का इलाज कराया जा रहा है।


युवती की मौत पर विलाप करते परिजन।

● रिश्तेदारी में भात भरकर घर लौटते समय हुआ हादसा

## सार-संक्षेप

### भाकियू बीआरएसएस की बैठक में हुआ संगठन का विस्तार



**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस की बैठक में नई जिम्मेदारियां दी गईं। संगठन को मजबूत करने एवं किसानों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। गोकुलधाम कॉलोनी में स्थित जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर के आवास पर बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए शिवकुमार को ब्लॉक अध्यक्ष असमोली एवं इकबाल हुसैन को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी का जिला अध्यक्ष ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि 12 जून को हसनपुर नगर में किसानों की एक महापंचायत आयोजित की जाएगी जिसमें किसानों की समस्याओं का समाधान अधिकारियों द्वारा कराया जाएगा।

### ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर कराया भंडारा



**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में अंबेडकर चौक के नजदीक स्थित भारतीय स्टेट बैंक हसनपुर शाखा ने ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को भंडारे का आयोजन कराया। जिसमें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने बताया कि ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार का अपना विशेष महत्व होता है। अंकित जोशी, उत्तम मिश्रा, मनोज अग्रवाल, धीरेन्द्र पाल सिंह, अभिषेक कुमार, ऋद्धि गुप्ता, मोहित कुमार, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### पंचायत में बड़ी संख्या में किसानों से पहुंचने की अपील

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मंगलवार को क्षेत्र के गांव चुचौला कला में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक पंचायत में कस्बा निवासी इरफान कुरैशी को भाकियू का युवा जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह ने कहा कि बिजली सहित कई विभागों के अधिकारी मनमानी का रवैया अपनाए हुए। किसान परेशान हैं। उन्होंने किसानों से बुधवार 4 जून को गजरौला में आयोजित होने वाली महापंचायत में बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की। युवा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, दानवीर सिंह पिंटू, सुभाष चीमा, प्रिंस, कलव सिंह, वीरेंद्र सिंह, आरिफ फैजी एडवोकेट, नसीम अहमद मुमताज अहमद, हाजी नन्हू, बचन सिंह आदि रहे।

### बरातियों से मारपीट में आठ नामजद समेत 15-20 पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** बरात चढ़त के दौरान बरातियों से मारपीट व पथराव करने के मामले में पुलिस आठ नामजद समेत 15-20 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मुरादाबाद के भोपुर मिठोनी गांव से सोमवार को गजरौला थाना क्षेत्र के रहदरा गांव निवासी रामगोपाल की दो बेटियों की बरात सोमवार को आई थी। देर शाम बरात चढ़ रही थी। रहदरा गांव निवासी चार युवक कार से आए और रास्ते से बरात हटाने को कहने लगे। इसके लेकर बरातियों व उन युवकों के बीच झगड़ा होने लगा था। विवाद बढ़ने पर युवकों के पक्ष के अन्य लोग भी वहां पहुंच गए और मारपीट होने लगी। पथराव हुआ तो भगदड़ मच गई थी। मारपीट में सनी, कन्हैया, रोहित, अभिषेक, दीपक, गुड्डू समेत दस बराती घायल हो गए थे। पुलिस से भी आरोपियों ने अभद्रता की। घायलों को सीएचसी ले जाया गया था। तीन घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में रहदरा निवासी निपेन्द्र, विवेक, शिवम, गोलू, निशांत, जितेन्द्र, काकी, गोपी समेत 15-20 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस व ब्लाक के अफसरों की मौजूदगी में चुना राशन डीलर


राशन डीलर चुनाव में मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** गांव फंदेड़ी सादात में पुलिस व ब्लॉक अफसरों की मौजूदगी में राशन डीलर का चुनाव हुआ। मोनिश हैदर को ग्रामीणों ने नया डीलर चुना।

चार माह पहले राशन डीलर कमाल हैदर की राशन की दुकान पर छापा मारकर गबन पकड़ा था। गोदाम से आया राशन बंटने से पहले ही कालाबाजारी कर बेच दिया गया था। जिला पूर्ति निरीक्षक ने दुकान को निलंबित कर दिया था। साथ ही गबन के आरोप की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तब से ग्रामीणों को राशन लेने के लिए पड़ोस के गांवों में जाना पड़ रहा था। एसडीएम चंद्रकांता ने ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए ब्लॉक अफसरों को राशन को नई दुकान के आवंटन के लिए चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को गांव के सरकारी स्कूल में हुए चुनाव में चार लोगों ने दावेदारी जताई थी। मोनिश हैदर को 300, नईम उल हसन को 27, जावेद अब्बास को 25 व मुराद अली को 19 वोट मिले। मोनिश अली को राशन डीलर चुन लिया गया। बीडीओ नरेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत मनोज कुमार, पंचायत सचिव महेश कुमार व ग्राम प्रधान फाजिल जैदी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# बिना अनुमति के आम के हरे भरे पेड़ों पर चलाई कुल्हाड़ी

**हसनपुर, अमृत विचार :** बिना अनुमति के आम के हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला कर उन्हें काट डाला। वन विभाग ने पेड़ काटने वालों पर जुर्माना डाला है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव याकूबपुर उर्फ आगापुर में बीती दो रातों से टांडा मार्ग पर आम के हरे-भरे पेड़ों को बिना अनुमति से काटा जा रहा था। हसनपुर तहसील क्षेत्र में इन दिनों आम के हरे भरे पेड़ों को रात के अंधेरे में काटा जा रहा है। ताकि वन विभाग वह पुलिस को गुमराह किया जा सके। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आम के हरे-भरे पेड़ों को बिना अनुमति के काटे जाने की सूचना मिली थी। पेड़ों को काटने वालों पर जुर्माना डाला गया है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आम के तीन पेड़ों को काटा गया है। बताया कि वह स्वयं मौके पर जाकर इस मामले की जांच करेंगे। जबकि चर्चा है कि आम के आठ पेड़ों को काटा गया है।

# डंपर ने पिकअप के बाद कार को ठोंका

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार बजरी से लदे डंपर ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप में टक्कर मारने के बाद डंपर सामने से आ रही कार में जा घुसा जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पिकअप में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चालक एवं डंपर को कब्जे में लिया है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दमगड़ा निवासी ग्रामीण व बच्चे पिकअप में सवार होकर गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शीशो वाली रिश्तेदारी में भात में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पिकअप को गांव निवासी कैलाश चला रहा था। पिकअप गजरौला मार्ग पर बिजली घर के सामने पहुंची तो सामने से आ रहे बजरी से लदे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप में बैठा सुरेश पुत्र हरिराज घायल हो गया। पिकअप में टक्कर मारने के बाद डंपर सामने से आ रही वैगन आर कार में घुस गया। भीड़ ने डंपर चालक को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और डंपर चालक तथा डंपर को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। वहीं घायल सुरेश को तत्काल नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।


डंपर के नीचे फंसी कार। ● अमृत विचार

### छुट्टा पशु से टकराकर बाइक सवार गंभीर घायल

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी मुनिदेव सोमवार देर शाम बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक अमरोहा मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के रझौंहा गांव के पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंची कि अचानक दौड़कर सड़क पार कर रहे छुट्टा पशु से टकरा गई। हादसे में मुनिदेव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के मद्देनजर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि छुट्टा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रशासन पशु पकड़वाने में नाकाम साबित हो रहा है।

## एक नजर

### युवक के विरुद्ध पाक्सो के तहत रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में युवक ने गांव की ही किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। किसी को बताने पर युवक ने किशोरी को जान से मारने की धमकी भी दी। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अंजाम खान के विरुद्ध पाक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### भाजपा नेताओं के मामले में कार्रवाई की मांग

संभल, अमृत विचार : आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ .वंदना मिश्रा को सौंपा। जिसमें कहा कि देश में भाजपा नेताओं पर यौन उत्पीड़न, यौन शोषण, सेक्स वीडियो और अपराधिक गतिविधियों के मामले सामने आए हैं। राष्ट्रपति से अविलंब कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई।

### डीएम ने की हर घर जल योजना की समीक्षा

अमरोहा, अमृत विचार : डीएम ने जलजीवन मिशन की हर घर जल योजना की समीक्षा की। सभी कार्यदायी संस्थाओं को प्राथमिकता के साथ परियोजनाओं को पूरा करने के साथ पानी की सप्लाई दिये जाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी मानकों को पूरा रख कर क्वालिटी से कोई समझौता न हो। मंगलवार को जलजीवन मिशन की हर घर जल योजना की समीक्षा में डीएम निधि गुप्ता ने सभी कार्य दाई संस्थाओं से एक एक करके पूर्ण हो गयी परियोंजनाओं पानी की सप्लाई ओवर हेड टैंक का निर्माण पाइप लाइन नल कलेक्शन तोड़ी गयी रोड की मरम्मत टंकी निर्माण सहित अन्य कार्यों की जानकारी ली। सभी कार्य दाई संस्थाओं को प्राथमिकता के साथ हर हाल में पानी की सप्लाई दिए जाने के निर्देश दिये।

# करनी है नौका पार तो पतवार को पकड़ो...

## राघव सर्वधर्म सामाजिक संगठन ने माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** राघव सर्वधर्म सामाजिक संगठन की ओर से सीकरी गेट में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि भाकियू टिकैत के प्रदेश प्रमुख बिजेंद्र सिंह यादव व समाजसेवी डॉ. टीएस पाल ने किया।

बिजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि महापुरुषों की प्रेरणा एवं उनके आदर्श हमें आगे बढ़ने में मददगार साबित होते हैं। डॉ. टीएस पाल ने कहा अहिल्याबाई होल्कर ने अनेकों जनहित के कार्य किए। शिक्षा व व्यापार के साथ नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। काव्य गोष्ठी में सुखपाल सिंह ने कहा कि साथ चलते हैं तो वह साथ-साथ चलते हैं। दिनेश पाल सिंह ने सुनाया कि आजकल दिल से लोग क्यूं मिलते नहीं। विकास मिश्रा ने कहा कि स्वयं की कैद से परे अलग ठिकाना चाहता हैहै। वीके त्रिपाठी ने कहा कि ए समंदर मेरी बात पर तू जरा गौर कर, अगर मुझे डुबोना हो तो कोशिशें कुछ और कर। अमित यादव श्याम ने सुनाया कि अगर करनी है नौका पार तो पतवार को पकड़ो, जीवन को समझना है तो शिव द्वार को पकड़ो। शांति राणा ने सुनाया कि बंदगी कर्मों की मोहताज नहीं होती हैं, ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती है। डॉ. जयशंकर दुबे ने सुनाया कि तिरंगा मेरी जान है, तिरंगा मेरी शान। विकास मिश्र, नीलेंद्र सिंह, जादौन, गीता सिंह, सुदेश पाल, अमित प्रताप सिंह, कवींद्र गौड़, दिव्यांशी तोमर, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



अहिल्याबाई के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

● कवि सम्मेलन में रचनाएं सुन श्रोता मंत्रमुग्ध

## एडीएम वित्त की कोर्ट से कंप्यूटर और कुर्सियां चोरी

**बिजनौर, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट परिसर की कड़ी सुरक्षा के बावजूद एडीएम वित्त एवं राजस्व की कोर्ट से दो कंप्यूटर और पांच कुर्सियां चोरी हो जाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। यह घटना तब सामने आई जब रामपाल सिंह और अरुण कुमार कार्यालय पहुंचे। घटनास्थल पर 24 घंटे सुरक्षा रहती है और एसपी कार्यालय व पुलिस लाइंस बगल में ही हैं। जिला अधिकारी ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने और जांच शुरू करने के आदेश दिए हैं। वहीं, एसपी सिटी संजीव वाजपेई का कहना है कि आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## सार- संक्षेप

### बच्चों में क्लब फुट का उपचार संभव




संभल,अमृत विचार : अनुष्का फाउंडेशन की ओर से जिला अस्पताल में वर्ल्ड क्लब फुट डे मनाया गया। कहा गया कि संगठन क्लब फुट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला अस्पताल में प्रत्येक शुक्रवार को कक्ष 38 में संचालित क्लब फुट क्लीनिक में बच्चों को नि :शुल्क उपचार किया जाता है। जिला अस्पताल में हुए कार्यक्रम में बताया गया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है जो भारत में 800 नवजात शिशुओं में से 1 को प्रभावित करता है। इलाज न किए जाने या अधूरा इलाज दिए जाने से बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं और उन्हें आजीवन विकलांगता का सामना करना पड़ सकता है। उचित उपचार से क्लब फुट का पूरी तरह से इलाज संभव है। सीएमएस डॉ .राजेंद्र सिंह, आरबीएसके के डीईआईसी मनु तेवतिया, फाउंडेशन के ब्रांच मैनेजर विशाल सक्सेना, डॉ .अजफर कमाल, टेक्नीशियन मोहम्मद जावेद, नाजिम अली मौजूद रहे।

### मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ भंडारा

चन्दौसी, अमृत विचार : प्राचीन सिद्धपीठ बगिया वाली देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार की मंदिर परिसर में सुबह के समय सुंदरकांड पाठ व रात्रि को माता के जागरण का आयोजन किया गया। बिलारी से आए कलाकारों ने माता रानी की सुंदर भेंट प्रस्तुत की। साथ ही अनेक झांकियां प्रस्तुत की गईं। सोमवार की सुबह प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। इसके उपरांत मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद दोपहर को भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान राजू शर्मा, उमा शर्मा, पवन गुप्ता भट्टे वाले, आशीष पाठक, गौरव मिश्रा, सुरेश चन्द्र शर्मा, उमा श्रीवास्तव, कांता अदलखा, राधा अग्रवाल, अनिल कपूर, अविनेश शर्मा, सर्वेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुरभि शर्मा, गंगा राम शर्मा, अनुपम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

अमरोहा, अमृत विचार : डीएम निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत )के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर बैठक ली। बैठक में किसानों ने गन्ना विभाग, कृषि विभाग, बैंक, वन विभाग, बिजली आदि से संबंधित विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के सामने रखा। जिसको सुनकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए कि जो भी शिकायतें आई हैं उनका उचित प्रकार समाधान करें।चीनी मिलों के प्रतिनिधियों , बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ने समस्याओं के समाधान की बात कही। एसपी अमित कुमार आनंद, क्षेत्राधिकारी धनोरा, जिला वन अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला गन्ना अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बारिश से मौसम खुशगबार , गर्मी से मिली राहत



चन्दौसी, अमृत विचार : मंगलवार की दोपहर 2 से आसमान में काले बादल छाने लगे और हवा चलनी शुरू हो गई। शाम 4 बजे तक 45 मिनट तक हुई बारिश से गली-मोहल्लों में जलभराव हो गया। ओले गिरने से मौसम खुशगवार हो गया। लोगों ने गर्मी से राहत मिली है।पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी व तेज धूप होने से लोगों का बुरा हाल बना हुआ है। पंखे के हवा में लोगों को चैन नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोग कूलर व एसी में गर्मी से राहत प्राप्त कर रहे हैं। मंगलवार की दोपहर 2 बजे से आसमान में काले बादल छाने शुरू हो गए। बारिश के साथ-साथ ओले गिरने से मौसम में ठंडक हो गई। भीषण गर्मी से काफी राहत महसूस की। शहर के गली-मोहल्लों में जलभराव से परेशानी का सामना करना पड़ा।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

गजरौला,अमृत विचार : चचेरी साली की शादी से लौटे युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। क्षेत्र के सलेमपुर गोंसाई गांव निवासी रिंकू ( 30 ) पुत्र विजयपाल की चचेरी साली की सोमवार को शादी थी। वह अपनी पत्नी पूजा के साथ बाइक से ससुराल गया था। वहां से मंगलवार की दोपहर वापस लौटा। पत्नी को उसके मायके में ही छोड़ आया था। उसने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मां घर पहुंची तथा रिंकू का शव फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। अन्य परिवार वाले भी घर पहुंचे। फंदे से उतारकर सीएचसी ले गए। वहां चिकित्सक ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने ससुराल में पत्नी से कुछ बात होने की आशंका जताई।प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल बोर्ड पर उर्दू में लिखा नाम, प्रधानाध्यापिका सस्पेंड

**बिजनौर,अमृत विचार:** नजीबाबाद क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय साहनपुर द्वितीय की मुख्य अध्यापिका को स्कूल के मुख्य द्वार पर उर्दू में नाम लिखवाने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र कुमार द्वारा की गई है।

मामला उस समय सामने आया जब विद्यालय के गेट पर लगे बोर्ड पर हिंदी के साथ-साथ उर्दू में भी स्कूल का नाम लिखा होने की तस्वीर वायरल हो गई। जांच के बाद बीएसए ने प्रधानाध्यापिका रफत खान को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित कर बीआरसी कार्यालय, नजीबाबाद से संबद्ध कर दिया। रफत खान ने कहा कि उन्हें अभी तक विभाग की ओर से कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जो तस्वीर वायरल हो रही है, वह पुरानी है और मार्च 2025 में नए शैक्षिक सत्र की तैयारी के दौरान उर्दू में लिखा नाम हटा दिया गया था। उन्होंने इसे एक भ्रामक प्रचार बताया। बीएसए कार्यालय की जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में विद्यालय के मुख्य द्वार पर उर्दू में नाम नहीं लिखा है, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल पुराने फोटो के आधार पर कार्रवाई की गई है। संवाददाता ने इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र कुमार से फोन कर बात करनी चाही तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# माखन चोरी के मंचन ने किया मुग्ध

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** गांव ईसमपुर डांडा के पास स्थित बाबा रघुवीर दास आश्रम में रासलीला महोत्सव के तीसरे दिन पूजन-अर्चन के बाद रास मंडली ने कृष्ण गोपियों के नित्य रास विहार, मयूर-नृत्य और डांडिया के बाद माखन चोरी लीला का मंचन किया। दर्शक भावविभोर हो उठे।

कन्हैया अपने सखाओं के साथ चिकसोले वाली गोपी के घर माखन चोरी करने पहुंचे। दरवाजे पर कान्हा बोले, मैया ने भेजा है। हमारे घर में संत महात्मा आए हैं और अभी घर में ताजा माखन नहीं निकाला है। गोपी बोली, कान्हा मैया से कह देना कि लौटाने की जरूरत नहीं है। संतों की सेवा मेरी तरफ से हो जाएगी। गोपी ने माखन की मटकी के साथ कान्हा को मिश्री भी दी। जैसे ही गोपी ने द्वार बंद किए कान्हा ने अपने सभी दोस्तों को बुलाया और कहा जिसके यहां चोरी की है उसके दरवाजे पर बैठकर खाने में एक अलग ही आनंद की अनुभूति होती है और फिर यह चोरी नहीं कहलाती। महंत तिलक दास, पूरन सिंह दादा, मास्टर विजय यादव, महेश शर्मा जीवन सिंह डीलर, विनीत शर्मा, मुकेश यादव, भोले सिंह यादव, कालीचरण सिंह, गोकुल सिंह आदि का योगदान रहा है।



रासलीला मंचन से पहले आरती करते आयोजक। ● अमृत विचार

# कांग्रेस ने संगठन मजबूती पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक में पदाधिकारियों ने सुझाव रखे। शहर के नौ वार्डों को चार-चार हिस्सों में बांटते हुए 36 हिस्सों में बांटने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर फ्रंटल विनीत त्यागी ने प्रदेश कमेटी की नीतियां कार्यकर्ताओं को समझाईं। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने शहर में काम करने की कार्यशैली बताई। घर-घर कांग्रेस का झंडा लगाने को कहा। इस दौरान तौकीर अहमद, मुशीर खान तरीन, हाजी अशरफ अंसारी, कल्पना सिंह, डॉ. अमित कुमार उठवाल, डीके वाल्मीकि, जेपी सहगल, सतपाल यादव, मोअज्जम, अंजार मंसूरी, आसिफ एडवोकेट, दिलशाद सैफी, संजीव कुमार साहू, शिशुपाल जाटव, अंकुर कुमार, डॉ. मरगूब, वीर सिंह जाटव, फरीदा वारसी, मोहम्मद कलीम, जीतपाल एडवोकेट, कौस्तुभ रस्तोगी, इफ्तेखार कुरैशी आदि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने और संचालन फाजिल अंसारी ने किया।




संभल में कांग्रेस की बैठक में मंथन करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● 36 हिस्सों में बांटा जाएगा नगर के नौ वार्डों को

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर रंगशाला संचालक की मौत

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** बुलंदशहर के थाना डिबाई क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी मोनू (30 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल मंगलवार को शाम जनपद बदायूं के थाना सहसवान क्षेत्र में गांव में रंगशाला लेकर जा रहा था। जैसे ही वह थाना जुनावई क्षेत्र में बदायूं मेरठ हाईवे पर दुबारी कला गांव के पास पहुंचा तो मोनू ने साथी जयवीर निवासी नयावास थाना डिबाई को ट्रैक्टर का स्टेयरिंग थमा दिया। मोनू ट्रैक्टर से उतरकर दुकान से गुटका लेने चला गया। वापस आने पर मोनू ट्रैक्टर पर चढ़ने लगा तो उसका पैर फिसल गया और ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आकर घायल हो गया। मोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मोनू का शव सीएचसी पर रखवा दिया।

## 107 आशाओं ने नहीं कराया एक भी प्रसव, 20 की सेवा होगी समाप्त

● सीएमओ ने समीक्षा बैठक कर जताई तीखी नाराजगी

**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** सीएमओ ने जनपद में आशाओं के कार्य की समीक्षा करी तो चौंकाने वाला सच सामने आया। पता चला कि असमोली की 50 और संभल ब्लाक की 57 कुल 107 आशाओं ने पिछले छह माह से एक भी प्रसव नहीं कराया। 20 आशाओं ने कोई सरकारी काम ही नहीं किया। सीएमओ ने 20 आशाओं की सेवा समाप्त करने के आदेश दिये हैं जबकि 107 आशाओं को सुधार करने की हिदायत दी है।

सीएमओ डॉ.तरुण पाठक ने मंगलवार को समीक्षा करते हुए पाया कि 107 आशाओं ने पिछले 6 महीने में सरकारी अस्पताल पर कोई प्रसव नहीं कराया है। हालांकि इन आशाओं द्वारा अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में कार्य किया जा रहा है। सीएमओ ने इन आशाओं को सुधार की हिदायत दी। वहीं 20 आशाओं ने पिछले कई माह से न तो प्रसव कराया न ही कोई अन्य कार्य किया। सीएमओ ने इन आशाओं की सेवा समाप्त किए जाने के निर्देश दिए। आशाओं को हटाने की कार्रवाई ग्राम पंचायतें करेंगी। समीक्षा बैठक में बीपीएम पंवासा और जुनावई, बीसीपीएम बहजोई और असमोली बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे। इनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसीएमओ आरसीएच डॉ. पंकज कुमार विश्नोई, डिप्टी सीएमओ डॉ.मनमोहन शर्मा, डीपीएम संजीव कुमार राठौर, अरबाब मेहंदी आदि रहे।









### चलन से बाहर हुए 39 करोड़ के स्टांप में लगाई आग

बरेली, अमृत विचार : नए वित्तीय वर्ष से चलन से बाहर हो चुके 10 से 25 हजार के 39 करोड़ से अधिक के स्टांप को मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आग लगाकर नष्ट करा दिया गया। विभागीय अधिकारियों के आदेश पर गड्ढा खोदकर स्टांप में उसमें डालकर आग के हवाले कर दिया गया।दरअसल, यूपी सरकार ने एक अप्रैल 2025 से पुराने स्टांप को चलन से बाहर कर ई-स्टांप की व्यवस्था लागू कर दी है। इसके पीछे सरकार की मंशा है कि ई-स्टांप से व्यवस्था पारदर्शी होगी और गड़बड़ियों पर रोक लगेगी। एक अप्रैल से शासनादेश लागू होने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित कोषगार में 10 हजार के 5 करोड़ 8 लाख के 5080 स्टांप, 15 हजार वाले 8 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये के 5502, 20 हजार के 8 करोड़ 17 लाख 80 हजार रुपये के 4089 स्टांप और 25 हजार वाले 18 करोड़ 30 लाख रुपये के स्टांप रद्दी हो गए थे।चलन से बाहर हुए कुल 39 करोड़ 81 लाख रुपये के स्टांप कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में जमा थे। शासन से रद्दी हुए इन स्टांप को नष्ट करने के आदेश दिए गए थे। इसको लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एडीएम सिटी के कार्यालय के पश्चिम दिशा में खाली पड़ी जमीन में कई फुट का बड़ा सा गड्ढा खोदा गया। इसके बाद उसमें सभी स्टांप डालकर आग लगाकर नष्ट कर दिया गया। स्टांप नष्ट होने के बाद गड्ढे पर मिट्टी डालकर उसे बराबर कर दिया गया है।

## नवागत एएसपी ने पुलिस के साथ किया पैदल मार्च



संभल में पैदल मार्च करता पुलिस बल।

**संभल,अमृत विचार :** संभल शहर में नवागत एएसपी उत्तरी ने मंगलवार को शाम भारी पुलिस बल और अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ पैदल मार्च किया। शहर के विभिन्न हिस्सों के साथ ही मुख्य बाजार में पैदल भ्रमण करते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया।

मंगलवार को शाम शंकर कॉलेज चौराहा पर पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान इकट्ठा होने लगे। जिसके बाद नवागत एएसपी उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव पहुंचे और सीओ असमोली कुलदीप सिंह के साथ कई बिंदुओं को लेकर चर्चा की। शंकर कॉलेज चौराहा से एएसपी ने पैदल मार्च शुरू किया, जो अस्पताल चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, आर्य समाज रोड, छंगामल कोठी, बाजार ठेर, बाजार गंज, टंडन तिराहा, डाकखाना, जामा मस्जिद, मनोकामना मार्ग होते हुए चौधरी सराय तक हुआ। नवागत एएसपी ने शहर के विभिन्न हिस्सों के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए।

## एक नजर

### दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार पर परिवहन कर्मी होंगे दंडित

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार करने वाले परिवहन निगम कर्मी दंडित होंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की। यात्रियों का विस्तृत रिकॉर्ड बनाने व चालक-परिचालकों को संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाय। यह रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए।

# सभी जिलों में सीटी स्कैन होगा निःशुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई जिलों में सीटी स्कैन के लिए जमा कराए जा रहे थे 500 रुपये
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर मरीजों को दी गई राहत
- 12 मेडिकल संस्थानों में 464.70 लाख से बढ़ेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी जिलों में अब निःशुल्क सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लागू हुई इस सुविधा से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

दरअसल, सभी जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचों की भांति सीटी स्कैन भी निःशुल्क हो रहा है, लेकिन छह जिलों में सीटी स्कैन जांच के एवज में मरीजों से 500 रुपये शुल्क जमा कराया जा रहा था। लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद एवं रायबरेली में सीटी स्कैन जांच के लिए रोगी कल्याण निधि में बतौर यूजर चार्जेज 500 रुपये जमा कराए जा रहे थे। ब्रजेश पाठक की पहल पर यह शुल्क माफ कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज व कानपुर के दो संस्थानों में मरीजों के हितों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसमें आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, जालौन, कन्नौज व बदायूं और कानपुर के हृदय रोग संस्थान, जेके कैंसर संस्थान के लिए 464.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस क्रम में अवमुक्त धनराशि में से प्रति मेडिकल कॉलेज को 33.5 लाख तथा जेके कैंसर संस्थान को 31 लाख रुपये आवंटित किया गया है। इससे मेडिकल कॉलेज व संस्थान आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# 47 जिलों में मोटे अनाज की खेती को आगे आई सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 24 जिलों में ज्वार, 38 में बाजरा, 13 में कोदो व 12 में सावां की खेती की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज/श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने की व्यापक योजना तैयार की गई है।

यह योजना वर्ष 2025-26 की राज्य कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अंतर्गत संचालित की जाएगी। अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में इसकी पूरी योजना तैयार कर ली गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए छोटे और मझोले किसानों को लाभान्वित करना है। जिससे एक ओर किसानों की आमदनी में इजाफा हो और दूसरी ओर लोगों को पोषणयुक्त अनाज उपलब्ध कराया जा सके। इसमें ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे परंपरागत और स्वास्थ्यवर्धक अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**इन जिलों में ज्वार की फसल से बढ़ेगी आमदनी :** अयोध्या, बाराबंकी, बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, जालौन, हमीरपुर, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, महोबा, रायबरेली, प्रयागराज, अमेठी, सोनभद्र, सीतापुर, हरदोई, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी।

**इन जिलों में बाजरे से होगा मोटा मुनाफा :** आगरा, बदायूं, अलीगढ़, फिरोजाबाद, सम्भल, हाथरस, एटा, मथुरा, कासगंज, इटावा, औरैया, प्रयागराज, कानपुरदेहात, मैनपुरी, गाजीपुर, बरेली, जालौन, मिर्जापुर, बुलन्दशहर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, भदोही, फतेहपुर, वाराणसी, फर्रुखाबाद, जौनपुर, चन्दौली, बांदा, कन्नौज, शाहजहांपुर, हरदोई, अमरोहा, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, कानपुरनगर एवं सीतापुर।

**इन जिलों में सावां के जरिए बढ़ेगी कमाई :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, जौनपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, भदोही, वाराणसी, चन्दौली एवं हमीरपुर।

**इन जिलों में कोदो की फसल से बदलेगी किसानों की तकदीर :** जालौन, सोनभद्र, चित्रकूट, मिर्जापुर, फर्रुखाबाद, चन्दौली, भदोही, प्रतापगढ़, जौनपुर, हरदोई, वाराणसी, मुरादाबाद एवं हमीरपुर।

# सरकारी राशन बांटने को बनेंगे अन्नपूर्णा भवन

## यूपी कैबिनेट का फैसला : हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 भवन बनाए जाएंगे, सरकारी खजाने से होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत बनाने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा भवन योजना शुरू करने जा रही है। हर जिले में प्रतिवर्ष 75 से 100 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। इन भवनों के निर्माण को गति देने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में सरकारी खजाने से भी इनका निर्माण कराने का फैसला लिया गया है। यह भवन ग्राम समाज की आय का साधन भी बनेंगे। यहां राशन के अलावा अन्य सामान की भी बिक्री हो सकेगी।

इस बाबत वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुंदेलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केंद्र सरकार की योजना से अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग बचत से धनराशि की व्यवस्था करेगा। सुरेश खन्ना के अनुसार, 484 वर्ग फुट में इसे बनाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन का निर्माण 8.50 लाख रुपये में कराया जा रहा है।

### विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी

अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय शुरू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। इसके लिए लेटर आफ परमिशन (एलओपी) जारी किया गया है। वहीं, गाजियाबाद स्थित अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कालेज को निजी विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा गया है। इसके अलावा, सिद्धार्थनगर जिले में स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के भवन निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है।

**5 मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति :** कैबिनेट ने उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रालि., बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रालि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपये, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन व सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

**नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत :** हल्दीराम स्नैक्स प्रा.लि. गौतमबुद्ध नगर में 662 करोड़ रुपये से खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग तैयार करने की इकाई स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में इस संदर्भ में एलओसी (लेटर आफ कंफर्ट) जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

**दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति :** राज्य में डाटा सेंटर (प्रथम संशोधन) नीति-2021 के अंतर्गत निवेशक मेसर्स एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रालि. को दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्ति का लाभ प्रदान किए जाने के संबंध में कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

# लखनऊ में बनेगी देश की पहली स्वदेशी फैब लाइन

- परियोजना पर खर्च होंगे 2000 करोड़ रुपये
- आईआरडीई देहरादून और यूपीडा के बीच हुआ एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



समझौता ज्ञापन दिखाते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अधिकारी।

**अमृत विचार :** राजधानी में आईआर डिटेक्टरों के निर्माण के लिए देश की पहली स्वदेशी फैब-लाइन स्थापित होगी। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 25 एकड़ क्षेत्र में इसका निर्माण होगा। इस परियोजना पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लगभग 650 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

सोमवार को लोकभवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आईआरडीई) देहरादून और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

एमओयू के तहत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधीन एक अग्रणी प्रयोगशाला आईआरडीई, आईआर डिटेक्टरों के विकास और निर्माण के लिए फैब-लाइन की स्थापना होगी। इस अवसर पर आईआरडीई के निदेशक डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुधीर खरे, डॉ. निमिष दीक्षित, अजय मिश्रा, डॉ. प्रभात शर्मा, एसएन सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

आईआरडीई के अधिकारियों ने डिफेंस नोड पर प्रस्तावित साइट का भ्रमण भी किया।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

## प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में योगी ने कार्यकर्ताओं को समझाई रणनीति




लखनऊ में कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व अन्य पार्टी नेता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से मंगलवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनजागरण की रणनीति समझाई और बूथ स्तर तक संवाद करने का मंत्र दिया। कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में देश को मोदी जैसा नेतृत्व मिलना हम सबका सौभाग्य है।

'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष' थीम पर हुई इस कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से हुई। मुख्यमंत्री योगी ने 9 जून से 21 जून तक कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। योगी ने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की रूपरेखा का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित करने का समय है, जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां शामिल होंगी। योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं से यूपी में आए व्यापक बदलावों और विकास की विस्तार से चर्चा की।

### पेशेवर समूहों को जोड़ें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित न रहें, बल्कि आम जन, पेशेवर समूहों, और लाभार्थियों को भी अभियान से जोड़ें।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, दोनों उपमुख्मंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, बसंत त्यागी, भूषण सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल समेत भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार में नाबालिग के साथ दुष्कर्म व हत्या चिंतनीय



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में अनुसूचित वर्ग के नाबालिग के साथ दुष्कर्म, चाकू से गोदकर मारने व पटना अस्पताल में इलाज में लापरवाही से मौत की घटना बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। यह अति निंदनीय व चिंतनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि बिहार सरकार दोषियों के खिलाफ त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# पांच डॉक्टर होंगे बर्खास्त, कई अन्य पर भी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव को बछरावां में तैनात चिकित्सकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मरीजों के प्रति असंवेदनशील और कार्य में लापरवाह पांच चिकित्सक बर्खास्त होंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार और डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। मरीजों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। ब्रजेश पाठक के मुताबिक, बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अपर निदेशक, लखनऊ मंडल के निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरांवा से बलिया में स्थानांतरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं, अनधिकृत रूप से बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई (वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई) में 21 जनवरी 2021 को की गई थी, लेकिन डॉ. बृजेश यादव ने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। ऐसे में दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद डॉ. बृजेश यादव को लखनऊ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय, जबकि डॉ. संदीप कुमार को आजमगढ़ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।

### लखनऊ के चिकित्सकों पर भी कार्रवाई

लखनऊ के लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. ऊषा चन्द्रा बिना सूचना गैरहाजिर हैं। उनके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश हैं। बलरामपुर स्थित मेमोरियल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा रंजन के विरुद्ध भी चिकित्सालय की साफ-सफाई न रखने, मरीजों के चिकित्सकीय कार्यों एवं पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने के लिए आरोप-पत्र देकर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं।

# श्रमिकों को मिलेगा डिजिटल न्याय, जल्द शुरू होगा ई-कोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार सिर्फ निवेश ही नहीं, बल्कि श्रमिक सम्मान का राष्ट्रीय मानक गढ़ने के लिए औद्योगिक विवादों के समाधान में डिजिटल तकनीक अपनाने की तैयारी है। श्रम न्यायालयों और अधिकरणों के निर्णयों का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और त्वरित बनाने के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था लागू होगी। साथ ही, श्रम आयुक्त की अनुमति के निरीक्षण नहीं होगा और निरीक्षण के 48 घंटे में रिपोर्ट सार्वजनिक करनी होगी।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग डिजिटल तकनीक के माध्यम से श्रम विवादों के समाधान को आसान बनाएगा। जल्द ही ई-कोर्ट के जरिए केस फाइलिंग से लेकर सुनवाई तक की सुविधा शुरू होगी। इससे धन व समय की बचत के साथ पारदर्शिता भी आएगी। इससे आनुतोषिक भुगतान, कर्मचारी प्रतिकर, वेतन भुगतान, समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, और श्रमजीवी पत्रकारों से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा।

## वर्ग पहेली- 451

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर; कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



### वर्ग पहेली -450 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | गे | ला |

## सुडोकू -175

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू - 174 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- नवमी 23 .54 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 5 जून 03 .35 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वो पूर्ण हो सकता है। कारोबार में महत्वपूर्ण समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे।

**वृष** – आज आपको अपनी प्रबंधन क्षमताओं को दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट का लाभ उठा सकते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें, लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।

**मिथुन** – आज मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में समस्या होगी। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क** – आज बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंह** – आज संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखनी होगी। अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। गैस और कब्जियत की शिकायत होने की संभावना है।

**कन्या** – आज व्यापार की समस्याओं का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें।

**तुला** – आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। अपनी गलतियों को ढकने से बचें। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी को उधार देने से बचें।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

**धनु** – आज कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुनः प्रारंभ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। शुभ कार्यों में अधिक धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर** – आज जॉब में अचानक ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**कुंभ** – आज अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है।

**मीन** – आज अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पूरी एकाग्रता से साथ सभी कार्य करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

## एक नजर

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर 0.2% घटाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने विद्या लक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। बैंक ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसमें कहा गया, यह पहल उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है जो समूचे भारत में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं।

### भारत में कर व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाएं

**नई दिल्ली।** वैश्विक विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि भारत की कर प्रणाली को और भरोसेमंद बनाने की जरूरत है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि भारत के विमानन बाजार में वृद्धि दर चीन से अधिक होगी।

# जवाबी शुल्क पर दोहरी रणनीति अपनाएं

## नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में अमेरिकी शुल्क के संबंध में भारत को दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैरसंवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है।

आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए मूल्य



- अमेरिका से आयातित गैर संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर उच्च शुल्क कम करने का सुझाव

स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।

भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो जीन संवर्धित है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है ताकि उस देश में मांग पूरी की जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।

### अमेरिका से व्यापार समझौते पर सहमति की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा, आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है।

## पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# मेकमाईट्रिप ने शुरू की सीट उपलब्धता पूर्वानुमान सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी, यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें।

गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को प्रस्थान तिथि के बहुत करीब आने पर ही अंतिम रूप देते हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण कन्फर्म बुकिंग की अवधि बदलती रहती है। अप्रैल में



- मिलेगी जानकारी कब तक उपलब्ध रहेगा टिकट, समय पर बुकिंग करा सकेंगे रेलयात्री

अधिकतर हाई-स्पीड ट्रेन की टिकट प्रस्थान तिथि से करीब 13 दिन पहले ही बिक जाती हैं। मई तक बढ़ती मांग के कारण, वे आमतौर पर प्रस्थान से 20 दिन पहले ही बुक हो जाती हैं।

बयान में कहा गया कि इससे यात्रियों को यह पता होता है कि उन्हें कौन सी ट्रेन की टिकट लेनी है लेकिन वे इस बात का अंदाजा नहीं लगा पाते कि आखिर ये टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी। इससे समय पर योजना बनाना कठिन हो जाता है। यह सेवा मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध है।

# भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

**ओस्लो, एजेंसी**

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को यहां कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्सबर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता किया जिससे भारत को अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस मौके पर सोनोवाल ने कहा, यह समझौता उम्मीद और प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास



- नार्वे की कंपनी से हुआ समझौता स्वदेश में ही होगा निर्माण

के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सिर्फ एक पोत नहीं बना रहे, बल्कि नवाचार, खोज और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विरासत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता भारत की वैज्ञानिक खोज, ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान में क्षमता वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में योगदान का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यह पोत अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा, जिससे शोधकर्ता समुद्र की गहराई, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन और ग्रह के अतीत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी जुटा सकेंगे। यह भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रमाण होगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुये कहा मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब यह ध्रुवीय अनुसंधान पोत रवाना होगा।

## भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात 10 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिससे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की।

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही, जिससे सेंसेक्स 636 अंक और निफ्टी 174.10 अंक टूटकर नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली ने बाजार को काफी प्रभावित कर रखा है। घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन ऊर्जा, वित्त और आईटी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 636.24 अंक गिराकर 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 798.66 अंक तक टूटा



- विदेशी निवेशकों की निकासी और चौतरफा बिकवाली ने किया प्रभावित
- अदाणी ग्रुप की 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में भी दर्ज की गई गिरावट

था। एनएसई का निफ्टी 174.10 अंक टूटकर 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। उन्होंने कहा कि बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई।



## एक नजर

### लापता जवानों की तलाश के लिए छातेन पहुंची टीम

**गंगटोक।** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### कोरोना: पांच और की मौत सक्रिय मामले हुए 4026

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2700 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

### कन्नड भाषा पर टिप्पणी के लिए हासन को फटकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं। हासन की फिल्म ठग लाइफ के सहनिर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि हासन के माफी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

### क्षीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक क्षीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# संसद का विशेष सत्र बुलाएं प्रधानमंत्री

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री मोदी से किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं।

मंगलवार को एक बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया



- सशस्त्र बलों को धन्यवाद अदा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने की जताई मंशा

जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे।

हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम का एलान किए जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए, इस पर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया।

### राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप' के आगे नरेंदर सरेंडर

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के आगे सरेंडर करने का तीखा आरोप लगाया। राहुल यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत करने आए थे। उन्होंने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी जी, क्या कर रहे हो... 'नरेंद्रर सरेंडर'। और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी जी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे खानापूर्ति करना चाहते हैं।

### महबूबा ने कहा- पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री तथा पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है और किसी भी राजनीतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्हें अहम भूमिका निभानी होगी। महबूबा ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर कश्मीरी पंडितों के समुदाय को बधाई देने गंदेरबल जिले के तुलमुला गई थीं। गंदेरबल में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पंडितों बिना अधूरा है। पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बंदूकों से नहीं सुलझाया जा सकता। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है और आतंकवादियों की बंदूक भी इसका समाधान नहीं है। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीरी पंडित भाई-बहन कश्मीर में वापस नहीं लौटते, तब तक राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है।

# भगवंत मान के विवादित बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- पंजाब के सीएम ने कहा- क्या मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगी महिलाएं

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भाजपा की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की। मान ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा की घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना पर पूछे गए सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है।

उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांग रही है। इन लोगों ने 'सिंदूर' को मजाक में बदल दिया है। वे हर घर में सिंदूर भेज रहे हैं। क्या अब आप मोदी के नाम का 'सिंदूर' लगाएगे। पिछले दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के मद्देनजर भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी, हालांकि भाजपा ऐसा कोई कार्यक्रम चलाने का पहले ही खंडन कर चुकी है।

मान की टिप्पणी की भाजपा नेता एवं हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री पहले कॉमेडियन भी रहे हैं और राजनीति में भी ये कॉमेडी करना चाहते हैं।

### भविष्य के जांबाज



राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत द्रास (लद्दाख) के आर्मी गुडविल स्कूल छात्रों का एक समूह मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान उनसे भविष्य के इरादों के बारे में पूछा। एजेंसी

## पंजाब: गुरुद्वारे में एसी कंप्रेसर फटने से महिला की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** रूपनगर में सतलुज नदी के किनारे एक गुरुद्वारे में मंगलवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। यह घटना एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के बाद गुरुद्वारे में मौजूद लोग भागने लगे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो एसी के पास बैठी थीं। कुछ लोग इसके बाद हुई भगदड़ में घायल हो गए। मृत महिला की पहचान रूपनगर के हरगोबिंद नगर निवासी कश्मीर कौर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में रेफर कर दिया गया है।

# पॉक्सो मामले के आरोपी को सामुदायिक सेवा करने का दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के एक आरोपी को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने और युद्ध हताहत सेना कल्याण कोष में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा को पैसे की मांग पूरी न करने पर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देने वाले आरोपी के आचरण को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार डिजिटल मंच के घोर दुरुपयोग और सहमति और निजी गरिमा के प्रति चिंताजनक अनादर को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि आरोप निस्संदेह गंभीर हैं, जिसमें एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न और शोषण के आरोप शामिल हैं, जो सोशल मीडिया युग के नकारात्मक पहलुओं का प्रतीक है।

# संसद के अगले सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- संसदीय कार्य मंत्री विभिन्न दलों के नेताओं से करेंगे बात

सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

## निर्वाचन आयोग देगा मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह अनुमानित मतदान प्रतिशत आंकड़ों पर समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली शुरू कर रहा है, जिससे पूर्व की पारंपरिक पद्धतियों से लगने वाला समय-अंतराल काफी कम हो जाएगा। इस पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए ईसीआईएनईटी एप्लीकेशन पर मतदाता उपस्थिति दर्ज करेंगे, ताकि अनुमानित मतदान रुझानों को अद्यतन करने में लगने वाला समय कम किया जा सके। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर इसे स्वचालित रूप से एकत्रित किया जाएगा। आयोग ने कहा कि अनुमानित मतदान प्रतिशत डेटा पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होता रहेगा। विशेष रूप से, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतदान केंद्र छोड़ने से पहले, मतदाता मतदान डेटा अब पीठासीन अधिकारी द्वारा ईसीआईएनईटी में दर्ज किया जाएगा।

# जी-7 में प्रधानमंत्री का न जाना एक और कूटनीतिक विफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस ने किया दावा, कहा- पिछले छह सालों में पहली बार हो रहा है ऐसा

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेना भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका को मध्यस्थता करने देने के बाद एक और कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों और जर्मनी के चांसलर का जी7 शिखर सम्मेलन 15 जून, 2025 से कनाडा के अल्बर्टा में हो रहा है। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपति और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी7 कई वर्षों तक जी8 था क्योंकि इसमें रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी8 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाता था जहां उनकी आवाज सुनी जाती थी। उन्होंने कहा, भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही। लेकिन अब 6 साल में पहली बार 'विश्वगुरु' कनाडा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भले ही बातों को घुमाने का प्रयास किए जाए, तथ्य यह है कि यह एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।

# पंजाब किंग्स ने आरसीबी को 190 रनों पर रोका

## विराट कोहली बड़ी पारी खेलने से चूके, अर्शदीप और जैमीसन ने 3-3 विकेट लेकर बेंगलुरु की पारी को समेटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**





अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन के नेतृत्व में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। आईपीएल में अब तक खिताब से वंचित आरसीबी के बल्लेबाज फाइनल में अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

चार बार फाइनल हार चुकी आरसीबी के लिये विराट कोहली भी 35 गेंद में 122. 85 की स्ट्राइक रेट से 43 रन बनाकर आउट हो गए। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच विराट पहले की तरह पारी के सूत्रधार की भूमिका नहीं निभा सके। कोहली ने अपनी पारी में सिर्फ तीन चौके लगाए। पावरप्ले में आरसीबी का स्कोर एक विकेट पर 55 रन था लेकिन छठे से 11वें ओवर के बीच सिर्फ 42 रन बने। फिल साल्ट (16) ने पहले ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया लेकिन अगले ओवर में विकेट गंवा बैठे। मिडआन पर खड़े पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दस कदम से अधिक पीछे की ओर लेते हुए जैमीसन की गेंद पर शानदार ऊंचा कैच लपका। साल्ट के आउट होने का आरसीबी की पारी पर बड़ा असर पड़ा क्योंकि मयंक अग्रवाल (24), रजत पाटीदार (26) और लियाम लिविंगस्टोन (25) अच्छी शुरूआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाये।

जैमीसन ने सटीक लैंग्थ और लाइन के साथ गेंदबाजी की और विविधता से बल्लेबाजों को उलझाये भी रखा। उन्होंने चार ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप ने चार ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दूसरे ओवर में साल्ट को अय्यर के हाथों लपकवाने के बाद जैमीसन ने 11वें ओवर में शानदार यॉर्कर पर पाटीदार को पगबाधा आउट किया। जैमीसन के चौथे और पारी के 17वें ओवर में जितेश शर्मा ने दो और लिविंगस्टोन ने एक छक्का लगाकर कुल 23 रन बंटोरे। जितेश ने दस गेंद में दो चौकों और दो छक्कों के साथ 24 रन बनाए। जैमीसन ने फुलटॉस पर लिविंगस्टोन को पगबाधा आउट किया । पहले तीन ओवर में 37 रन देने के बाद भारत के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप ने आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कृणाल पंड्या (चार), भुवनेश्वर कुमार (एक) और रोमारियो शेफर्ड (17) को आउट करके आरसीबी को 200 रन तक नहीं पहुंचने दिया।

### कोहली ने धवन का तोड़ा रिकॉर्ड

आईपीएल के इतिहास में विराट कोहली सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने पंजाब के खिलाफ फाइनल मैच में कुल तीन चौके लगाए। अब कोहली के नाम पर 771 चौके दर्ज हो गए हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दम पर शिखर धवन को पछाड़ते हुए उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**190/9** (20 ओवर)

- फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन 16
- विराट कोहली का और बो उमरजइ 43
- मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल 24
- रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन 26
- लियाम लिविंगस्टोन पगबाधा बो जैमीसन 25
- जितेश शर्मा बो विशाख 24
- रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप 17
- कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप 4
- भुवनेश्वर कुमार का आर्य बो अर्शदीप 1
- यश दयाल नाबाद 1

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर हुआ समापन समारोह

**अहमदाबाद।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑपरेशन सिंदूर के थीम पर आयोजित समापन समारोह के दौरान भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया गया। मशहूर गायक शंकर महादेवन ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल छू लिया। महादेवन के बेटों शिवम और सिद्धार्थ ने भी परफॉर्म किया। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य को भी ऑडियो-विजुअल माध्यम से प्रदर्शित किया गया। महादेवन ने अपने बेटों के साथ मैं रहूं या न हूं, भारत ये रहना चाहिए। हां यही रास्त है तेरा, जैसे गीतों से समां बांधा। स्टेडियम में मौजूद दर्शक भी सुर से सुर मिलाते दिखे।





| **ऑरेंज कैप** | **पर्पल कैप** |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) |
| **759** रन | **25** विकेट |





### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

## खेल डायरी

### बेंगलुरु में 5 जुलाई से नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**बेंगलुरु।** भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब 5 जुलाई को आयोजित होगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को होनी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

### विलियमसन ने फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूज़ीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिन 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की उसमें विलियमसन का नाम शामिल नहीं है। उनके अलावा डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी इस सूची में नहीं है।

### इंग्लैंड-वेस्टइंडीज क्रिकेट मैच में ट्रैफिक जाम के कारण विलंब

**लंदन।** लंदन में ट्रैफिक जाम से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरूआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिए समय पर पहुंच गए, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाइ होप ने कहा कि हमें पैदल चलकर आना चाहिए था। ब्रिटेन की पीए समाचार एजेंसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का होटल ओवल से पांच किलोमीटर दूर था। टॉस 40 मिनट विलंब से हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

### ऑस्ट्रेलिया अगले साल कर सकता है पाकिस्तान का दौरा

**कराची।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने अगले साल सफेद गेंद की शृंखला के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने पर सहमति जताई है। ग्रीनबर्ग ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अधिक दौरों के लिए पाकिस्तान जाने का इच्छुक है तथा दोनों देशों के बोर्ड के बीच चर्चा चल रही है। जब भी विंडो उपलब्ध हो, हम पाकिस्तान के साथ लाल और सफेद गेंद की शृंखला का कार्यक्रम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा कि 2022 में और फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के अनुभव के आधार पर वे चाहते हैं कि ज्यादा दौरे आयोजित किए जाएं।

### विंबलडन में चोटिल होने से नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने से इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल नहीं खेल पाऊंगा।

## थाईलैंड के खिलाफ गत दो जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

**पथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी**

भारत बुधवार को जब अंतर्राष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें गत दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-1 से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार भिड़ चुकी हैं। भारत ने 7 जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी 7 ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो दो मैच खेले गए थे उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत बुधवार को होने वाले मैच में इन जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ अबू धाबी में 2019 एएफसी एशियाई कप में 4-1 से जीत हासिल की थी। इसके बाद उसने थाईलैंड को उसकी धरती पर किंग्स कप में 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

## एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर गुकेश



**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

- **गुकेश की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दूसरे दौर में मिली हार का लिया बदला**

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया, जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था।

इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।

## सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट**

- **लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुए बाहर**

**जकार्ता, एजेंसी**





दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने महिला एकल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन को पुरुष एकल में चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार मिली। भारत के इस खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। वहीं, सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

## भारत की वजह से क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में हुई वापसी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा**



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से। सुनक ने आईपीएल से आए बदलावों पर कहा, आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। महिला क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं। उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर पर जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था।

## सालुंखे से तीसरे चरण में उम्मीदें बढ़ीं

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

**तीरंदाजी विश्व कप**



पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी। महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था।

उन्होंने शुरुआती दौर में शूट-ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे-देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सालुंखे ने अपने दूसरे ही विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया, जिसमें उन्होंने प्लेऑफ में पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता फ्रांस के बापटिस्टे एडिस को मात दी। उनके लिए सबसे अलग चीज सिर्फ उनकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ उनका स्वभाव और परिपक्वता थी जिन्हें लंबे समय से इस खेल में भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। सेमीफाइनल में सर्वकालिक महान खिलाड़ी किम वूजिन के खिलाफ सालुंखे ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। लेकिन पांच सेटों के मुकाबले में निर्णायक सेट में उन्हें मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सालुंखे ने कहा, मेरा ध्यान सिर्फ पदक पर नहीं था बल्कि इस बात पर अधिक था कि मैंने जिसके लिए अभ्यास किया था, क्या मैं वह कर सकता हूं।

## बुब्लिक के बेहतर प्रदर्शन से ड्रेपर हारे

**पेरिस, एजेंसी**



कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा।

मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी से मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा।

### सेमीफाइनल में स्वियातेक व सबालेंका होंगी आमने-सामने



इगा स्वियातेक



एरिना सबालेंका

**पेरिस।** चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका से होगा। स्वियातेक ने स्वितोलिना को हराया। रोलां गैरो पर सबसे ज्यादा 29 जीत का रिकॉर्ड क्रिस एवर्ट के नाम है। सबालेंका ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा अध्यक्ष

- रूस ने की गुप्त मतदान की मांग, 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया
- 167 वोट मिले, आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने



संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा श्मिड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए श्मिड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है। सितंबर में 80वें सत्र की शुरुआत में बेयरबॉक कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग की जगह लेंगी। वह सितंबर के अंत में दुनियाभर के नेताओं की वार्षिक सभा और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करेंगी। महासभा में अध्यक्ष पद के लिए प्रति वर्ष चुनाव होते हैं। अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने के बाद बेयरबॉक ने अपने भाषण में कहा कि उनके अध्यक्ष पद का विषय बेटर टुगेदर होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया इस चुनौतीपूर्ण समय में अनिश्चितता की राह पर है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि बेयरबॉक ऐसे समय में अध्यक्ष का पद संभालेंगी, जब विश्व न केवल संघर्षों, जलवायु आपदा, गरीबी और असमानता'' का, बल्कि विभाजन और अविश्वास का भी सामना कर रहा है।

# एआई से बना रहे डीपफेक

एआई से डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल झूठी जानकारी या प्रचार करके जनता को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। डीपफेक वीडियो में किसी विश्व नेता या सेलिब्रिटी को कुछ ऐसा कहते हुए दिखाया जा सकता है जो उन्होंने नहीं कहा है, जिसे फेक न्यूज़ भी कहा जाता है जो जनता की राय बदल देता है। साइबर अपराधी डीपफेक प्रौद्योगिकी का उपयोग घोटाले, झूठे दावे और झांसे बनाने के लिए कर सकते हैं जो संगठनों को कमजोर और अस्थिर करते हैं। उदाहरण के लिए, कोई हमलावर किसी वरिष्ठ अफसर का कोई झूठा वीडियो बना सकता है जिसमें वह वित्तीय अपराध जैसे आपराधिक कृत्य को स्वीकार कर रहा हो या संगठन की गतिविधि के बारे में झूठे दावे कर रहा हो। इसे गलत साबित करने में समय और पैसा खर्च करने के अलावा, इससे व्यवसाय के ब्रांड, सार्वजनिक प्रतिष्ठा और शेयर की कीमत पर बड़ा असर पड़ सकता है।

**96%**
खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी से

**24**
घंटे के भीतर शिकायत के बाद भारत में हटाना होगा वीडियो



### ज्यादातर सेलिब्रिटी बनते हैं निशाना

- डीपफेक से होने वाला एक बड़ा खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी है, जो इंटरनेट पर 96% तक डीपफेक के लिए जिम्मेदार है। इनमें से ज्यादातर सेलिब्रिटी को निशाना बनाया जाता है। डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल बदला लेने के लिए पोर्न बनाने के लिए भी किया जाता है। नवंबर 2024 में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हआ था। इसी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एक्ट्रेस आलिया भट्ट, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के डीपफेर फोटो, वीडियो जारी हो चुके हैं।

### सांसद ने दिखाई एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर

- न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में अपनी एक एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर दिखाई। उनका मकसद लोगों को ये बताना था कि ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाना कितना आसान है और ये कितना खतरनाक हो सकता हैं। 14 मई को लॉरा ने संसद में कहा कि उन्होंने एक गूगल सर्च के जरिए मिली वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में अपनी डीपफेक तस्वीर बना ली। उन्होंने डीपफेक और एआई को नियंत्रित करने के लिए कानून की मांग की है।

### भारत में डीपफेक को लेकर नियम

- डीपफेक कंटेंट मिलते ही कोई भी एफआईआर करा सकता है। विक्टिम व उसकी तरफ से नियुक्त व्यक्ति को भी केस दर्ज कराने के अधिकार होंगे। सोशल मीडिया यूजर्स से यह शपथ लेगा कि वह डीपफेक कंटेंट नहीं डालेगा। प्लेटफॉर्म यूजर्स को इस संबंध में अलर्ट मैसेज देंगे। सहमति के बाद ही यूजर अकाउंट एक्सेस कर सकेगा। डीपफेक कंटेंट को 24 घंटे में हटाना होगा। उसका अकाउंट बंद कर सूचना दूसरे प्लेटफॉर्म को देनी होगी, ताकि अकाउंट न बना सके।

## एक नजर

### पुलिस कार्रवाई से भारतवंशी व्यक्ति की हालत नाजुक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 42 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा उसके गले पर कथित तौर पर घुटना रखने के बाद गंभीर हालत में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। पुलिस अधिकारी को लगा कि व्यक्ति घरेलू हिंसा में शामिल है, जिसके बाद उसने यह कार्रवाई की। यह घटना पिछले सप्ताह एडिलेड के पूर्वी हिस्से में रॉयस्टन पार्क के पेनहैम रोड पर हुई थी।

### पोलैंड के पीएम बोले- 11 को विश्वास मत करेंगे साबित

**वारसॉ।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है।

### तुर्किये के भूमध्यसागर तट पर 5.8 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** तुर्किये में भूमध्यसागर से सटे तटीय शहर मारमारिस में सोमवार देर रात 5 .8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण घबराकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर भागने की कोशिश करने लगे जिससे कम से कम सात लोग घायल हो गए। तुर्किये की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी डिजास्टर एंड एमरजेंसी मैनेजमेंट प्रेसीडेंसी' ने कहा कि भूकंप का केंद्र भूमध्य सागर में था और यह देर रात दो बजकर 17 मिनट पर आया।

### द. कोरिया राष्ट्रपति चुनाव में ली की जीत का अनुमान

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति चुनाव पर जारी एग्जिट पोल में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे-म्यांग की जीत का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया के तीन प्रमुख टीवी चैनलों केबीएस, एमबीसी और एसबीएस द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ली को 51 .7 फीसदी मत और कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार किम मून सू को 39 .3 फीसदी वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया में मंगलवार को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हुआ।

# असम में बाढ़ से 5.35 लाख प्रभावित प्रधानमंत्री ने मदद का दिया आश्वासन

## मोदी ने सीएम हिमंत से की बात, 20 जिलों में स्थिति गंभीर, भारी बारिश का पूर्वानुमान

गुवाहाटी, एजेंसी



असम में बाढ़ के कारण राजमार्गों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई।

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### अरुणाचल: जान गंवाने वालों की संख्या 11 हुई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में दीवार गिरने की घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। इससे राज्य में लगातार जारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 पर पहुंच गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, एक जून को भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से 38 वर्षीय भावेन मुर्मू की मौत हो गई, जबकि इस घटना में जीआरईएफ के तीन कर्मचारी घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि 23 जिलों के 156 गांवों में बाढ़ से कुल 938 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मिजोरम : पांच की मौत और 152 घर क्षतिग्रस्त

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण मकान और दीवारें ढहने से चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि इसी अवधि के दौरान बारिश के कारण 152 मकान ढह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

# भारत तभी पाकिस्तान से बात करेगा जब वह आतंक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

- सांसद थरूर ने कहा- सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत

ब्रासीलिया, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उससे बातचीत कर सकता है।

ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा, हम अपने वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह वांछित आतंकवादियों को पनाह क्यों देता है, आखिर (आतंकवादी) वे (पाकिस्तान में) सुकून से रहने, प्रशिक्षण शिविर चलाने और लोगों को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों से लैस करने तथा लोगों को अपने हथियारों और कलाश्निकोव (राइफल) का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कैसे कर पाते हैं? पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। थरूर ने कहा, आप आतंकवाद के बुनियादी ढांचे पर नकेल कसें जो आपके देश में हर जगह दिखाई देता है।



मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारत का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल।

### अरब लीग के महासचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**काहिरा।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की। ये प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। मिस्र में भारतीय दूतावास ने कहा कि बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अरब लीग के साथ भारत के व्यापक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा की। इसमें कहा गया, आतंकवाद का मुकाबला करना अरब लीग और भारत दोनों के लिए प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के एकीकृत रुख और सामूहिक दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया।

# यूक्रेन में रॉकेट हमले में तीन की मौत रूस में कीव ने पुल किया क्षतिग्रस्त

- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की

कीव, एजेंसी



रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के शहर सुमी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि मॉस्को का तीन साल से जारी युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने कहा कि उसने रूस के अंदर फिर से हमला किया है। इसके दो दिन पहले यूक्रेन ने ड्रोन के जरिये रूस के अंदर घुसकर उसके हवाई अड्डों पर भीषण हमला किया था जिसमें कई विमान नष्ट हो गए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने के एक दिन बाद उत्तर-पूर्वी शहर के केंद्र में स्थित इमारतों और एक अस्पताल पर रॉकेटों की बौछार कर दी गई।

जेलेंस्की ने कहा इस युद्ध को समाप्त करने से जुड़ी रूस की इच्छा के बारे में आपको बस इतना ही जानना चाहिए। यह स्पष्ट है कि वैश्विक दबाव के बिना, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के सभी सत्तारूढ़ लोगों की निर्णायक कार्रवाई के बिना, (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होंगे।

## भूकंप के बाद निकासी के दौरान पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी भागे

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया।

जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।

# राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे 27 लोगों की इजराइली सेना ने की हत्या

- फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गोलीबारी का लगाया आरोप

यूनिस (गाजा पट्टी), एजेंसी

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है। लेकिन इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एक दिन पहले इजराइली सुरक्षा बलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' संचालित कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कई संदिग्धों की ओर चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं, जो सैनिकों की ओर बढ़ रहे थे और उनके लिए खतरा पैदा कर रहे थे। घटना स्थल सहायता वितरण केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है। घटना तब हुई तब यह केंद्र बंद था। सेना ने इस बात से इनकार किया कि वह लोगों को सहायता वितरण स्थल पर पहुंचने से रोक रही है।



गाजा में मौत पर विलाप करती महिला।

### गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

**खान यूनिस।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में उसके तीन सैनिक मारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मार्च में हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से इजराइली सेना पर यह सबसे घातक हमला है। सेना ने बताया कि तीनों सैनिक सोमवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए। हालांकि उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी। इजराइली मीडिया ने बताया कि वे जबालिया क्षेत्र में हुए विस्फोट में मारे गए।

## सिंगापुर में भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर भारत ने की चर्चा

**पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करते दो आरोपी गिरफ्तार

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप

चंडीगढ़/ जयपुर, एजेंसी

पंजाब के तरनतारन जिले के एक व्यक्ति को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के संपर्क में भी था। वहीं, राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब के डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर, गली नजर सिंह वाली के निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। उसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी करता था जासूसी

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शकूर पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

## पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना की बर्थडे पर गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13/1 में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी 'टिकटॉक' का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है।

**सम्मेलन** अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी ने यूएसआईएसपीएफ नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण को किया संबोधित

# भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हैं : उषा वेंस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है जो कई बार उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं।

वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा, यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं और वे मेरे पास आते रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत में दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, मैं इसके बारे में व्यापक रूप से सोचती हूं।



वाशिंगटन डीसी में यूएसआईएसपीएफ के आठवें संस्करण के दौरान उषा वेंस।

### वेंस ने कहा- यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी

उषा वेंस ने कहा,लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी है और भारत में इतने सारे लोग हैं जो देश को जानते हैं और यहां के लोगों को जानते हैं जो बेहतरीन काम कर रहे हैं, बड़े अवसर प्राप्त कर रहे हैं। वेंस ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं, उपराष्ट्रपति जेडी और हमारे तीन बच्चे अप्रैल में भारत यात्रा पर गए थे, तब मैं यह देखकर हैरान रह गई थी जब कई लोगों ने मुझे बताया कि उन्हें हमारा देश कितना पसंद है, वे किस तरह अपने परिवार से मिलने आते हैं, वे किस तरह सिर्फ मौज-मस्ती के लिए आते हैं, वे भविष्य में हमारे साथ एक करीबी रिश्ता बनाने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इन व्यक्तिगत संबंधों का वास्तव में इससे कुछ लेना-देना है। नेतृत्व शिखर सम्मेलन में यूएसआईएसपीएफ ने आईबीएम के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को अमेरिका-भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2025 वैश्विक